सुप्रभात
रांची, रविवार
04.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 202



06 भाजपा के लौह पुरुष भारत रत्न एलके आडवाणी

## न्यूज डायरी

### पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल का इस्तीफा

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित (83) ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा भेज दिया है। इस्तीफे में उन्होंने लिखा है कि वह निजी कारणों से यह निर्णय ले रहे हैं।

### डोमचांच में दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**डोमचांच।** थाना क्षेत्र के मसनोडीह पंचायत क्षेत्र में बिरहोर महिला से दुष्कर्म किया गया है। जानकारी मिलने पर आरोपी संजय बिरहोर (35) पिता मंगल बिरहोर को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे आरोपी ने जंगल में दुष्कर्म किया था।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## कल नयी सरकार का फ्लोर टेस्ट हेमंत को भाग लेने की अनुमति

# चंपई बोले- जीत हमारी होगी

### सोमवार को 11 बजे से विशेष सत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में टूट-फूट की खबरों के बीच मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने भाजपा पर करारा हमला बोला और कहा कि हमारा गठबंधन अटूट है और हम 5 फरवरी को फ्लोर टेस्ट में हम सफल होंगे। हेमंत सोरेन ने विपरीत परिस्थितयों में भी झारखंड के विकास के लिए जो योजनाएं लायी, उससे हताश होकर विपक्ष ने उन्हें झूठे आरोप में फंसाया।

उन्होंने कहा, यह चार साल बहुत ही उथल-पुथल के बीच गुजरे हैं। हेमंत सोरेन सीएम पद से इस्तीफे के बाद 2 फरवरी को चंपई सोरेन ने झारखंड के नये मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार को पांच फरवरी को सदन में बहुमत साबित करने के लिए विश्वास मत हासिल करना है। राज्यपाल ने पांच फरवरी को सुबह 11 बजे चम्पाई सोरेन सरकार के विश्वास मत के लिए समय निर्धारित किया है। उधर इडी कोर्ट ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को भी फ्लोर टेस्ट में भाग लेने की अनुमति दे दी है।

**अभिभाषण से शुरू होगा विशेष सत्र :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के साथ झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र 5 फरवरी से शुरू होगा। पहले दिन अभिभाषण के बाद फ्लोर टेस्ट होगा। इसमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी हिस्सा लेंगे। ईड कोर्ट ने उन्हें विशेष सत्र में वोटिंग के दौरान हिस्सा लेने की इजाजत दे दी है। वहीं, सीएम चंपाई सोरेन ने कहा है कि वह विशेष सत्र के दौरान विश्वास मत जीतेंगे। सोमवार की सुबह 11 बजे झारखंड विधानसभा के वेश्म में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद पहले कैबिनेट में विश्वास के प्रस्ताव का उपस्थापन होगा। इसके बाद वाद-विवाद और फिर मतदान होगा। इस मतदान में महागठबंधन के सभी विधायक हिस्सा लेंगे। वहीं दूसरे दिन मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का उपस्थापन और वाद-विवाद के बाद सरकार का उत्तर दिया जायेगा।






### पांच को ही हैदराबाद से लौटेंगे सत्ताधारी दल के सभी विधायक

झारखंड में नये सीएम के रूप में चंपाई के शपथ ग्रहण के साथ ही महागठबंधन के 37 विधायक समेत कई राजनेता झारखंड से हैदराबाद को गये थे। सभी विधायक वहां लियोनिया रिजॉर्ट में ठहरे हैं। सभी विधायक फ्लोर टेस्ट के दिन ही झारखंड आयेंगे। वह सीधा एयरपोर्ट से विधानसभा जायेंगे और नयी सरकार के पक्ष में वोट करेंगे। सीएम दुमका से रांची लौट आये हैं।



### मीडिया से रूबरू नहीं होंगे हेमंत

कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि विश्वास मत में वोटिंग के पहले और बाद में हेमंत सोरेन मीडिया से रूबरू नहीं होंगे। हेमंत सोरेन द्वारा विश्वास मत में वोट देने के तुरंत बाद ही ईडी उन्हें अपने कस्टडी में ले लेगी और वापस ले जायेगी।

**विश्वास मत में मौजूद रहेंगे हेमंत :** चंपई सरकार के पांच फरवरी के विश्वास मत (फ्लोर टेस्ट) के दौरान हेमंत सोरेन को विधानसभा में उपस्थित होने की अनुमति इडी कोर्ट ने दे दी है। इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने शनिवार को दोनों पक्षों को सुनने के बाद हेमंत सोरेन को विश्वास मत के दौरान सुबह 11:00 बजे विधानसभा में उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने हेमंत सोरेन की ओर से पक्ष रखा। बहस के दौरान अदालत को बताया गया कि हेमंत सोरेन अभी इडी की न्यायिक हिरासत में हैं, इसलिए उन्हें विधानसभा सत्र में विश्वास मत के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दी जाये। अदालत ने दोनों पक्ष को सुनने के बाद हेमंत सोरेन को विधानसभा में विश्वास मत के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दे दी है। उल्लेखनीय है कि शनिवार से हेमंत सोरेन पांच दिनों के इडी के रिमांड पर हैं। इडी ने 31 जनवरी को देर रात जमीन घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया था। एक फरवरी को कोर्ट में पेश किया था। दो फरवरी को अदालत ने पांच दिन की पूछताछ के लिए इडी को इजाजत दी है।

# हमारी सरकार बनी तो देशभर में जातिगत जनगणना : राहुल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका, देवघर।** शनिवार को गोड्डा से चलकर राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा दुमका पहुंची। यहां उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में युवाओं, किसानों, आदिवासियों, दलितों के साथ अन्याय हो रहा है, इसलिए सभी को न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में हमारी सरकार आयेगी तो दएस भर में जातिगत जनगणना करायेंगे। सरैयाहाट में उन्होंने सभा में कहा कि देश में हर किसी के साथ अन्याय हुआ है। उनकी न्याय यात्रा गोड्डा से देवघर जाने के क्रम में दुमका जिला के सरैयाहाट प्रखंड क्षेत्र से होकर गुजरी। हर जगह उनके स्वागत में बड़ी संख्या में सड़कों पर लोग खड़े थे।



(शेष पेज 11 पर)

### गिरफ्तारी को चुनौती पांच को होगी सुनवाई

**रांची।** इडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देनेवाली झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर हाईकोर्ट में पांच फरवरी को सुनवाई होगी। 31 जनवरी को जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग केस में इडी ने लंबी पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। अभी वे इडी की गिरफ्त में हैं। इडी की टीम ने उन्हें पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड पर लिया है। सीएम पद पर रहते हुए किसी राजनीतिज्ञ के मनी लाउंड्रिंग के आरोप में गिरफ्तारी की देश की यह पहली घटना है।

# एलके आडवाणी को मिलेगा भारत रत्न

## खबर साझा कर मोदी बोले-मेरे लिए भावुक क्षण

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिग्गज भाजपा नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से नवाजा जायेगा। खुद पीएम मोदी ने ट्वीट कर ये जानकारी साझा की है। पीएम ने कहा, उन्हें ये साझा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया जायेगा।

पीएम ने कहा, मैंने उनसे बात की और उन्हें बधाई दी। आडवाणी हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक हैं और भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। शनिवार को राष्ट्रपति सचिवालय ने उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की।



(शेष पेज 11 पर)




# इडी और सीबीआइ के सहारे भाजपा कर रही थी सरकार की चोरी, हमने इसे रोका : राहुल

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का गोड्डा में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/ गोड्डा।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का काफिला शनिवार सुबह पाकुड़ के लिप्तीपाड़ा से सुंदरमोड़ होते हुए गोड्डा की सीमा में प्रवेश किया। यहां पर कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव एवं कांग्रेस युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव विकास सिंह की अगुवाई में सरकंडा चौक पर सैकड़ो नेताओं एवं कार्यकर्त्ताओं ने अपने चहेते नेता राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया। सड़क के किनारे खड़े लोगों पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। राहुल गांधी ने भी हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। वहीं राहुल गांधी के साथ कांग्रेस नेता जयराम रमेश के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के साथ मौजूद रहे। इस दौरान सरकंडा चौक पर आमलोगों को संबांधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ईडी व सीबीआई के सहारे सरकार की चोरी करना चाह रही थी, जिसे हमने रोका। उन्होंने कहा कि झारखंड में नरेंद्र मोदी ने सरकार की चोरी का प्रयास किया, जिसे हम सबने मिलकर उनके प्रयास को विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, जिसमें ईडी, सीबीआई, आईटी समेत अन्य एजेंसी शामिल है। वहीं उन्हें कई मीडिया संस्थानों पर भी निशाना साधा और कहा कि इनके आका अडाणी हैं और उनके इशारे पर वो काम कर रहे है।

राहुल गांधी ने अडाणी व अंबानी को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि किसानों का ऋण माफ नहीं होता लेकिन 1700 करोड़ उद्योगपतियों के ऋण माफ हो जाते हैं। इस दौरान बीच-बीच में राहुल गांधी ने आम लोगों से भी बात करते रहे। उन्होंने कभी किसान तो कभी युवा तो कभी महिलाओं से बातचीत कर उनकी राय जानी। राहुल गांधी ने गोड्डा की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने तो बिना कुछ कहे ही मोहब्बत की दुकान खोल दी है, अब वक्त है आगामी चुनाव में नफरत करने वालों को देश की गद्दी से हटाया जाए।



### राहुल ने पत्रकार बन मीडिया पर तंज कसते हुए आम लोगों से पूछे सवाल

झारखंड के गोड्डा जिले में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक तरफ जहां राहुल गांधी ने मीडिया पर हमला बोला और उसे अडानी और बीजेपी का तंत्र बताया। वहीं दूसरी तरफ वे खुद रिपोर्टर की भूमिका में आ गये और आम लोगों से सवाल पूछने लगे। उन्होंने एक महिला से पूछा कि आप महिला हैं बताइए आपको किस तरह की परेशानी है? आप केंद्र सरकार की नीतियों से कितनी खुश हैं?

### युवाओं से पूछे रोजगार से जुड़े सवाल

वहीं युवाओं से राहुल गांधी ने पूछा कि उन्हें रोजगार मिला या नहीं? उनके सवाल पर फिर युवाओं ने अपने विचार व्यक्त किये। राहुल गांधी यहीं नहीं रुके, उन्होंने आम लोगों से महंगाई पर सवाल पूछे, साथ ही अडानी और अंबानी से जुड़े सवाल भी पूछे। गौरतलब है कि गोड्डा में अडाणी पावर प्लांट है। आरोप है कि उत्पादित बिजली बांग्लादेश जाती है। जब उन्होंने लोगों से पूछा तो लोगों ने कहा कि इससे स्थानीय लोगों को कोई फायदा नहीं हुआ है।

### किसानों की भी सुनीं समस्याएं

इसके बाद उन्होंने किसानों से उनकी समस्याएं भी सुनीं। किसानों ने कहा कि उन्हें उनकी फसलों का दाम नहीं मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वे कर्ज के बोझ तले दबे हैं और कर्ज माफ किया जाना चाहिए। ऐसे में राहुल गांधी ने भीड़ से अपील की कि वे उनके सामने आकर अपनी समस्याएं रखें और सीधे बात भी करें।

## आडवाणी जी को भारत रत्न देना स्वागत योग: राजेन्द्र

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद व मोर्चा के सलाहकार क्षितीश कुमार राय ने पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत किया है और उन्हें बधाई दी है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है। श्री प्रसाद ने कहा की आडवाणी जी जैसी गंभीर ,सरल और ईमानदार नेता बहुत कम होते हैं। प्रसाद ने बताया कि श्री आडवाणी, जब प्रतिपक्ष के नेता थे ,तो वे मूलवासी सदान मोर्चा के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ उनसे दिल्ली में मिले थे ।

## आदिवासीयों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर पुतला दहन

**रांची।** आदिवासीयों को सार्वजनिक रूप से देश के जाने-माने हिंदी न्यूज चैनल के पत्रकार के द्वारा अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में शनिवार को आदिवासी सामाजिक संगठनों के द्वारा परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक पर पुतला दहन किया गयाऔर माँग की गई है कि, इस असंस्कारी और अमानवीय पत्रकार को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए । अन्यथा इस अन्याय के खिलाफ आदिवासी अपने ग्रामसभा स्तर में करवाई करेगा तथा पत्रकार और उसकी इस अकड़ के पीछे की ताकत का मुँहतोड़ जवाब देंगे ।जो लोग भी इस पत्रकार के संरक्षक, समर्थक या मालिक हैं, सबके खिलाफ बायकॉट की मुहिम चलाई जाएगी। इस मौके पर आदिवासी महानगर अध्यक्ष अजित लकड़ा, केन्द्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप, महासचिव अलविन लकड़ा, मीडिया प्रभारी विकास तिर्की, वनोद, प्रतीक, आकाश, अरपना, सोनी इत्यादि उपस्थित थे ।

## एनसीसीएफ अपनी कार्यशैली सुधारे, नहीं तो अनिश्चितकालीन तालाबंदी : अभिषेक शुक्ला

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा से मुलाकात कर उन्हें मारवाड़ी कॉलेज में छात्र-छात्राओं के साथ उत्पन्न हुई समस्याओं से अवगत कराया। कहा गया कि मारवाड़ी महाविद्यालय पीजी सत्र 22-24 सेमेस्टर-2 में लगभग एक दर्जन छात्र-छात्राओं को इंटरनल सेम-2 की परीक्षा में अनुपस्थित दिखाकर फेल कर दिया गया है, जबकि उन छात्रों ने इंटरनल एग्जाम दिया है। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन एवं आउटसोर्सिंग कंपनी की ओर से इतनी बड़ी गलती कैसे हो सकती है ? हर एक परीक्षा के बाद इस तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है और छात्र-छात्राओं को परेशान किया जा रहा है। अभी तक उन छात्र छात्राओं का सेकेंड ईयर में नामांकन नहीं हुआ है। कॉलेज प्रशासन उन्हें विश्वविद्यालय प्रशासन भेज देता है। विश्वविद्यालय प्रशासन उन्हें कॉलेज प्रशासन से बात करने को कहता है। अभिषेक शुक्ला ने कहा की अगर 7 दिनों में छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम में सुधार कर सेकंड ईयर में नामांकन और सेमेस्टर 3 का फॉर्म विश्वविद्यालय द्वारा नहीं भराया गया तो छात्र आजसू के सदस्य विश्वविद्यालय की आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ में बेमियादी तालेबंदी करेगी। मौके पर मौजूद परीक्षा नियंत्रक डॉ झा ने कहा कि परीक्षा फल मे जल्द ही सुधार कर दिया जाएगा। साथ ही वह सेकेंड ईयर में दाखिला और थर्ड सेमेस्टर का फॉर्म भर सकेंगे। मौके पर बिपिन यादव, राहुल कुमार , मनजीत, प्रियांशु, विशाल कुमार यादव, अमित तिर्की,साहिल कुमार, मनोज कुमार, प्रेम कुमार, पूजा कुमारी, के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

## भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने रांची पहुंचे कांग्रेस ओबीसी के चेयरमैन अजय सिंह यादव



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में चल रहे राहुल गांधी का भारत जोड़ों न्याय यात्रा में भाग लेने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय चैयरमैन कैप्टन अजय सिंह यादव दिल्ली से रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अभिलाष साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर अभिलाष साहू ने बताया कि ओबीसी के राष्ट्रीय चैयरमैन कैप्टन अजय सिंह यादव धनबाद से राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। रांची एयरपोर्ट में रांची जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के अध्यक्ष प्रदीप साहू, महानगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीपक कुमार, प्रदेश प्रवक्ता परवेज आलम, कार्यालय प्रभारी राजेश चंद्र राजू, राजेश वर्मा, हरिशंकर जी, कमलेश वेद साथ सैकड़ो ओबीसी कार्यकर्ता शामिल थे।

## इंडिया गठबंधन की बैठक में न्याय यात्रा को एतिहासिक बनाने का निर्णय

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** इंडिया गठबंधन की बैठक शनिवार को सीपीआइ राज्य कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से 5 फरवरी को रांची के शहीद मैदान में राहुल गांधी की न्याय यात्रा में आयोजित जनसभा को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। सभी दल के लोगों ने एक स्वर में कहा कि रांची के एचईसी में जनसैलाब उमड़ेगा। सभी दल इस न्याय यात्रा में अपनी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेंगे। बैठक में इस दौरान राज्य के अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि एचईसी को बचाने के सवाल को प्राथमिकता से इस जनसभा में राहुल गांधी से उठाने की मांग करेंगे। इस मुद्दे को इंडिया गठबंधन जन आंदोलन का रूप देगी। पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि यह न्याय यात्रा मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण पूरे देश में जागरुकता के लिए की जा रही है। नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। न्याय यात्रा से सभी वर्ग को न्याय मिले इसके लिए प्रयास करना है। यात्रा का उद्देश्य इस देश में मंहगाई, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों को जागरूक कर आनेवाले चुनाव में केंद्र की मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए गोलबंदी करना है। यात्रा के दौरान एचईसी को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के लोग राहुल गांधी को मेमोरेंडम सौंपेंगे। बैठक में कांग्रेस से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, सीपीआई से पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, झामुमो के मुस्ताक आलम, कलाम आजाद, एस के देओल ऊर्फ बटर सिंह, राजद के रंजन यादव, कैलाश यादव, टीएमसी के जेपी साहू,आप के अविनाश कुमार, संतोष रजक, सीपीआई के अशोक यादव, बाबूलाल झा ,सीपीएम के सुखनाथ लोहरा, बिरेंद्र कुमार,अमल आजाद, माले के जगरनाथ उरांव ,आलोका कुजूर कांग्रेस के योगेंद्र सिंह बेनी एवम अजय सिंह मुख्य रूप से शामिल थे।

# सामाजिक राजनीतिक जवाबदेही को निभायें कार्यकर्ता व अवाम के लिए हो समर्पित : सुदेश

**तमाड़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित**

- नेतृत्व का आभाव से घोर निराशा में है जनता
- राजनीतिक भटकाव को पटरी पर लाना है

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में जवाबदेही से काम नहीं होने की वजह से यहां के लोग हताश और परेशान हैं। जवाबदेही तय करने के लिए जनता के बीच रहकर उनके हित और अधिकार के लिए काम करने वाला जनप्रतिनिधि चाहिए जिसके अंदर काम करने की भूख हो। लोग अपनी आवशकता के अनुसार राजनीति करते हैं। उन्हें अपने कर्तव्य का बोध ही नहीं है जबकि आजसू पार्टी जवाबदेह राजनीति करती है। नेतृत्व का आभाव से घोर निराशा में है जनता। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पॉलीटेक्निक कॉलेज, बुंडू में आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। इस बैठक में पार्टी के भावी कार्यक्रमों और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि बुंडू के लोग हॉस्पिटल के लिए लड़ रहे हैं। अस्पताल सुचारू रूप से चले इसके लिए भूख हड़ताल पर बैठना पड़ता है। तब अस्पताल शुरू होता है लेकिन कुछ ही दिनों में फिर से ताला लग जाता है। इसकी यहां कोई चिंता करने वाला नहीं है। अब क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं ने राजनीतिक बदलाव लाने की तैयारी कर ली है। मौके पर उपस्थित सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जनता की आवश्यकता के अनुसार कार्य करना ही हमारा ध्येय है। पार्टी का हरेक कार्यकर्ता को लीडर की भूमिका में आना होगा। सामाजिक राजनीतिक जवाबदेही को निभाए कार्यकर्ता और अवाम के लिए हो समर्पित। हम सभी को मिलकर राजनीतिक भटकाव को पटरी पर लाना है। उन्होंने ने कहा कि सबसे अधिक ग्राम सभा को मजबूती देने की आवश्यकता है। सशक्त ग्राम सभा ही सशक्त ग्रामीण विकास का आधार है।

प्रखंड के अधिकारी ग्राम सभा के निर्णयों को लागू नहीं करते हैं। इस स्थिति को बदलने के लिए हमें काम करना है। जनता से झूठे वादे करने वाले लोग आज सत्ता पर बैठे हैं। इन्होंने राज्य के आज और कल दोनों का नुकसान किया है। आज विद्यालय सिर्फ खुले हुए हैं लेकिन शिक्षकों की कमी के चलते पढ़ाई नहीं हो पा रही है। राज्य में गैर जवाबदेह व्यवस्था हावी है।

मौके पर सरोजनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरपर्सन एम. एस शेखर राव और डिंबूजर्दा पंचायत समिति सदस्य विनोद सिंह मुंडा सहित कई युवाओं ने पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, महासचिव डॉ मुकुंद चंद मेहता, रवि शंकर मौर्य, परमेश्वरी सांडिल, विजय सिंह मानकी, रामदुर्लव सिंह मुंडा, मंजू देवी, संजय महतो, श्याम महतो, केशव चंद्र महतो, सुनील जायसवाल, राजकिशोर कुशवाहा, दिलीप साहू सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### राज्य में कल से फिर बारिश की संभावना

**रांची।** राज्य में एक बार फिर से बारिश होने की संभावना है। वहीं, सुबह शाम होने वाले कोहरे से भी अभी राहत नहीं मिलने वाली है। इस संबंध में मौसम विज्ञान केंद्र ने जानकारी दी है। केंद्र की मानें तो आने वाले समय में एक बार फिर से मौसम बदलाव होगा। ऐसे में लोगों को अभी ठंड से राहत नहीं मिलने वाली है। केंद्र की मानें तो पांच से सात फरवरी के बीच राज्य में एक बार फिर से बारिश होगी। इस दौरान राज्य में पि्मी विक्षोभ का असर देखा जायेगा। जिससे राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर पूर्वी भागों में बारिश की संभावना है। पांच फरवरी को राज्य के उत्तरी भागों में बारिश की बात कही गयी है। बारिश के साथ उत्तरी हिस्से में गर्जन की भी संभावना है। इसमें देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, पाकुड़, गोड्डा जिले में बारिश की संभावना है, जबकि छह फरवरी को राज्य के दक्षिणी और मध्य भागों में बारिश की संभावना है। इसमें सरायकेला खरसावां, सिमडेगा, जमशेदपुर, चाईबासा, रांची, बोकारो, धनबाद, रामगढ़, खूंटी जिले में बारिश की संभावना है। सात फरवरी को राज्य में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। कोहरा का असर भी देखा जायेगा। वहीं चार फरवरी को राज्य का मौसम खुला रहेगा। वहीं, दस फरवरी तक सुबह और शाम के वक्त कोहरा या धुंध का असर देखा जायेगा। केंद्र की मानें तो पांच फरवरी से राज्य के तापमान में एक बार फिर से वृद्धि दर्ज की जायेगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक की वृद्धि होगी। सात फरवरी के बाद न्यूनतम तापमान में चार डिग्री तक की गिरावट होने की संभावना है।

### तीन साल से एक ही जिले में पदस्थापित 25 सार्जेंट मेजर और 48 मेजर का तबादला

**रांची।** तीन साल से एक ही जिले में पदस्थापित 25 सार्जेंट मेजर और 48 मेजर का पुलिस मुख्यालय ने तबादला कर दिया है। इससे संबंधित अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी गई है। पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर यह तबादला किया गया है। साथ ही जिले के एसपी को निर्देश दिया गया है कि जिन सार्जेंट मेजर और मेजर का तबादला हुआ है, उन्हें विरमित करते हुए पुलिस मुख्यालय को प्रतिवेदन भेजना सुनि्ित करेंगे।

### नये मुख्यमंत्री झारखंडी अस्मिता एवं जन सरोकार के मुद्दे पर हों गंभीर : डॉ लंबोदर महतो

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह विधायक डॉ लंबोदर महतो ने चंपई सोरेन को राज्य के 12वें मुख्यमंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने नए मुख्यमंत्री से झारखंडी अस्मिता, विकास से जुड़े सवाल एवं जन सरोकार के मुद्दे पर गंभीर बने रहने की अपेक्षा जताई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खतियान आधारित स्थानीय नीति, जातीय जनगणना, पिछड़ों का आरक्षण आदि विषयों पर सकारात्मक रुख अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम यह आशा करते हैं कि मुख्यमंत्री जनहित व राज्य हित में बेहतर काम कर अपनी एक अलग छवि बनाने में सफल हो सकेंगे।

### हाइकोर्ट ने सरकार से पूछा , स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना निर्माण क्यों रोका

**रांची।** स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना साल 2020 से बंद है। सरकार अब तक उस परियोजना में 6 .5 हजार करोड़ खर्च कर चुकी है। ऐसे में प्रार्थी संतोष कुमार सोनी ने झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर परियोजना को अविलंब पूरा करने का आग्रह किया है। जिसपर हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और जल संसाधन विभाग से पूछा है कि कार्य को किस प्रकार से बाधित किया गया है। मामले की अगली सुनवाई 6 मार्च को होगी। **सिंचित जमीन के निर्माण के साथ पर्यटन और रोजगार भी होंगे सृजित** : प्रार्थी की ओर से दायर याचिका में कहा है कि इस परियोजना से न सिर्फ कृषि के लिए सिंचित जमीन का निर्माण होगा, बल्कि पर्यटन और लोगों के रोजगार भी सृजित होंगे। क्योंकि यह एक बड़ी परियोजना है और इसे बिना कारण बताये बंद कर दिया गया। इसका निर्माण पूरा किया जाना चाहिए। आगे लिखा है कि स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के लिए वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, उड़ीसा और प्ि बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता भी हुआ है।

### नगर निकाय चुनाव की तिथि घोषित नहीं करने पर अवमानना याचिका दायर

**रांची।** नगर निकाय चुनाव मामले में हाईकोर्ट का आदेश नहीं मानने पर अवमानना याचिका दायर की गयी है। निकाय चुनाव कराने के लिए याचिका दायर करने वाले निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो व अन्य ने अवमानना के साथ कैविएट भी फाइल की है। कहा है कि अदालत ने चार जनवरी को सरकार को तीन हफ्ते में चुनाव तिथि घोषित करने के आदेश दिए थे, लेकिन सरकार ने इसका पालन नहीं किया। कोर्ट से प्रतिवादियों पर अवमानना की कार्यवाही करने का आग्रह किया गया है ।एकलपीठ के आदेश के खिलाफ सरकार ने खंडपीठ में अपील की है। सरकार ने कहा है कि राज्य पिछड़ा आयोग पिछड़ी जातियों का आकलन कर रिपोर्ट सौंपेगा। उसी आधार पर चुनाव होगा। सरकार ने खंडपीठ से एकलपीठ के आदेश पर तत्काल रोक लगाने और आदेश रद्द करने का आग्रह किया है। सरकार की अपील याचिका दायर करने के बाद प्रार्थियों ने कैविएट भी दायर किया है और अदालत से सरकार की अपील याचिका पर सुनवाई के दौरान उसका पक्ष भी सुनने का आग्रह किया है। सरकार पर चुनाव टालने के लिए अपील दायर करने का आरोप प्रार्थी ने लगाया है।

### पीएलएफआई उग्रवादी संगठन ने किया कमिटी विस्तार, मार्टिन केरकेट्टा को बनाया अध्यक्ष

**रांची।** पीएलएफआई उग्रवादी संगठन ने अपना कमिटी विस्तार किया है. पीएलएफआई ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि एक फरवरी को सारंडा जंगल में कृष्णा यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें पार्टी स्तरीय चर्चा हुई और सबको प्रभाव दिया गया. मार्टिन केरकेप्ता को पार्टी अध्यक्ष और दुर्गा सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा कृष्णा यादव, जयप्रकाश यादव, महादेव मुंडा, अमृत होरो, अमर सिंह, संतोष यादव, कमल पाहन, कृष्णा हांसदा, जोन मुंडा, शंकर मरांडी, कामदेव पासवान, नासिर अंसारी, संतोष उरांव अरविंद घोष, शंकर महाकुंड और महेश प्रजापति को केंद्रीय कमेटी का सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा कृष्ण यादव को झारखंड, महेश प्रजापति और अरविंद घोष को बंगाल, संतोष यादव और भगत उरांव को छत्तीसगढ़, शंकर मुंडा को ओडिशा, जयप्रकाश यादव को बिहार और मुखिया जी को असम का स्टेट कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

### लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा पर सीपी सिंह ने दी बधाई

रांची। स्थानीय विधायक सीप सिंह ने कहा कि भारतीय राजनीति के शिखर पुरूष, प्रखर राष्ट्रवादी एवं करोड़ों लोगों के प्रेरणास्त्रोत पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा अत्यंत सुखद और आनंददाई है। 8 नवंबर, 1927 को जन्मे लालकृष्ण आडवाणी संघर्ष और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की यात्रा पर निकल पड़े। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ उनका जुड़ाव 1942 से है, जो राष्ट्रप्रथम के प्रति उनकी प्रारंभिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जनसंघ के साथ आडवाणी का जुड़ाव 1951 में शुरू हुआ और पार्टी के लिए उनके अथक प्रयासों ने 1980 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नींव रखी। उनकी पहली चुनावी जीत 1970 में हुई जब वह राज्यसभा के लिए चुने गए। उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण 1990 में अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण के लिए ऐतिहासिक रथ यात्रा थी। इस आंदोलन ने न केवल उनके नेतृत्व कौशल को प्रदर्शित किया, बल्कि हमारे सांस्कृतिक लोकाचार में गहराई से निहित सिद्धांतों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया। श्री आडवाणी ने पहली बार 1986 में भाजपा अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इसके बाद वे वर्ष 1993 और 2004 में भी पार्टी के प्रमुख बने। श्री आडवाणी 5 बार लोकसभा और 4 बार राज्यसभा सांसद रहे। अपने इस व्यापक सार्वजनिक जीवन के दौरान उन्होंने भारत की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और राष्ट्र निर्माण के लिए विभिन्न क्षमताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# राहुल की यात्रा के दौरान रांची में सख्त रहेगी सुरक्षा

## सीआरपीएफ व अन्य एजेंसियों से समन्वय बनाने का निर्देश, उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की बैठक

### 05 फरवरी को रांची में है राहुल गांधी का दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वायनाड के सांसद राहुल गांधी के पांच फरवरी को रांची दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सख्त रहेगी। सुरक्षा और अन्य इंतजाम को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय में बैठक हुई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने रांची में राहुल गांधी के भ्रमण एवं अन्य कार्यक्रम को लेकर सभी



निदेर्शों का पालन करने को कहा। बिजली, पानी, शौचालय, फूड सेफ्टी, सुरक्षा की सभी व्यवस्था, सेफ हाउस, वैकल्पिक मार्ग, कार्केट और टीम के लिए गाड़ी, एंबुलेंस व्यवस्था एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश संबंधित सभी अधिकारियों को दिया।

वीआईपी मूवमेंट के सुरक्षा मानदंडों का पालन करते हुए सुरक्षा के हर पहलू को सुनिश्चित करने के लिए सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच प्रभावी ढंग से समन्वय करने का निर्देश दिए। समय-समय पर जारी गृह मंत्रालय के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप सख्त सुरक्षा व्यवस्था कराने को कहा।

बैठक में अधिकारियों और कार्यक्रम स्थानों के अधिकार क्षेत्र में टीमों के लिए परिवहन, बोर्डिंग और आवास व्यवस्था की व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया। एएसएल मीटिंग और संरक्षित व्यक्तियों के आगमन से पहले सभी स्थानों पर मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी यात्रा स्थलों, समारोह स्थलों और ठहरने के स्थानों पर सुरक्षा का निर्देश दिया गया। बैठक में सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट, ग्रामीण एसपी, एसडीओ, एडीएम (विधि व्यवस्था) एनडीसी, भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक विद्युत अभियंता, फायर सर्विस अधिकारी, एसीएमओ, रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष, जेवीएनएल के कार्यपालक अभियंता, स्पेशल ब्रांच और अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

### मौलाना आजाद कालेज परिसर में कंप्यूटर सेक्शन का उद्घाटन

**रांची।** मौलाना आजाद कालेज परिसर में कम्प्यूटर सेकशन का उदघाटन शनिवार को कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोख्तार अहमद और कालेज प्रबंधन समिति के सचिव इम्तेयाज अली ने संयुक्त रूप से किया । इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा० परवेज अहमद, कालेज इंटर सेक्सन के इंचार्ज डा० ओबैदुल्लाह कासमी, इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ ० इलियास मजीद, प्रो महमूद आलम, डॉ अशरफ हुसैन,डॉ अनवर अली, डॉ मालती शर्मा, बाबु परवेज अहमद, सहायक पी आलम, हैदर, नईम, अशफाक, समीउल्लाह, सनाउल्लाह सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं और शिक्षक शिक्षेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## रिमांड के दौरान रात में हेमंत को होटवार जेल में रखने की नहीं मिली अनुमति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 5 दिन की रिमांड की अवधि में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से दिन में पूछताछ के बाद रात में बिरसा मुंडा जेल, होटवार में रखने के आग्रह को ईडी कोर्ट ने नहीं माना। रिमांड की अवधि में हेमंत सोरेन की पूरी कस्टडी ईडी की रहेगी। कोर्ट में हेमंत सोरेन के महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेमंत सोरेन से दिन में पूछताछ के बाद रात में बिरसा मुंडा जेल, होटवार में रखने की अनुमति मांगी गई थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने हेमंत सोरेन के अधिवक्ता, संबंधी एवं पत्नी को रिमांड अवधि में आधे घंटे मिलने की अनुमति दी है।

इससे पहले शुक्रवार को इस मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो जाने के बाद ईडी कोर्ट ने मामला में फैसला सुरक्षित रखा था। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। ईडी की ओर से हाइकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पक्ष रखा था।

ईडी की ओर से कहा गया कि रिमांड में दो तरह की कस्टडी होती है, आधी-आधी कस्टडी नहीं होती है। या तो हेमंत सोरेन को न्यायिक हिरासत में जेल में रखा जाये या रिमांड के दौरान उनसे पूछताछ के लिए इसका पूरा कंट्रोल दिया जाये। किसी से अनुसंधान में क्या पूछना है और कब तक पूछना है यह कोई और तय नहीं कर सकता है?

## हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के 72 घंटे बाद भी धाराओं की जानकारी नहीं, हम जल्द जारी करेंगे श्वेत पत्र : सुप्रियो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमीन घोटाले में पार्टी के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि सभी लोग यही बोल रहे हैं कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। इसकी परिकल्पना हम लोगों ने 29 दिसंबर से सोच रहे थे। सरकार का गठन होने के बाद से ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा था। इनकी सीधी सोच है कि सरकार बनाओ। जनता ने समर्थन दिया तो ठीक, नहीं तो परेशान करके सरकार गिरा दो और फिर सरकार बना लो। इसके उदाहरण में कई राज्य हैं। गिरफ्तारी के 72 घंटे हो जाने के बाद भी धाराओं की जानकारी नहीं हुई है। किस जुर्म में



गिरफ़्तार किया गया। इसका कोई आधार अभी तक निकल कर सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि सीएम के इस्तीफा देने के बाद कार्यवाहक मुख्यमंत्री का चयन क्यों नहीं किया गया। यह जमीन आंदोलनकारियों की है। राज्यपाल से हम लोगों ने कहा कि कार्यपालिका का कोई अधिकारी नहीं है। लेकिन फिर भी मौन रहे। जब लोगों में आक्रोश देखा तब बीजेपी को सांप सूंघ गया और रात में बुला कर सरकार बनने का न्यौता दिया गया। राज्यपाल ने किस आधार पर बहुमत सिद्ध करने को कहा। किस चीज का विश्वास मत साबित करने की बात कर रहे हैं. राज्यपाल महोदय जितनी संख्या हमारी पहले थी अभी भी हमारे पास है। 47 विधायक अब भी हैं। पार्टी जल्द ही श्वेत पत्र जारी करेगी और बताने का कम करेगी कि कैसे गैरकानूनी तरीके से राजनीतिक तरीके से परेशान किया गया है।

# राष्ट्र स्तरीय आर्यभट्ट गणित चैलेंज प्रतियोगिता में डीएवी हेहल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,के तीन विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की 'आर्यभप्त गणित चैलेंज-2023-24' प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विशेष उपलब्धि अर्जित की है। विद्यालय के अक्षज वर्मा कक्षा नवमीं एवं कक्षा दसवीं के अरण्य पाठक व नैतिक राज ने दो चरणों में आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा में पटना परिक्षेत्र के अन्तर्गत सर्वश्रेष्ठ 100 विद्यार्थियों में अपना स्थान सुरक्षित किया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के पहले चरण में देशभर के 5050 सीबीएसई



विद्यालयों से पाँच लाख पचास हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें 8590 विद्यार्थी दूसरे चरण हेतु चयनित हुए।

दूसरे चरण की परीक्षा के पश्चात प्रत्येक जोन से सर्वश्रेष्ठ100 सफल प्रतिभागियों की सूची जारी की गई। जिसमें डीएवी हेहल के तीन छात्रों ने इस उपलब्धि को हासिल किया। विद्यालय के प्राचार्य एस० के० मिश्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अभिभावकों-शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि छात्रों का यह अभूतपूर्व प्रदर्शन समस्त डीएवी हेहल परिवार के लिए अतिशय गर्व का क्षण है।

**भगवान बिरसा जैविक उद्यान' का भ्रमण किया :** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल हेहल,कक्षा पाँचवीं के लगभग 250 विद्यार्थियों के लिए एक्सपिरियनसियल लर्निंग( अनुभवात्मक शिक्षा के तहत 'भगवान बिरसा जैविक उद्यान', ओरमांझी का भ्रमण कराया। विद्यार्थियों ने वन्य प्राणियों( पशु-पक्षियों) की जीवनशैली, प्रजातियों को देखकर आनन्द प्राप्त किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में प्राथमिक प्रकोष्ठ की प्रभारी अनुराधा सिंह,खेल शिक्षक एस.एम.अजीम, अनुपमा रानी,नीतू कमल,संजय पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## छात्र नेता रौशन ने झामुमो छात्र मोर्चा का दामन थामा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रेम नगर कांके के युवा समाजसेवी छात्र नेता रौशन गाड़ी ,शनिवार को झारखण्ड छात्र मोर्चा का दामन थाम लिया। इस मौके पर झारखण्ड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय समिति के अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू,कोषाध्यक्ष राहुल मुंडा, संगठन सचिव इरफान खान, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान, उपाध्यक्ष अमन ठाकुर व डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा उपस्तिथि थे। मौके पर रांची विवि अध्यक्ष अमन तिवारी ने कहा कि हमारे सर्वमान्य नेता हेमंत सोरेन की कार्यशैली से प्रभावित होकर यहां के आदिवासी मूलवासी युवा वर्ग झामुमो में जुड़ रहा है।

## विश्व हिंदू परिषद ने रतन देवी को दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू की माता रतन देवी का हृदय गति रुकने के कारण 30 जनवरी को आकस्मिक देहांत हो गया था। शनिवार को उनका अस्ति कलश को पूर्वाहन 8:30 बजे बनारस स्थित गंगा नदी में पुत्र रामवृक्ष साहू, प्रकाश प्रसाद साहू, शिव प्रसाद साहू, पुत्रवधू बबीता देवी, पोता दीपक साहु, भतीजा सुंदरलाल साहू एवं देवर दिनेश साहू ने विसर्जित किया। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू के बड़ागाई, रांची स्थित आवास में आकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं प्रांत मंत्री के पिता मदन साहू सहित परिवार के सभी सदस्यों को संतावना दिया। विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे, पटना क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद कुमार, चेन्नई क्षेत्र संगठन मंत्री आकारपू केशव राजू, प्रांत संघचालक सच्चिदानंद अग्रवाल, क्षेत्र संघचालक देवव्रत पहान, राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने भी दूरभाष से गहरी शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए



भगवान से प्रार्थना की। इनके अलावा रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, महानगर मंत्री चंद्रदीप दुबे, रांची विभाग मंत्री किशुन झा, दिवाकर मिश्रा, गोपाल पारीक, रवि शंकर राय, सतीश पांडेय, धर्म प्रसार के प्रांत प्रमुख संजय चौरसिया सहित कई गणमान्य लोगों ने बड़ागाई स्थित आवास आकर परिवार वालों को संतावना दिए।

## सीएमपीडीआई के बढ़ते कदम से बच्चों को विकलांगता से मिलेगी मुक्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रांची स्थित रिम्स में बढ़ते कदम : झारखंड राज्य के बच्चों में क्लबफुट से विकलांगता का उन्मूलन, परियोजना का शुभारंभ शनिवार को किया। यह सीएमपीडीआई की फ्लैगशिप सीएसआर पहल है। परियोजना का शुभारंभ करने के बाद सीएमडी ने रिम्स में लाभार्थियों से बातचीत की। ज्ञात हो कि सीएमपीडीआई (मुख्यालय) ने 24 जनवरी, 2024 को सीएसआर के तहत इस परियोजना के लिए क्योर इंडिया फाउंडेशन (नई दिल्ली) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर



किया था। सीएमपीडीआई द्वारा इस परियोजना पर वित्त वर्ष 2023-27 तक 93 लाख रुपये की निधि पोषित की जाएगी। झारखंड स्थित रिम्स (रांची), जिला अस्पताल (रांची), बोकारो जनरल अस्पताल (बोकारो), पाटलीपुत्र मेडिकल कालेज और अस्पताल (धनबाद), हजारीबाग मेडिकल कालेज एवं अस्पताल (हजारीबाग), पलामू मेडिकल कालेज एवं अस्पताल (मेदिनीनगर), जिला अस्पताल (चाईबासा) और एम्स (देवघर) जैसे सरकारी अस्पतालों में क्लबफुट रोगियों का उपचार किया जाएगा। सीएमपीडीआई द्वारा झारखंड में 500 बच्चों के इलाज और क्लबफुट के उन्मूलन में सहायता के लिए शुरू की गई अपनी तरह की यह पहली परियोजना है। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सरना धर्म कॉलम की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर एकजुटता दिखयेगें देश भर के आदिवासी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय आदिवासी इंडीजीनस धर्म सामान्य समिति भारत ने शनिवार को सरना भवन में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि पूरे देश के आदिवासी समाज के लिए अपनी आस्था एवं पहचान को बचाने के लिए जनगणना प्रपत्र में एक अलग धर्म कॉलम, ट्राइबल कॉलम की मांग को लेकर आगामी 15 फरवरी को जंतर मंतर दिल्ली में अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर एकजुटता दिखायी जाएगी। इस कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों से आदिवासी समुदाय उपस्थित होंगे। वहीं



कहा गया कि 5 फरवरी को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का आगमन झारखंड की राजधानी रांची में होने जा रहा है। जिसमें झारखंड के तमाम आदिवासियों के तरफ से अपनी आस्था एवं पहचान को बचाने के लिए अपनी मांग जनगणना प्रपत्र में ट्राइबल धर्म कॉलम को अंकित करने के लिए राहुल गांधी के समक्ष रखेगी। आज के समय में समस्त आदिवासी समाज को राहुल गांधी से बहुत ही उम्मीदें हैं। मालूम हो कि राहुल गांधी ने अपने विचारों में आदिवासियों को इस देश का मूल मालिक कहा है। इस स्थिति में राहुल गांधी के कार्यक्रम में झारखंड के तमाम आदिवासी समाज के अगुआ एवं सदस्य अधिक से अधिक संख्या में अपने पारंपरिक वेशभूषा में राहुल गांधी को अपनी मांगों से अवगत कराएंगे। साथ ही जैक के द्वारा छात्रवृत्ति के फॉर्म में जो अन्य धर्म का कॉलम को हटा दिया गया उसका भी विरोध किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य संयोजक अरविंद उरांव, सह संयोजक राजकुमार कुंजाम, निरंजना हेरेंज टोप्पो, रामकेश मीणा, एल एम उरांव, बाबुलाल महली, अरविंद करमाली, रमेशचंद्र उरांव, अंजु तिर्की, बिरसा कच्छप, कमिश्नर मुंडा, क्रिस्टो कुजूर, चतुर बडाईक, बहुरा उरांव, माधो कच्छप, ज्ञानवती कुजूर, मोडेशवर उरांव, सुधीर हेमरोम, चंदन हलधर पाहन, संदीप तिर्की, बिरसा उरांव, राहुल तिर्की, सोनु खलखो, रंजीत उरांव, बासुदेव खड़िया इत्यादि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विदाई समारोह का आयोजन



**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में दीक्षांत समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। इस समारोह में कक्षा 11वीं के भैया बहनों ने कक्षा 12वीं के भैया बहनों को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जितेश कुमार शौर्य चक्र सेकंड इन कमांड सीआरपीएफ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर नरेंद्र कुमार चर्म रोग विशेषज्ञ उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि एवं अन्य आगंतुकों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य ललन कुमार ने कराया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की उपप्राचार्य मीना कुमारी ने किया। इस अवसर पर शिशु विकास मंदिर समिति झारखंड धुर्वा के सहमंत्री डॉ धनेश्वर महतो, अमरकांत झा, लाल अशोकनाथ शाहदेव, आशीष नाथ शाहदेव और अजय बैठा मौजूद थे।

### कार्मेल स्कूल सामलौंग में 40 साल बाद मिले पूर्ववर्ती छात्र



**रांची।** 40 साल बाद कार्मेल स्कूल सामलोंग के 1983 बैच के वर्ग 6 के पूर्ववर्ती छात्र/छात्राओं का मिलन समारोह हुआ। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने सबसे पहले विद्यालय की पूर्व शिक्षिका 78 वर्षीय प्रिस्का को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर स्टेफी को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इसके बाद सभी पूर्ववर्ती छात्रों ने स्कूल को कुछ उपहार भेंट किये। इसके बाद सबों ने पूरे स्कूल का भ्रमण किया और पुरानी यादों को ताजा किया। सभी इतने दिनों के बाद मिलकर काफी उत्साहित थे। इस मिलन समारोह के कुछ छात्र कोलकाता, बेंगलुरु और दिल्ली से आए थे। दो घंटे साथ बिताने के बाद सभी मित्रों ने फिर से मिलने का वादा लेकर एक दूसरे से विदा लिया। अपनी बाल काल के दिनों की यादों को एक दूसरे से साझा करते हुए और आज की भाग दौड़ भरी जीवन को मिलान कर उन यादों में खो गए आज के इस मिलन समारोह में डॉ प्रणव कुमार, विष्णु, जॉय सेनगुप्ता, देशराज मिश्रा, कंचन, लरिस और अनुपमा सहित अन्य पूर्वती छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

### डीएवी बरियातू के फेयरवेल पार्टी में आदित्य को मिस्टर पढ़ाकू और नौशीन को मिस पढ़ाकू का ताज



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में शनिवार को ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन से हुई। इसके बाद शिक्षकों ने विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। मौके पर प्राचार्य डा. तापस घोष ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा से सम्बंधित टिप्स भी दिए। कहा, परीक्षा केंद्र पर समय पर पहुंचना है। नकारात्मक विचारों से दूर रहना है तथा मेहनत और अनुशासन पर भरोसा रखना है। फेयरवेल कार्यक्रम में मिस्टर पढ़ाकू आदित्य कांडुल्य, मिस पढ़ाकू नौशीन इमरान और मोस्ट रेगुलर स्टुडेंट का खिताब कीर्थना सी को दिया गया। वहीं मिस्टर फेयरवेल तेजस चौधरी और मिस फेयरवेल अनन्या राठौड़ चुने गये। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनन्द उठाया एवं कैम्पस की यादों को संजोकर बेहतर भविष्य के सपनों को पूरे करने के उत्साह से विदाई दी गयी।

### स्वच्छ और शिक्षित भारत से ही समृद्ध भारत का निर्माण संभव : शर्मा



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में स्वच्छता, स्वास्थ्य तथा शिक्षा जागरूकता के लिए शनिवार को छात्रों ने रैली निकाली। यह रैली विद्यालय परिसर से निकलकर मोरबादी होते हुए पुनः स्कूल कैंपस पहुंची। रैली में विद्यार्थी साफ-सफाई पर जोर देते हुए विभिन्न स्लोगन व नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे थे। छात्रों ने अपने बैनर तथा पोस्टर के माध्यम से स्वास्थ्य और शिक्षा जागरूकता अभियान को भी दशार्या तथा समाज को इसके प्रति जागरूक करने का काम किया। विद्यालय परिवार हमेशा इस तरह के जागरूकता रैली का आयोजन करता है। इससे छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है तथा समाज भी जागरूक होता है। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों एवं लोगो से स्वच्छता, स्वास्थ्य तथा शिक्षा के प्रति सजग,सचेत व जागरूक रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और शिक्षित भारत से ही समृद्ध भारत का निर्माण संभव हो सकता है। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की देखरेख में रैली का सफल नेतृत्व दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने किया। इस अभियान में विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं किरण कुमारी, मोनिबाला शर्मा, निशा सिंह, शिवानी कुमारी, सहित सभी छात्र-छात्राओं ने सराहनीय भूमिका निभायी।

### राहुल की न्याय यात्रा को झारखंड में राजद का पूर्ण समर्थन : जयप्रकाश नारायण यादव

**रांची।** झारखंड राजद के प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को पूर्ण समर्थन है। जयप्रकाश ने आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के निदेर्शानुसार झारखंड राजद के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को राहुल की पदयात्रा में शामिल होने और उनको पूर्ण समर्थन देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में पिछड़े, दलित और आदिवासी की सरकार है, भाजपा उसको अस्थिर करने पर लगी हुई है। भाजपा अराजक और सांप्रदायिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार को गिराने का षड्यंत्र कर रही भाजपा को मुंह की खानी पड़ी।

## आज का राशिफल
### 04 फरवरी 2024

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : शिशिर। **सूर्य** उत्तरायण। **मास** : माघ, **पक्ष** : कृष्ण, **तिथि** : नवमी 17:50 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : विशाखा 07:21 बजे समाप्त। **योग** : वृद्धि 12:12 बजे समाप्त। **करण** : गर 17:50 बजे तक, तदनंतर वणिज 05:44 बजे प्रात: में समाप्त। **सूर्य** : मकर राशि में। **चंद्रमा** : वृश्चिक राशि में। **दिशाशूल** : पश्चिम।

**मेष** : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।

**वृष** : संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन** : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में धन व्यय होगा।

**कर्क** : स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**सिंह** : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा।

**कन्या** : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**तुला** : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**वृश्चिक** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**धनु** : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मकर** : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कुंभ** : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनै:-शनै: बाधा आएगी।

**मीन** : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें।

# विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए होगा इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर का निर्माण : वीसी

## डीएसपीएमयू के विद्यार्थी को नासा ने हॉल ऑफ फेम से किया सम्मानित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग के 5वीं सेमेस्टर के छात्र उमा शंकर उरांव ने अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा की वेबसाइट में बग देखा और तत्काल संबंधित स्थान पर इसकी रिपोर्ट की। इस रिपोर्ट को सही मानते नासा के द्वारा उन्हें हॉल ऑफ फेम सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसे विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने उन्हें सम्मानित किया।

मौके पर वीसी डॉ शांडिल्य ने कहा कि हाल के दिनों में विश्वविद्यालय में शोध और अनुसंधान की दिशा में नित नए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन्हीं वैज्ञानिक गतिविधियों का प्रतिफल है, उमा शंकर उरांव की यह उपलब्धि। यह न सिर्फ व्यक्तिगत या संस्थान के लिए गौरव का प्रतीक है, बल्कि आनेवाले समय यह इस बात का सूचक है कि जब इनसे प्रेरित होकर अन्य शोधार्थी भी इस प्रकार की उपलब्धि की ओर प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा की जल्द ही यहां विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर का निर्माण किया जाना है, जो इस दिशा में काफी उपयोगी होगा। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि इससे अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है कि किस प्रकार सीमित साधनों में भी हम अपनी चिंतन शैली को सही दिशा में ले जाए। इस सफलता पर इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग के डॉ अनुपम कुमार, डॉ राहुल देव साह, डॉ राजेंद्र कुमार महतो, डॉ ज्योति बाला और डॉ प्रियरंजन ने उमा शंकर उरांव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# आधुनिक खिलौनों, स्टेशनरी व उपहारों के शोरूम 'हैप्पी जोन' का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के बरियातु रोड राजा कम्पलेक्स के फस्ट फ्लोर में शनिवार को आधुनिक खिलौनों, उपहारों और स्टेशनरी का आधुनिक शो रूम हैप्पी जोन का उदघाटन हुआ। शो रूम के प्रबंधक मो शबाब नसीम और मो0वसीम ने बताया कि शो रूम में देशी-विदेशी खिलौनों के अलावा हर उम्र के लोंगों के लिए उपहार और स्टेशनरी के सामान उचित मूल्य पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।

उद्घाटन के मौके पर ग्राहकों को 20 प्रतिशत तक की छुट मूल्यों में दी जाएगी। उन्होंने बताया कि शो रूम का उदघाटन प्रबंधक नसीम खान और तबस्सुम बानों के द्वारा किया गया।

इस मौके पर स्थनिय विधायक समरी लाल, सरफे आलम के अलावा मो0 आसिफ नईम, हैप्पी जोन के प्रिंस शादाब, वसीम हसन शादाब, असीम इमाम, आसिफ नसीम, दानिश खान, साजिद खान,रमीज रजा, शेख अनवर तबरेज आलम, साजिद कमल,, जावेद, जाहिद परवेज उपस्थित थे।

# झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन की बैठक




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक का आयोजन यूनाइटेड क्लब हिनू में हुआ। जिसमें राज्य से के 21 जिला ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कमेटी के फैसले के साथ महासचिव ओवैस अराफात, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार को चुना गया। जिसमें संघ के प्रेसिडेंट बी ठाकुर ने समर्थन दिया। राज्य के संग में 8 नये जिला इकाई संघ में शामिल हुआ। जिसमें गुमला, लोहरदगा, गढ़वा, बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, सरायकेला शामिल है। संघ ने आने वाली प्रतियोगिता तथा ट्रेनिंग सेमिनार और खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य के लिए कई योजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष ऋषि ठाकुर, कार्यकारिणी अध्यक्ष विनय सिंह, सहसचिव फरीद खान तथा देवेंद्र प्रसाद आलोक श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# हमें आत्मनिर्भर होने के लिए कृषि को अपनाने की आवश्यकता : अर्जुन मुंडा

## खूंटी में पूर्वी क्षेत्र किसान मेले का केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री ने किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी/रांची।** राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, रांची एवं कृषि विज्ञान केंद्र, खूंटी ने तीन दिवसीय पूर्वी क्षेत्र किसान मेले का आयोजन किया है। इसका उद्घाटन शनिवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। इस किसान मेले का मुख्य उदेश्य सतत एवं चक्रीय जैव-अर्थव्यवस्था-आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का उत्प्रेरक के रूप में विकसित करना है। बता दें कि मेले का समापन 5 फरवरी को होगा। मेले के समापन सत्र में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भी शामिल होंगे।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने मेले में लगाये गये 140 स्टॉलों का अवलोकन किया एवं संबंधित स्टॉल के कर्मियों से उनके द्वारा प्रदर्शित उत्पादों के बारे में जानकारी ली। स्टॉल भ्रमण के बाद अर्जुन मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में हमें कृषि को आत्मनिर्भर होने के लिए अपनाने की आवश्यकता है। जिन कृषि उत्पादों की विश्व स्तर पर मांग है, हमें ऐसी फसलों और उत्पादों की पैदावार को अपनाना है। वर्तमान परिवेश में हमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाकर कृषि क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा में अपना स्थान निश्चित करना है। कृषि मंत्री ने कहा कि जबतक हमारे देश का कोई भी एक वर्ग विकास में पिछड़ा रहेगा, तबतक पूरे देश का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को किसानों की समस्या हल करने का दृष्टिकोण अपनाकर उन्हें इस स्तर पर लाना है, जिससे वे गर्व से कह सकें कि भारत के किसान हैं।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक ने कहा कि इस अवसर को किसान बंधुओं को सकारात्मकता के रूप में लेने की आवश्यकता है, ताकि ऐसे आयोजनों के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के निदेशक डॉ अभिजीत कर ने स्वागत भाषण दिया एवं आयोजित किसान मेले के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए कहा कि इस अवसर पर हमें बहुत हर्ष हो रहा है कि देश के विभिन्न क्षेत्र के स्टॉल प्रतिभागी इस मेले में अपनी सहभागिता दर्ज कर रहे हैं, हमें आशा है कि क्षेत्र के किसान इस अवसर का अवश्य लाभ उठायेंगे।

इस कृषि मेले में कई राज्यों के लगभग 4000 किसानों की भागीदारी रही, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा कृषि उत्पादों जैसे सिकटियर, नैप्सैक स्प्रेयर, फिशिंग नेट, पशुपालन चारा, दुग्ध उत्पादन की किट, ड्रिप सिंचाई के लिए सैंक्शन अमाउंट का लेटर, मशरूम किट, राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा वितरित पांच विक्रेता नियुक्ति पत्र, तथा दो ट्रैक्टरों का भी वितरण किया गया। इस कृषि मेले में किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी। इसमें खेती से संबंधित विभिन्न विषयों (उन्नत कृषि पद्धति, बागवानी, पशुपालन, मत्स्यपालन, मधुमक्खी पालन, लाख एवं तसर उत्पादन इत्यादि) पर किसान गोष्ठियों का आयोजन किया गया है तथा कृषकों की समस्याओं का समाधान वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। मेले में कुल सात सफल कृषकों, स्टार्टअप एवं उद्यमियों को तीन श्रेणियों में पुरस्कृत भी किया गया। मेले के अंतिम दिन अच्छी तरह प्रदर्शित उत्पाद के स्टॉलों को भी पुरस्कृत किया जायेगा।

# लालपुर के ले डिजायर टावर में वो बेंगाली लेडी रेस्ट्रो का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के लालपुर स्थित ले डिजायर टावर के पांचवे तल्ले पर वो बेंगाली लेडी रेस्ट्रो का उद्घाटन शनिवार को किया गया। विथ ग्रैंड विजन, स्मूथ रिलेशन विथ न्यू कांसेप्ट, इंडियन फूड विथ देशी आइडियाज जैसी थीम को आधार बनाकर प्रारंभ यह वो बेंगाली लेडी रेस्ट्रो, राजधानी में अपनी तरह का अनोखा है। इसका उद्घाटन भाजपा नेता एवं अधिवक्ता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने किया। उन्होंने कहा कि वो बेंगाली लेडी रेस्ट्रो वास्तव में, राजधानी में अपनी तरह का अनोखा है जो रांची में रेस्टोरेंट संस्कृति को बिल्कुल नया आयाम देगा। इस अवसर पर बोलते हुए मिसेज इंडिया एवं गोवा से आयी सेफ अजंता वर्मन ने कहा कि प्रत्येक रविवार को फूड विथ सेफ कांसेप्ट पर सर्विस दी जायेगी जिसमें मास्टर क्लास के तहत अपनी संस्कृति के विलुप्त होती फूड्स पर विशेष जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# शारदा ग्लोबल के छात्रों का इंग्लिश एवं साइंस ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने एसओएफ इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड एवं नेशनल साइंस ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल्स जीते हैं। इंग्लिश गोल्ड मेडल्स ऑफ डिशटिंक्शन 5, गोल्ड मेडल्स ऑफ एक्सीलेंस 29, साइंस गोल्ड मेडल्स ऑफ डिशटिंक्शन गोल्ड मेडल्स ऑफ एक्सीलेंस 28 मिले हैं। शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने एसओएफ द्वारा आयोजित नेशनल इंग्लिश, एवं साइंस ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल्स ऑफ डिशटिंक्शन एवं गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस में अपनी उत्कृष्टता प्रदर्शिता करते हुए कुल 68 मेडल्स जीतकर विद्यालय की गरिमा बढ़ायी है। छात्रों के इस अभूतपूर्व प्रदर्शन से समस्त शारदा ग्लोबल परिवार हर्षित है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं आगे और मेडल्स जीतने तथा बेहतर करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्र होने वाली प्रतिस्पर्धा व प्रतियोगिता में नित नये कीर्तिमान रच रहे हैं। यह विद्यालय की शिक्षण एवं मैनेजमेंट के सही मार्गदर्शन का प्रतीक है।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में भंडारे का हुआ आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इस भोग के अतिप्रिय भजन से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर शनिवार को गुंज रहा था। मौके था 98 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का भोग अर्पित करने का। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान सत्यदेव राय, राजीव कुमार ,शर्मिला सिंह, राजेश कुमार, सुमन सिंह, राकेश कुमार ,पूजा सिंह, रजनीश सिंह ,ज्योति सिंह ,अनीश, बेबी कल्पना ,अवेज ,रूचित्रा नेहा स्नेहा, आर्यन एवं अनुष्का सिंह परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल ,शालिग्राम, शिव परिवार हनुमान व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की।

# पारस एचइसी अस्पताल में कैंसर के मरीजों के सपोर्ट में 'हौसला' कार्यक्रम




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पारस एचइसी अस्पताल में कैंसर के मरीजों में जागरूकता लाने तथा उन्हें सपोर्ट करने के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम 'हौसला' का आयोजन किया गया। इसमें कैंसर का इलाज करा चुके मरीजों ने अपने अनुभवों को चिकित्सकों के संग साझा किया।

मौके पर उपस्थित डॉ रैना ने कहा कि लोग समझते हैं कि कैंसर हो गया, मतलब अब बचना मुश्किल है। लेकिन, ऐसा नहीं है। कैंसर भी आम बीमारियों की तरह ही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता लाना हमारा मुख्य मकसद है। हमारी कोशिश रहती है कि कैंसर के मरीज को एक सामान्य जीवन दे सकें।

डॉ गौरव ने अपने अनुभव को बताते हुए कहा कि आम तौर पर कैंसर के मरीजों को कीमोथेरेपी को लेकर एक डर रहता है, लेकिन ऐसी कोई बात नहीं है। कीमोथेरेपी के बाद थोड़ी बहुत समस्या आ सकती है, जो जल्द ही ठीक हो जाती है। डॉ गौरव ने कहा कि एक कैंसर मरीज को सबसे ज्यादा हिम्मत देता है, कोई दूसरा कैंसर मरीज जो इलाज करा चुका है। कैंसर एक लड़ाई है, जिसे मानसिक ताकत से हराना है। कैंसर के इलाज की प्रक्रिया को पूरी करना आवश्यक है।

कैंसर का इलाज करा चुकी सुनीता नाम की महिला मरीज ने बताया कि इलाज से पहले तो काफी डर था, लेकिन इलाज के बाद अब बिलकुल सामान्य जीवन जी रही हूं। ऐसा कुछ भी महसूस नहीं होता है कि मुझे कैंसर भी हुआ था।

डॉ नीतीश ने कहा कि कैंसर के मरीज को हिम्मत और हौसला रखने की जरूरत है। इस तरह के कार्यक्रम से कैंसर के मरीजों को नया हौसला मिलता है। पारस अस्पताल कैंसर के इलाज के लिए समर्पित रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित कैंसर मरीज और परिजनों ने अपने अनुभवों को बांटा।

# कुशल वित्तीय प्रबंधन और प्रशासनिक सुधार की पहल करते हुए व्यय पर रखें पैनी नजर : राजेश्वरी बी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजेश्वरी बी, निदेशक - सह- सदस्य, झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व से चल रही योजनाओं की सतत निगरानी करते रहें। उन्होंने कहा कि कुशल वित्तीय प्रबंधन और प्रशासनिक सुधार की पहल करते हुए व्यय पर पैनी नजर रखें और उसे युक्तिसंगत बनाने पर भी जोर दें। वे योजनावार बजट के विरुद्ध खर्च की गई राशि के विवरण, योजना बजट के विरुद्ध निर्गत स्वीकृति आदेश और व्यय की स्थिति की समीक्षा बैठक में बोल रही थीं।

बैठक में राजेश्वरी बी ने सभी संस्थानों से उनके द्वारा बच्चों के बौद्धिक विकास के संबंध में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निदेश दिया कि बाल संरक्षण इकाई के बच्चों को अन्य विद्यालय के बच्चों से मिलवाने और उनके साथ खेलने आदि की भी व्यवस्था करें। जिन स्थानों पर बच्चों को रखा जाता है, वहां मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता के विकास करने हेतु खेल सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपसचिव श्री विकास कुमार, डीसीपीओ की टीम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# हटनई जंगल से युवती का अधजला शव बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** मांडर-बुढ़मू मुख्य पथ पर स्थित हटनई जंगल मांडर, बुढ़मू थाना क्षेत्र के सिमाने पर शनिवार सुबह नौ बजे एक युवती का अधजला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की उम्र 20-22 वर्ष के लगभग है। युवती के शव को बीच जंगल में जलता ग्रामीणों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद वहां पहुंची मांडर पुलिस ने शव पर पानी डालकर आग बुझाया, फिर प्रारंभिक जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। युवती के शरीर के कमर के ऊपर वाला हिस्सा पूरी तरह जला हुआ था। चेहरा भी जल चुका था। नीचे ब्लू रंग का लेगिज और छीटदार गुलाबी रंग का मोजा पहनी हुई थीं, जिसके आधार पर पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना स्थल के निरीक्षण से ऐसा प्रतीत होता है कि वह दोस्तों के साथ बर्थ डे मनाने आई थी, जहां पार्टी करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। जिस स्थान पर हत्या हुई है उस स्थान पर रांची के रंगोली स्वीट के बर्थ डे केक का छोटा सा टुकड़ा और कैरी बैग मिला है। इससे संभावना जताई जा रही है कि बर्थ डे मनाने के बाद हत्या की गई है और साक्ष्य को छिपाने की नीयत से शव को जलाने का प्रयास किया गया है।

### आरोपी जल्द होंगे सलाखों के पीछे

कल रात को ही प्रभार लेने वाले खलारी डीएसपी भोला प्रसाद सिंह सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचे थे। उन्होंने घटना स्थल का मुआयना किया और बताया कि एफएसएल की टीम आ रही है। साथ ही टेक्निकल सेल भी एक्टिव है। जल्द की आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

## स्पीड न्यूज

### चिरगालडीह में स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**सोनाहातू।** प्रखंड के चिरगालडीह गांव में रविवार 4 फरवरी को पंजाबी हिंदू बिरादरी रांची के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ मधुमेह रोग विशेषज्ञ हड्डी रोग विशेषज्ञ दंत रोग विशेषज्ञ नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं जनरल फिजिशियन के चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में होगी एनसीसी कैडेटों की परीक्षा

**खलारी।** डकरा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा को तीन झारखंड बटालियन रांची के द्वारा एनसीसी ए सर्टिफिकेट परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें पीटीपीएस हाई स्कूल पतरातूए केवी ध्रुवाए विद्या मंदिर करकट्टा एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के कुल 266 कैडेट्स परीक्षा में भाग लेंगे।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल के 10वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**ठाकुरगांव।** न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बुढ़ीबागी में 10 वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।विद्यालय के उप प्रधानाध्यापक रतन नाग ने अपने संबोधन में कहा छात्र जीवन की यह पहला पड़ाव है जो आपके जिंदगी में परिवर्तन लाती है जिसे आप एक नए मुकाम के रूप में याद करते हैं। बाल संसद में उत्कृष्ट कार्य के लिए बाल संसद के प्रधानमंत्री समीर खान एवं उप प्रधान मंत्री अफशा परवीन को विद्यालय का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## कोकदोरो-बुकरु सड़क किनारे से युवक का शव बरामद

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के कोकदोरो-बुकरु मार्ग पर एक युवक का शव बरामद हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार द्वारा सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए अपने कब्जे में लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक कांके थाना क्षेत्र के बुकरू गांव निवासी 35 वर्षीय अनुज टोप्पो था। इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है और शव को अंत्यपरीक्षण के लिए रिम्स भेज दिया गया है। किन कारणों से युवक की हत्या हुई है इस संबंध में पिठोरिया पुलिस सघनता से जांच कर रही है।

## पति और प्रेमी ने ठुकराया तो पिता ने दिया सहारा

### पति व प्रेमी की चक्कर में फंसी पत्नी



मामले को लेकर थाना पहुंची महिलाएं।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र की एक 24 वर्षीय विवाहिता पति व प्रेमी के चक्कर में फंस गई है। गर्भवती हुई तो दोनों ने अपनाने से इंकार कर दिया है। मामले की जानकारी होने पर पिता ने बेटी को अपने घर में रहने का ठिकाना दिया। फिलहाल महिला पिछले चार माह से पिता के घर में ही रह रही है। बताया गया कि महिला आरती देवी का विवाह जून 2024 में गांव के प्रभु ठाकुर के साथ हुई थी। विवाह के बाद से ही पति अक्सर शराब के नशे में महिला की पिटाई करता था। जिसका फायदा उठाते हुए गांव के युवक (मामा का बेटा) मंतोष ठाकुर हमदर्दी दिखाते हुए, पहले नजदिकी बढ़ाया और बाद में प्रेम संबंध स्थापित करने लगा। महिला के अनुसार उसकी मजबुरी का फायदा उठा कर युवक उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाया करता था। उसके गर्भवती होने की जानकरी प्रेमी व स्वजनों को दी। जिसके बाद महिला पर बदचलन का आरोप लगा प्रेमी व स्वजनों ने उसे अपनाने से इंकार कर दिया। मामले को लेकर गांव में जिप सदस्य, पंसस व मुखिया की उपस्थिति में दोनों पक्ष व ग्रामीणों की भी हुई थी। कोई फैसला नहीं होने के बाद मामला थाना पहुंचा। थाना में भी दोनो पक्ष के बीच समझौता नहीं हुआ। जिसके बाद महिला द्वारा ओरमांझी थाना में धारा 376, 313 के तहत मामला दर्ज कराया गया। आरोपित प्रेमी मंतोष ठाकुर द्वारा भी शारीरिक संबंध की बात स्वीकार कर लिया गया है। वहीं पुलिस द्वार उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी आलोक सिंह ने कहा कि महिला की डिलेवरी के बाद बच्चे का डीएनए टेस्ट होगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस जन उत्साहित

# रातू प्रखंड के दस हजार लोग सभा में होंगे शामिल

### चौक-चौराहे पर लगाये जा रहे होडिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कार्यकर्ता उत्साहित हैं। एचईसी के शहीद मैदान में 5 फरवरी को होने वाली सभा में प्रखंड अध्यक्ष कुशल उरांव के नेतृत्त्व में दस हजार लोग शामिल होंगे। प्रचार.प्रसार के लिये क्षेत्र के चौक-चौराहे में होडिंग लगाये जा रहे हैं। पूरे इलाके को पार्टी झंडे से पाटा जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रातू उतरी मंडल अध्यक्ष अतुल राज, दक्षिणी के रुस्तम अंसारी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शकुंतला देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष जाकिर अंसारी, एसटी मोर्चा अध्यक्ष प्रेमचंद मुंडा, मंसूर अंसारी, मंजूर अंसारी, जसीम अंसारी, अक्लिमा खातून, प्रेमलता तिग्गा, लक्ष्मी भगत, सुखदेव उरांव, सोमनाथ उरांव, महादेव उरांव, सुदामा गोप, बसंत उरांव, लाल रमेश नाथ शाहदेव, संदीप मिंज, चिंतामणि गोप, कृष्ण गोप, पंचम उरांव, करमा महतो, पीतांबर महतो, सोना मनी उरांव, बसंत उरांव, बिरसा उरांव, कलाम अंसारी, सुनील उरांव, विमलेश मुंडा, ज्योति भगत, अनवर अंसारी, रीता भगत, अब्दुल मन्नान आदि खास भूमिका निभा रहे हैं। यह जानकारी प्रखंड प्रभारी राजेश पांडेयए सुंदरी तिर्की और मेरी तिर्की ने दी।

### अजय नाथ ने प्रचार वाहन को किया रवाना



**रातू।** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने 5 फरवरी को रांची में आहुत राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रचार वाहन को पार्टी झंडा दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया। उन्होंने बताया कि श्री गांधी एचइसी स्थित शहीद मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसमें हटिया विधानसभा क्षेत्र की जनता का अभूतपूर्व योगदान रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि यहां की जनता अपने प्रिय राष्ट्रीय नेता से मिलने के लिए व्याकुल हैं और रांची में इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफलता मिलेगी।

## इंटर कॉलेज के विद्यार्थी पुरस्कृत

**खलारी।** मैकलुस्कीगंज इंटर कॉलेज में अध्यनरत सत्र 2022 -24 के उत्कृष्ट विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवॉर्ड वाणिज्य संकाय के काजल कुमारी बेस्ट अटेंडेंस का अवॉर्ड वाणिज्य संकाय के अभिमन्यु उरांवए महाविद्यालय नेतृत्व शैली में बालक वर्ग में रोहित कुमार विज्ञान संकाय तथा बालिका में सोनल कुमारी कला संकाय अनुशासन में जिज्ञासा कुमारी विज्ञान संकाय खेलकूद में बालक वर्ग में रितिक कुमार कला संकाय बालिका वर्ग में चंचल कुमारी कला संकाय सर्वश्रेष्ठ सक्रिय छात्र राजन कुमार कला संकाय और छात्रा पुनम कुमारी कला संकाय को श्रेष्ठ चुना गया।

## अवैध बालू तस्करों पर सीओ ने दर्ज कराया मामला

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी ने दो अवैध बालू तस्करों समेत टर्बो ट्रक, चालक, वाहन मालिक के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने व अवैध रूप से बालू का परिवहन करने का मामला ठाकुरगांव थाना में मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार विगत 1 फरवरी को सीओ ने इटहे मोड़ के समीप टर्बो को अवैध बालू परिवहन करते पकड़ा।

**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लि. की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

**शपथ पत्र**

मैं विनोद प्रजापति पिता रामनाथ प्रजापति निवासी ग्राम-पोस्ट-थाना : लेस्लीगंज, जिला पलामू झारखंड शपथ पूर्वक एकरार करता हूं

01. यह कि मेरे पुत्र 10वीं की सभी प्रमाण पत्रों में नाम विवेक प्रजापति अंकित है, जबकि आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में नाम विवेक कुमार दर्ज है।

02. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने पुत्र का 10वीं का प्रमाण पत्रों में नाम विवेक कुमार सुधार कराने हेतू कर रहा हूं।

**शपथ कर्ता**
**ह/**
**विनोद प्रजापति**
**नंबर : 64 /1493, दिनांक : 03.02.2024**

**झारखण्ड विधान सभा सचिवालय**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखण्ड विधान सभा का चतुर्दश (विशेष) सत्र दिनांक -05 फरवरी, 2024 से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।

ह./-
(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, रांची

ज्ञापांक : जनसम्पर्क-03/2024-330/वि.स., रांची    दिनांक - 03.02.2024

## विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल बना कर बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** झारखण्ड पब्लिक स्कूल मोहन नगर में विद्यार्थियों के द्वारा नए भारत की नई सोच को निखारते हुए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी मेला में विद्यालय के यूकेजी से वर्ग से लेकर 11वी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मेला में आधुनिक वैज्ञानिकों के सिद्धांतों को अपनाते हुए स्कूल के बच्चों ने अद्भुत मॉडल प्रस्तुत किया। जिसमें लोकप्रिय मॉडलों में बैंक को चोरी होने से कैसे बचाया जायए आग लगने से पहले सूचनाएऑटोमेटिक पानी सिंचाई उपकरणए सेन्सर वास बेसिनए सेन्सर हैन्ड वासए सेन्सर हैन्ड ड्रायरए फुटस्टेप के द्वारा पावर उत्पन्नए थ्रीडी हॉलोग्रम लाई. फाई वायरलेस तकनीक अर्थक्वेक अलार्मए कॉफी वेंन्डिग मशीन घरेलु व्यर्थ पदार्थों से घर का सजावटी समान आदि जैसे 29 अद्भुत मॉडलो को प्रस्तुत किया गया। जो हमारे भविष्य को सुविधाजनक और सुरक्षा प्रदान करने में अहम योगदान दे सकते हैं साथ ही साथ बच्चों ने अपने द्वारा बनाये गयें स्वादिष्ट व्यंजनों से भी अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्यतिथि ज्योति कुमार एसओपी सीसीएल एनके एरिया व विशिष्ट अतिथि सुजीत रंजन शामिल हुए।

## कुशवाहा समाज का मार्च में होगी आमसभा

### बैठक में राजनीतिक भागीदारी पर दिया जोर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक कुशवाहा शिवचरण मेहता की महादेव टंगरा स्थित मंगलम बैंक्वेट हॉल में हुयी। प्रदेश अध्यक्ष अभय कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पांकी विधायक डॉ एसवी मेहता बतौर मुख्य अतिथि थे। श्री अभय कुशवाहा ने विषय प्रवेश कराते हुये 11 फरवरी को हजारीबाग में होने वाली राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में समाज के लोगों से हजारों की संख्या में भाग लेने की अपील की। डॉ मेहता ने कहा कि मार्च के प्रथम सप्ताह में रांची में विशाल आमसभा होगी। इसकी तारीख और स्थान का ऐलान बाद में किया जायेगा। सभा के दौरान लोक सभा चुनाव में कुशवाहा समाज की राजनीतिक भागीदारी पर जोर दिया जायेगा। संचालन कामेश्वर महतो ने किया।

### बैठक में लिया हिस्सा

महेंद्र वर्मा, चूड़ामणि कुशवाहा, कुशवाहा शिवचरण मेहता, मुखलाल महतो, अमर नाथ कुशवाहा, राजेश खन्ना, केदार महतो, विक्रम महतो, विजय महतो, रामराज मेहता, रामनंदन महतो, रमेशचंद्र महतो, वीरेंद्र महतो, रंथु महतो, सोनू वर्मा, सूरज कुशवाहा व प्रयाग कुशवाहा आदि।

**RAMCHANDRA CHANDRAVANSI UNIVERSITY**
At+PS:- Nawadih Kala, PO. - Bishrampur, Distt.:- Palamu (Jharkhand)
Established by the act of Government of Jharkhand Act, 10,2018,Gazette Notification No-903
Approved by the UGC u/s 2 (f) of UGC Act, 1956
Web: http://www.rcu.edu.in, Email Id: reg.rcuniversity@gmail.com

**NOTICE**

I, **Debasis Mandal,** s/o Knan chandra Mondal, on behalf of Ramchandra Chandravansi University Bishrampur, Palamu Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as here under.

1. That an affidavit is filed by me vide **Book No. XIV, Serial No. 730 Dated 18.01.2024** before Notary, Medininagar, Palamu, Jharkhand clarifying the date as August 26.2023 being the actual date for first Ph.D. Degree awarded by this University.
2. That the Ph.D. awarded prior to August 26.2023 ( until August 25.2023) is considered illegal, and hence, made non-avoid by this University.
3. That the above contents are true and correct.

**(Debasis Mandal)**
**REGISTRAR**

# वंडरलैंड स्कूल का मना वार्षिकोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** प्रखंड के कंदरी मोड़ स्थित वंडरलैंड स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छोटे.छोटे बच्चों के द्वारा आकर्षक और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इन छोटे बच्चों का कार्यक्रम देखकर यह सहज ही कहा जा सकता है कि स्कूल के सारे स्टाफ काफी मेहनती है। साथ ही उन्होंने कहा कि बहुत कम फीस में इतनी अच्छी शिक्षा देना काबिले तारीफ है। निदेशक मो नेशार आलम ने बताया कि यहां पर अनुशासन का खास ख्याल रखा जाता है। साथ ही कम फीस में गुणवतापूर्ण शिक्षा ददी जाती है। बच्चों को घरवाला माहौल देकर पढ़ाया जाता है। कार्यक्रम में राजस्थानीए गढ़वालीए पंजाबीए हरियाणवी नृत्य के जरिए सभी राज्यों की संस्कृति का प्रस्तुतीकरण किया गया। रेट्रो सान्ग ने सभी अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में कक्षा प्री नर्सरी के बच्चों ने भी नृत्य . गायन की प्रस्तुती दीए जिससे दर्शक गदगद हो उठे। सर्वश्रेष्ठ मृत्य प्रदर्शन में निलोफर प्रवीन व सर्वश्रेष्ठ एक्टिंग में एहतेशाम ने जीत हासिल किया। भाषण श्रृंखला में श्रीकांतए रिदम शीफाए अयान मिस्त्रीए अम्माराए मीरानए गुनगुन व अन्य ने जीत दर्ज करायी। धन्यवाद धन्यवाद ज्ञापन करते हए प्राचार्या अनामिका राज ने सभी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

## सारेयाद गांव में विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**सोनाहातू।** विधायक सुदेश महतो ने गुरुवार को सोनाहातू प्रखंड के सारेयाद गांव में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 7 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। सड़क निर्माण 3 करोड़ 96 लाख की लागत से बनाया जायेगा। शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लासए स्टूडेंट्स बस सेवा लाइब्रेरी आदि की सुविधा दिया जा रहा है। स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है।हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुँचाने का काम किया जा रहा है।गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है। मौके पर जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा बीडीओ खगेश कुमार चितरंजन महतो श्याम महतो मुखिया सावना महली लखिन्द्र महतो मौजूद थे।

**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(जिला योजना)**
**(E-mail : ranchi.dpo@gmail.com)**

**शुद्धि पत्र**

प्रकाशित PR 317225 (Ranchi) 23-24 (D) एवं इस कार्यालय के पत्रांक 109/जि0यो0 दिनांक 02.04.2022 द्वारा DMFT Fund से शिक्षा प्रक्षेत्र अन्तर्गत बुढ़मू प्रखंड के ओझासाड़म पंचायत के ग्राम-साड़म के कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, बुढ़मू में 75 Bunk Bed with mattress का क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु प्रतिष्ठिति कम्पनी/संस्थानों/फर्म आदि से दिनांक 08.02.2024 के पूर्वाह्न 11.30 बजे ईच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है, जिसका नि"पादन दिनांक 08.02.2024 के अपराह्न 12.30 बजे की जानी है।

उक्त निविदा के (ख) मूल्यांकन कंडिकाएँ के अन्तर्गत कंडिका-8.10 में प्रासंगिक Bunk Bed (with mattress) की गुणवत्त संबंधी किये गये प्रावधान ISO 9001, ISO 14001, ISO 27001, TCO, Energy Star, ROHS, UL certificate एवं Porjector हेतु ISO for quality management अन्य प्रासंगिक गुणवत्ता के प्रमाण पत्र को विलोपित करते हुए Bunk Bed (with mattress) के गुणवत्ता प्रमाण-पत्र के रूप में प्रस्तावक द्वारा **"ISO 9001, ISO 14001, ISO 45001, Green guard certification, IGBC 2022, ISO 5001:2018, A10TA and BIFMA** तथा अन्य प्रांसगिक गुणवत्ता प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न की जायेगी। प्रस्तावक द्वारा जो प्रमाण-पत्र दिया जायेगा वह Certified by NABCB Certified bodies होना अनिवार्य होगा। अधिकाधिक गुणवत्ता सम्पुष्टि प्रमाण-पत्र वाले प्रस्तावक को प्राथमिकता दी जायेगी।

अतः आदेश ज्ञापांक 109/जि0यो0 दिनांक 29.01.2024 में उल्लेखित (ख) मूल्यांकन कंडिकाएँ में कंडिका-8.10 में इस हद तक पूर्व प्रकाशित ईच्छा की अभिव्यक्ति की शर्ते संशोधित समझी जायेगी शेष शर्ते एवं निदेश यथावत् रहेगा।

ह0/-
उपायुक्त,रॉंची

PR 317805 (Ranchi)23-24*D

# बेड़ो के जंगलों से धड़ल्ले से हो रही लकड़ी कटाई

### पर्यावरण पर गहरा रहा है संकट

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पुरना पानी के महरु गांव से सटे जंगल में कुछ दिनों से धड़ल्ले से लकड़ी की कटाई हो रही है। वही वनों की कटाई से वन समिति बेखबर हैं। जानकारी के अनुसार महरु के जंगलों में कटाई हर दिन जोरों पर चल रही है। जबकि एक तरफ केंद्र सरकार पर्यावरण बचाने के लिए पेड़ लगाओ जीवन बचाओ का नारा बुलंद कर रही है। वही दूसरी ओर गांव के लोगों द्वारा पेड़ो की कटाई की जा रही है। धड़ल्ले से कटाई से जंगल वीरान हो रहे है। गांव की महिलाएं सड़क से दुर घने जंगल के बीच में दिन.प्रतिदिन जंगल से पेड़ो को काटकर उजड़ते जा रहे हैं। इससे पर्यावरण पर संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में बने वन समिति द्वारा पेड़ों की देखभाल के नाम पर महज खानापूर्ति हो रही है। जंगल को नुकसान पहुंचाने वाले लोग एक.एक कर पेड़ों को खास ढंग से काटकर गिरा दे रहे हैं और उसे उठाकर ले जा रहे। जिससे क्षेत्र में जंगल लगातार कम होते जा रहे है और पेड़ों के स्थान पर खेत व मैदान आकार ले रहे हैं। जंगल कटने से वन प्राणियों का भी नुकसान हो रहा है। जंगल कटने के कारण उन्हें जंगल छोड़कर भागना पड़ रहा है।

### कुंभकर्णी नींद में सोया है वन समिति

इस समय जंगल में अंधाधुन कटाई की जा रही है लेकिन वन समिति कुम्भकर्णी निद्रा में सोई हुई है। जिसके कारण साल जंगल का दायरा काम होता जा रहा है। जिस वन भूमि पर कभी घना साल का जंगल हुआ करता था अब वहां झाड़ी नजर आ रहे हैं। लोगों ने सरकार से मांग की है कि इस ओर ध्यान दिया जाए और उन लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए जो जंगलों की कटाई कर रहे हैं। पूर्व में जंगल की देखभाल को लेकर गांव स्तर पर हवन समिति का गठन किया गया था लेकिन वन समिति के बाद भी जंगल से पेड़ों की कटाई रुक नहीं रहा है।

**कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सिमडेगा**

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के तहत सूक्ष्म खाद्य आधारित उद्योग के लिए सभी प्रखण्डों में मेगा कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त मेगा कैम्प में अधिक से अधिक लाभुक आकर इस कैम्प का लाभ उठायें तथा योजना का लाभ लें। कैम्प की विवरणी निम्नवत है-

| क्रमांक | स्थान | समय | दिनांक | प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक, मोबाइल नं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड कार्यालय, कोलेबिरा | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 02.02.2024 | 9065520367 |
| 2. | प्रखण्ड कार्यालय, सिमडेगा | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 05.02.2024 | 9065520371 |
| 3. | प्रखण्ड कार्यालय, ठेठइटांगर | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 06.02.2024 | 9065520364 |
| 4. | प्रखण्ड कार्यालय, जलडेगा | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 07.02.2024 | 9065520366 |
| 5. | प्रखण्ड कार्यालय, पाकरटांड | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 12.02.2024 | 9065520370 |
| 6. | प्रखण्ड कार्यालय, बानो | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 13.02.2024 | 9065520366 |
| 7. | प्रखण्ड कार्यालय, बांसजोर | पूर्वाह्न 11:30 बजे से | 15.02.2024 | 9065520364 |

नोटः- कैम्प से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग केन्द्र, सिमडेगा अन्तर्गत प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड से दिए गए मोबाइल नं0 पर संपर्क किया जा सकता है।

आदेशानुसार
ह0/-
महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सिमडेगा

PR 317813 Industries(23-24)#D

समय संवाद

लाल कृष्ण आडवानी आज वे भारतीय राजनीति में एक बड़ा नाम हैं। गांधी के बाद वो दूसरे जननायक हैं जिन्होंने हिन्दू आन्दोलन का नेतृत्व किया और पहली बार बीजेपी की सरकार बनावाई। लेकिन पिछले कुछ समय से अपनी मौलिकता खोते हुए नजर आ रहे हैं। जिस आक्रामकता के लिए वो जाने जाते थे, उस छवि के ठीक विपरीत आज वो समझौतावादी नजर आते हैं। हिन्दुओं में नई चेतना का सूत्रपात करने वाले आडवाणी में लोग नब्बे के दशक का आडवाणी ढूंढ रहे हैं। अपनी बयानबाजी की वजह से उनकी काफी फजीहत हुई। अपनी किताब और ब्लॉग से भी वो चर्चा में आए। आलोचना भी हुई। आठ नवंबर, 1927 को वर्तमान पाकिस्तान के कराची में लालकृष्ण आडवाणी का जन्म हुआ।

# भाजपा के लौह पुरुष भारत रत्न एलके आडवानी





लालकृष्ण आडवाणी, (जन्मः 8 नवम्बर 1927) भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। भारतीय जनता पार्टी को भारतीय राजनीति में एक प्रमुख पार्टी बनाने में उनका योगदान सर्वोपरि कहा जा सकता है। वे कई बार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। जनवरी 2008 में राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन ने लोकसभा चुनावों को आडवाणी के नेतृत्व में लड़ने तथा जीत होने पर उन्हें प्रधानमन्त्री बनाने की घोषणा की थी।

भारतीय जनता पार्टी के जिन नामों को पूरी पार्टी को खड़ा करने और उसे राष्ट्रीय स्तर तक लाने का श्रेय जाता है उसमें सबसे आगे की पंक्ति का नाम है लालकृष्ण आडवाणी। लालकृष्ण आडवाणी कभी पार्टी के कर्णधार कहे गए, कभी लौह पुरुष और कभी पार्टी का असली चेहरा। कुल मिलाकर पार्टी के आजतक के इतिहास का अहम अध्याय हैं लालकृष्ण आडवाणी।

जीवन वृत्त

आठ नवंबर, 1927 को वर्तमान पाकिस्तान के कराची में लालकृष्ण आडवाणी का जन्म हुआ था। उनके पिता श्री के डी आडवाणी और माँ ज्ञानी आडवाणी थीं। विभाजन के बाद भारत आ गए आडवाणी ने 25 फरवरी 1965 को 'कमला आडवाणी' को अपनी अर्धांगिनी बनाया। आडवाणी के दो बच्चे हैं।

लालकृष्ण आडवाणी की शुरूआती शिक्षा लाहौर में ही हुई पर बाद में भारत आकर उन्होंने मुम्बई के गवर्नमेंट लॉ कॉलेज से लॉ में स्नातक किया। आज वे भारतीय राजनीति में एक बड़ा नाम हैं। गांधी के बाद वो दूसरे जननायक हैं जिन्होंने हिन्दू आन्दोलन का नेतृत्व किया और पहली बार बीजेपी की सरकार बनावाई। लेकिन पिछले कुछ समय से अपनी मौलिकता खोते हुए नजर आ रहे हैं। जिस आक्रामकता के लिए वो जाने जाते थे, उस छवि के ठीक विपरीत आज वो समझौतावादी नजर आते हैं। हिन्दुओं में नई चेतना का सूत्रपात करने वाले आडवाणी में लोग नब्बे के दशक का आडवाणी ढूंढ रहे हैं। अपनी बयानबाजी की वजह से उनकी काफी फजीहत हुई। अपनी किताब और ब्लॉग से भी वो चर्चा में आए। आलोचना भी हुई।

राजनैतिक जीवन

वर्ष 1951 में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की। तब से लेकर सन 1957 तक आडवाणी पार्टी के सचिव रहे। वर्ष 1973 से 1977 तक आडवाणी ने भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष का दायित्व सम्भाला। वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के बाद से 1986 तक लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के महासचिव रहे। इसके बाद 1986 से 1991 तक पार्टी के अध्यक्ष पद का उत्तरदायित्व भी उन्होंने सम्भाला।

1990 राम रथ यात्रा

इसी दौरान वर्ष 1990 में राम मन्दिर आन्दोलन के दौरान उन्होंने सोमनाथ से अयोध्या के लिए राम रथ यात्रा निकाली। हालांकि आडवाणी को बीच में ही गिरफ़्तार कर लिया गया पर इस यात्रा के बाद आडवाणी का राजनीतिक कद और बड़ा हो गया।[1] 1990 की रथयात्रा ने लालकृष्ण आडवाणी की लोकप्रियता को चरम पर पहुँचा दिया था। वर्ष 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद जिन लोगों को अभियुक्त बनाया गया है उनमें आडवाणी का नाम भी शामिल है।

लालकृष्ण आडवाणी तीन बार भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। आडवाणी चार बार राज्यसभा के और पांच बार लोकसभा के सदस्य रहे। वर्ष 1977 से 1979 तक पहली बार केन्द्रीय सरकार में कैबिनेट मन्त्री की हैसियत से लालकृष्ण आडवाणी ने दायित्व सम्भाला। आडवाणी इस दौरान सूचना प्रसारण मन्त्री रहे।

आडवाणी ने अभी तक के राजनीतिक जीवन में सत्ता का जो सर्वोच्च पद सम्भाला है वह है एनडीए शासनकाल के दौरान उपप्रधानमन्त्री का। लालकृष्ण आडवाणी वर्ष 1999 में एनडीए की सरकार बनने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केन्द्रीय गृहमन्त्री बने और फिर इसी सरकार में उन्हें 29 जून 2002 को उपप्रधानमन्त्री पद का दायित्व भी सौंपा गया। भारत रत्न से सम्मानित आडवानी भारतीय संसद में एक अच्छे सांसद के रूप में अपनी भूमिका के लिए कभी सराहे गए तो कभी पुरस्कृत भी किए गए। आडवाणी पुस्तकें, संगीत और सिनेमा में विशेष रुचि रखते हैं।

# राम की शक्ति थी उनकी गुरु में पूर्ण आस्था और सर्मपण

**स्वामी सत्यांनदजी परमहंस**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है।

**जिज्ञासा का परिपक्व होना**

राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ कि वशिष्ठ ब्रह्य ज्ञानी है तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। विनम्रता पूर्वक श्री राम ने पूछा कि आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया।

वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है।

गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

**(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार।)**

# स्त्री रोग से संबंधित कैंसर



**डॉ. ममता रथ दत्ता**



कैंसर दिवस 04 फरवरी

**कैंसर** एक ऐसी बीमारी है जिसमें शरीर में कोशिकाओं की वृद्धि अनियंत्रित हो जाती हैं। जब किसी महिला के प्रजनन अंगों में कैंसर होता है तो इसे स्त्री रोग संबंधी कैंसर कहा जाता है। स्त्री रोग संबंधी कैंसर के पांच मुख्य प्रकार हैंः सर्वाइकल, ओवेरियन, यूटेराइन, वैजिनल योनि और वल्वर। स्त्रीरोग संबंधी कैंसर का छठा प्रकार बहुत ही दुर्लभ है जिसे फैलोपियन ट्यूब कैंसर कहा जाता है।

ओवेरियन कैंसर भारत में महिलाओं को प्रभावित करने वाली सबसे सामान्य घातक बीमारियों में से एक के रूप में उभरा है और पिछले कुछ वर्षों में इससे जुड़े मामलों में वृद्धि देखी गई है। हालाँकि सर्वाइकल कैंसर में कमी आ रही है, फिर भी यह स्तन कैंसर के बाद महिलाओं में होने वाले दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है।

सभी स्त्री रोग संबंधी कैंसरों में से, केवल सर्वाइकल कैंसर में स्क्रीनिंग टेस्ट किये जाते हैं जो इस कैंसर का शीघ्र पता लगा सकते हैं, जब उपचार सबसे प्रभावी हो सकता है। चूंकि सर्वाइकल कैंसर के अलावा किसी भी स्त्री रोग संबंधी कैंसर की जांच करने का कोई सरल और विश्वसनीय तरीका नहीं है, इसलिए चेतावनी के संकेतों को पहचानना और यह जानना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि क्या ऐसी चीजें हैं जो आप अपने जोखिम को कम करने के लिए कर सकते हैं। स्त्री रोग संबंधी कैंसर के लिए पारिवारिक इतिहास, मोटापा, उम्र और एचपीवी महत्वपूर्ण जोखिम कारक हैं।

स्त्री रोग संबंधी कैंसर के लक्षण कैंसर के प्रकार के आधार पर अलग-अलग होते हैं। स्त्री रोग संबंधी कैंसर के लक्षणों के व्यापक स्पेक्ट्रम में पेल्विक में दर्द, योनि से असामान्य रक्तस्राव, संभोग के दौरान या बाद में योनि से रक्तस्राव, लगातार पेट में सूजन, अनपेक्षित वजन बढ़ना या घटना, मल की प्रकृति में लगातार परिवर्तन, जैसे दस्त या कब्ज शामिल हो सकते हैं। ये स्त्री रोग संबंधी कैंसर के सामान्य लक्षण हैं, लेकिन ऐसे और भी लक्षण हैं जो विशेष रूप से प्रत्येक प्रकार से संबंधित हैं।

स्त्री रोग संबंधी कैंसर का निदान कैसे किया जाता है यह इस बात पर निर्भर करता है कि किस प्रकार के कैंसर का संदेह है। पेल्विक टेस्ट, कोल्पोस्कोपी टेस्ट, इमेजिंग टेस्ट, बायोप्सी, और संभवतः डॉयग्नोस्टिक सर्जरी भी स्त्री रोग संबंधी कैंसर के निदान के सभी तरीके हैं।

कैंसर की पुष्टि हो जाने के बाद, कैंसर का चरण निर्धारित किया जाता है और एक उपचार योजना विकसित की जाती है। स्टेजिंग से तात्पर्य है कि कैंसर आस-पास के ऊतकों या अंगों तक कितनी दूर तक फैल गया है। स्त्री रोग संबंधी कैंसर का उपचार कैंसर के प्रकार, अवस्था और अन्य सामान्य स्वास्थ्य कारकों पर निर्भर करता है। उपचार के सामान्य तरीकों में कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी और सर्जरी शामिल हैं।

सर्वाइकल कैंसर के मामलों और मृत्यु दर के वैश्विक मामलों में अकेले भारत का योगदान क्रमशः 25.41% और 26.48% है। विडंबना यह है कि, अधिकांश अन्य कैंसरों के विपरीत, सर्वाइकल कैंसर को उसके लंबे प्राकृतिक इतिहास के दौरान किसी भी समय कैंसर से पहले होनेवाले घावों की पहचान और उपचार करके स्क्रीनिंग के माध्यम से रोका जा सकता है, इस प्रकार सर्वाइकल कार्सिनोमा की संभावित प्रगति को रोका जा सकता है।युवा लड़कियों के लिए ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन की अनुशंसा की जाती है और यह सर्वाइकल कैंसर, योनि कैंसर और वल्वर कैंसर के खतरे को कम करने में बहुत प्रभावी है। एचपीवी एक आम यौन संचारित वायरस है जो कुछ मामलों में, जब पता नहीं चलता या इलाज नहीं किया जाता है, तो सर्वाइकल कैंसर में बदल सकता है। सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करने के लिए नियमित पैप स्मीयर करवाना एक अत्यधिक प्रभावी तरीका है। पैप स्मीयर एक सरल परीक्षण है जो कैंसर बनने से बहुत पहले सर्वाइकल में असामान्य परिवर्तनों का पता लगा सकता है। पैप स्मीयर की प्रभावशीलता तभी है जब इसे 21 वर्ष की आयु से शुरू करके हर तीन साल में नियमित रूप से करवाया जाये। उपचार में रोग की अवस्था के आधार पर सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी शामिल हैं।

ओवेरियन कैंसर के लक्षण गैर-विशिष्ट होते हैं और इन्हें आंत्र लक्षण या रजोनिवृत्ति के लक्षण समझा जा सकता है। बाद के चरणों में भूख न लगना और वजन कम होना जैसे लक्षण हो सकते हैं। ओवेरियन कैंसर का निदान अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और एमआरआई जैसे रेडियोलॉजिकल परीक्षणों पर आधारित है। उपचार में ट्यूमर को हटाने के लिए सर्जरी और कीमोथेरेपी के साथ संकेत के अनुसार क्लीयरेंस सर्जरी शामिल है।

एंडोमेट्रियल कैंसर एक प्रकार का कैंसर है जो गर्भाशय की परत जिसे एंडोमेट्रियम कहा जाता है, में शुरू होता है। इसका पता आमतौर पर योनि से रक्तस्राव के कारण शुरूआती चरण में ही चल जाता है। एंडोमेट्रियल कैंसर के खतरे को बढ़ाने वाले कारकों में शरीर में हार्मोन के संतुलन में बदलाव, मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कभी गर्भधारण न करना, स्तन कैंसर के लिए हार्मोन थेरेपी शामिल हैं। निदान के लिए बायोप्सी नामक एक छोटी शल्य प्रक्रिया की आवश्यकता होती है। उपचार में कैंसर क्लीयरेंस सर्जरी के बाद कीमोथेरेपी और रेडिएशन शामिल है।

यदि शीघ्र पता चल जाए तो स्त्री रोग संबंधी कैंसर का इलाज और बचाव किया जा सकता है।

**चीफ कंसलटेंट एंड एचओडी, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग,चीफ ऑफ मेडिकल सपोर्ट सर्विसेज टाटा मेन हॉस्पीटल जमशेदपुर**

# रात में न सोने का परिणाम

**जीवीएस शास्त्री**

नींद का खोना सेहत का रोना, कई बीमारियों की जड़ है अनिद्रा

अच्छी नींद के लिए शरीर का थकना बेहद जरूरी है। आज के युवा रात में सो नहीं रहे क्योंकि वे नौकरी ही दूसरे देश की करते हैं या फिर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं।

सेहत को लेकर यह नसीहत पुरानी है कि नींद अच्छा तो स्वास्थ्य भी अच्छा। पर बहुत कम ही लोग हैं जो नींद और सेहत के संबंध की गंभीरता को समझते हैं। मौजूदा जीवनशैली तनाव बढ़ाने वाली है। साथ ही खानपान को लेकर भी लोग ज्यादा सतर्क नहीं रहते है। साथ ही अपेक्षित शारीरिक श्रम का भी लोगों के जीवन में अभाव है। इस कारण लोग तेजी से कई गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो रहे हैं। अच्छी नींद के लिए हमें सबसे पहले अपनी जीवनशैली में सुधार करना होगा और कुछ बातों का सख्ती से नियमित पालन करना होगा। इसी तरह शाम होने के बाद ज्यादा चाय-कॉफी से दूर रहें तो बेहतर होगा। सोने जाने के एक घंटे पहले रात का खाना जरूर खा लें। रात को हल्का और सुपाच्य भोजन लें। नींद की समस्या ज्यादा परेशान कर रही है तो डॉक्टरी सलाह जरूर लें क्योंकि यह किसी और बीमारी का भी लक्षण हो सकता है।

सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए न्यूज पोर्टल खोलकर पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि ह्यआपके दिमाग में क्या हैह्न तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और वाट्सऐप पर इधर-उधर की बातें पढ़ना और भेजना।

बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें।

बहुत लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है तो कुछ लोगों को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा काम करना ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। लेकिन यह आपकी मजबूरी हो या चुनाव, इसका हल तो आपको ही निकालना होगा। कुछ लोगों को सात से आठ घंटे सोना समय की बबार्दी लगती है। लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है।

फिर आपको मजबूरी में बिस्तर पकड़ना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति आने से पहले अपने बिस्तर पर पर्याप्त समय दिया करें।नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है।

# आडवानी से लालू ने कहा- सर आपको गिरफ्तार करना जरूरी था...

25 सितंबर, 1990 लालकृष्ण आडवाणी ने अयोध्या में राम जन्मभूमि - बाबरी मस्जिद विवादित स्थल पर राममंदिर निर्माण के लिए समर्थन जुटाने की खातिर गुजरात के सोमनाथ से रथयात्रा शुरू की थी. 23 अक्टूबर को उन्हें बिहार के समस्तीपुर में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के आदेश पर गिरफ्तार कर लिया गया था, ताकि वह अयोध्या नहीं पहुंच पाएं. इसके बाद केंद्र में सत्तासीन वीपी सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया, जिसमें लालू प्रसाद यादव भी साझीदार थे, और सरकार गिर गई. इस रथयात्रा ने भाजपा को बड़ी राजनैतिक ताकत बना डाला. 6 दिसंबर, 1992 को दक्षिणपंथी कार्यकताओं ने अयोध्या में 16वीं सदी में बनी बाबरी मस्जिद को ढहा दिया यह घटना भाजपा के उभार और लालू के उत्कर्ष की नजीर बनी। भारत रत्न का सम्मान उसी संघर्ष का सम्मान है।

**लालू ने कहा...**

जब उनकी रथयात्रा बिहार पहुंच गई, मेरे पास भी उनका सम्मान करने और उन्हें आगे बढ़ जाने के लिए अपने राज्य से सुरक्षित रास्ता देने का विकल्प था... इससे सुनिश्चित हो जाता कि तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह की केंद्र सरकार बची रहती, लेकिन मैंने वह कुबार्नी देने का फैसला किया... क्योंकि अगर कोई भी पलटकर देखेगा, तो यही कहेगा कि हमने अपनी ही सरकार का बलिदान देकर उस समय देश को बचा लिया था...कल्पना कीजिए, यदि लालकृष्ण आडवाणी का रथ उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर गया होता, तो क्या होता... इस यात्रा ने वैसे ही हर तरफ सांप्रदायिक हलचल मचा रखी थी...




मैं दृढ़प्रतिज्ञ था कि लालकृष्ण आडवाणी को अयोध्या की ओर नहीं बढ़ने दूंगा... लेकिन उस समय काफी उलझन की स्थिति थी, क्योंकि दिल्ली में भी दिन-रात बातचीत के दौर जारी थे... ऐसी ही एक बैठक के लिए लालकृष्ण आडवाणी खुद अपनी यात्रा को बीच में छोड़कर गए थे, और फिर उनका रूट बदल दिया गया...

उन्हें धनबाद से अपनी यात्रा फिर शुरू करनी थी, सो, हमने कुछ योजनाएं बनाईं... मैंने भी उच्चस्तरीय बैठक की... हमारी मूल योजना यह भी कि जैसे ही उनकी ट्रेन 'हावड़ा राजधानी' रात को लगभग 2 बजे सासाराम के आसपास बिहार में प्रवेश करेगी, हम उन्हें गिरफ्तार कर लेंगे... रोहतास के जिला मजिस्ट्रेट मनोज श्रीवास्तव ने रेलवे अधिकारियों को विश्वास में लिया, और योजना बनाई कि ट्रेन को रेलवे केबिन के पास रोक दिया जाएगा, और वहीं लालकृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा... लेकिन यह योजना लीक हो गई, और हमें दूसरी योजना बनानी पड़ी... बहुत मुश्किल से हम मनोज श्रीवास्तव तक पहुंच पाए, जो उस समय रेलवे ट्रैक के पास पहुंच चुके थे... उन दिनों मोबाइल फोन नहीं होते थे...

फिर हमने लालकृष्ण आडवाणी को धनबाद में गिरफ्तार करने का फैसला किया, लेकिन वह भी नहीं हो पाया, क्योंकि स्थानीय अधिकारियों में कुछ कन्फ्यूजन था...

मैं जानता था कि मुझे बेहद सावधानी से योजना बनानी होगी, उसमें बेहद कम लोगों को शामिल करना होगा, चर्चा भी सिर्फ कुछ शीर्ष अधिकारियों से ही करनी होगी... मैंने पहले दुमका के तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार को फोन किया, जिनके पास मसनजोर में बेहद खूबसूरत गेस्ट हाउस था, और उन्हें बताया कि मैं अगली सुबह वहां आना चाहता हूं, सो, उन्हें गेस्ट हाउस के आसपास बेहद कड़ी सुरक्षा का इंतजाम करना होगा... मैंने जोर देकर कहा कि गेस्ट हाउस के आसपास किसी को भी आने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए...

तब तक लालकृष्ण आडवाणी की रथयात्रा पटना पहुंचकर समस्तीपुर के लिए रवाना हो चुकी थी, जहां सर्किट हाउस में उनका रात को रुकने का इरादा था... मैंने कुछ अधिकारियों को बुलाया और उन्हें घर नहीं लौटने दिया... उनमें राजकुमार सिंह (जो अब केंद्रीय ऊर्जा मंत्री हैं) तथा रामेश्वर ओरांव (जो उस वक्त पुलिस के डीआईजी थे, और बाद में सांसद बने) शामिल थे... मैंने अपने चीफ पायलट से भी संपर्क साधे रखा, और उनसे आग्रह किया कि वह तड़के ही चॉपर उड़ाने के लिए तैयार रहें, लेकिन यह नहीं बताया कि जाना कहां है...

पायलट अविनाश बाबू अगले तड़के राजकुमार सिंह तथा रामेश्वर ओरांव को समस्तीपुर लेकर गए, जहां उन्हें समस्तीपुर के सर्किट हाउस के निकट एक स्टेडियम पर उतारा गया...

पिछली ही रात को मैं खुद पर काबू नहीं रख पाया था, और रात को लगभग 2 बजे सर्किट हाउस में फोन कर मैथिली भाषा में बात करते हुए खुद को स्थानीय अखबार का रिपोर्टर गोनू झा बताया और लालकृष्ण आडवाणी के बारे में पूछा... जिसने फोन उठाया था, उसने बताया कि वह सो रहे हैं... उसने इस बात की पुष्टि की कि उनके समर्थक जा चुके हैं...जब मेरे अधिकारियों ने लालकृष्ण आडवाणी और अशोक सिंहल को गिरफ्तार कर लिया, वे मसनजोर जाने की जगह उड़कर वापस पटना चले गए...

कुछ देर के लिए मैं भी घबरा गया था कि कहां क्या गड़बड़ हो गई, लेकिन मुझे आश्वस्त कर दिया गया कि सभी कुछ बिल्कुल ठीक है, और वह सिर्फ ईंधन भरवाने के लिए पटना लौटे हैं...

जब लालकृष्ण आडवाणी मसनजोर गेस्ट हाउस पहुंच गए, मैंने उन्हें फोन किया और कहा, सर, आपको गिरफ्तार किया जाना जरूरी था... प्लीज, मेरे खिलाफ कुछ मन में न रखिएगा... मैंने उन्हें यह भी बताया कि वहां एक रसोइया, डॉक्टर तथा सभी अन्य सुविधाएं उनके लिए मौजूद हैं...

**(साभार एनडीटीवी इंडिया)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## कोविड और बदलते मौसम की मार ब्राजील में भारी बाढ़



## स्पीड न्यूज

### राहुल गांधी की यात्रा में प्रखंड से भी पहुंचेंगे सैकड़ो लोग : गौतम


प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता।

**पदमा।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार होते झारखंड की सिमा में 2 फरवरी को प्रवेश हो चुका है संभावित तौर पर पाकुड़, दुमका, गोड्डा, धनबाद होते हुए 5 फरवरी को रामगढ़ पहुंगी। जहां पदमा प्रखंड से सेकड़ो की संख्या में लोग पहुंचेंगे और इस न्याय यात्रा को सफल बनाएंगे। उक्त बातें कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता ने कहीं उन्होंने बताया की प्रखंड कांग्रेस कमेटी इस यात्रा में शामिल होने को लेकर व्यापक तैयारी कर रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से भी संयोजक समिति बनाई गयी है जो इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी है। प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता और नेता अपने-अपने क्षेत्र में इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

### पाण्डु मुखिया ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात किया


शिष्टाचार मुलाकात करते पाण्डु मुखिया।

**केरेडारी।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में अशोक कुमार ने प्रभार लिया है। निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी विद्याभूषण कुमार ने एक फरवरी को नए अनुमंडल पदाधिकारी सदर को अपना प्रभार सौंपा। इस दौरान हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखण्ड क्षेत्र के पाण्डु पंचायत मुखिया सकीबा खातून पति पूर्व मुखिया रब्बानी मियां की ओर से नए अनुमंडल पदाधिकारी को फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। एवं क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया और उन्होंने कहां की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### किसानों को लाभ पहुंचाना ही पैक्स का उद्देश्य : चमनी देवी


पैक्स अध्यक्ष चमनी देवी।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देवरिय पैक्स अध्यक्ष चमनी देवी ने प्रेस बयान जारी कर शनिवार को बताया कि पतरातु प्रखंड के मध्य में स्थित देवरिया पैक्स में अब तक 80 किसानों ने अपना धान सरकारी दर पर बेचा है। उन्होंने बताया की देवरिया पैक्स पतरातू प्रखंड के बीच में स्थित है यहां पर धान बेचने हेतु रजिस्टर्ड किसानों की संख्या भी ज्यादा है। यहां पर धान बेचने से किसानों को अतिरिक्त खर्च के साथ-साथ समय की भी बचत होती है। एक माह से भी कम समय के अंदर 80 किसानों ने अपना धान सरकारी दर 2300 रुपए प्रति क्विंटल के दर से पैक्स के माध्यम से सरकार को बेचा है। इसके तहत लादी, चिकौर, मतकामा, देवरिया, कुरसे, लपंगा, चैनगड़ा, निमी, पाली, सुदी आदि गांव के किसानों ने सरकारी दर पर धान बेचा है। धान बेचने वाले किसानों में परमेश्वर राम, रामदेव कुशवाहा, लक्ष्मी देवी, कृष्णा कुशवाहा, गोपाल दांगी, प्रेम दांगी, लीलावती देवी, कुलेश्वर कुशवाहा, ललिता देवी, उर्मिला देवी, पुष्कर नाथ महतो, राज कपूर सिंह, राजदेव मुंडा, अनीस मुंडा सहित कई किसान शामिल हैं। पैक्स अध्यक्ष ने कहा की किसानों को लाभ पहुंचाना ही पैक्स का उद्देश्य है।

### आईएमएस एमएमएम इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन


खेलकूद में शामिल छात्र।

**दारु।** आईएमएमएस एमएमएम स्कूल पिपचो ने विद्यालय परिसर मे वार्षिक खेल दिवस 24 का भव्य तरीके से आयोजन किया। इस खेल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि खंडेलवाल ग्रुप ऑफ एसोसिएशन के मालिक दिनेश खंडेलवाल थे। खेल दिवस के अवसर पर विद्यालय मे कई तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे स्कूली बच्चों ने बहुत ही बढ़चढ़ कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता मे कुल विद्यालय के करीब 250 से अधिक छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीते। इस विद्यालय मे खेल दिवस के अवसर पर हर वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस विद्यालय की प्रिंसिपल सुश्री थेनमोझी ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर स्कूली बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के बच्चे अभिभावक और शिक्षक गण मौजूद थे।

### झूठा खबर प्रकाशित होने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ने जताया नराजगी

**टाटीझरिया।** प्रखंड के मध्य विद्यालय झरपो में 7 वर्ष पूर्ण कर 31 जनवरी को प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार दीपक अपने कार्य स्थल से सेवा निवृत होकर विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने को लेकर सहायक शिक्षक महेंद्र इंदीवर को विभाग के अगले आदेश तक प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में मनोनीत किए थे। वही 2 फरवरी 2024 को एक ही परिसर में चल रहे मध्य विद्यालय वा उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय झरपो के शिक्षक शिक्षीकाओ की आपसी सहमति से प्रधानाध्यापक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बता दे 3 फरवरी शनिवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र इंदिवर संग सहायक शिक्षक शिक्षिकाओ ने अखबार के नाम को नही लिखने के शर्त पर कहा की कुछ एक हिंदी दैनिक अखबार मे मिथ्या (झूठा) खबर प्रकाशित किया गया है जिससे हमलोगो का मन काफी दुखी और क्षुब्ध है कि विदाई समारोह के दौरान विद्यालय परिसर दो समूह में था। जबकि दोनो विद्यालय के शिक्षक गण कार्यक्रम में सम्मलित थे। और नम आंखों से प्रधानाध्यापक की विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया था। बताते चलें कि प्रभारी प्रधानाध्यापक ने सेवा निवृत हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक के बारे में विद्यालय विकास को लेकर कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा किए। उन्होंने यह भी कहा की उनकी कमी पूरे विद्यालय परिवार को अनुभव हो रही है। विद्यालय के 1 से लेकर चौथी कक्षा तक छात्र छात्राएं को जब जानकारी हुई की सर विदाई की हो रही है तो बच्चों के आंखों में आंसू निकल रहे थे। छात्र छात्राओ ने कहा दीपक सर हम लोगों को माता पिता के सम्मान व्यवहार करते थे।

# लैंगिक समानता से परिपूर्ण समाज निर्माण के लिए जागरूक होने की है जरूरत : राजेन्द्र प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता


बालसभा की बैठक को संबोधित करते मुखिया राजेन्द्र प्रसाद।

**बरही।** प्रखंड पदाधिकारी के आदेशानुसार धनवार पंचायत सचिवालय भवन में महिला व बाल सभा की अलग अलग विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम धनवार कोरियाड़ीह, लठिया, आरागढ़ा, गमहरिया, सिंहपुरकला, एवा, सिंहपुरखुर्द के ग्रामीण महिला, विद्यालय छात्र छात्राएं एवं वॉर्ड सदस्य उपस्थित हुए। बता दें कि वार्षिक कार्य योजना के निर्माण को लेकर वित्तीय 2024-25 के लिए सबकी योजना सबका विकास अभियान के लिए एलएसडीजी अंतर्गत कुल 9 टीम में से अधिकतम एक टीम को संकल्प के रूप में महिला हितैषी पंचायत का चयन किया गया था। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि महिला हितैषी गांव बनाने की परिकल्पना को धरातल में उतारने को लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमे समाज से लैंगिक भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए ग्राम स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में सबों को संकल्प लेने की जरूरत है कि लैंगिक समानता से परिपूर्ण समाज के निर्माण के लिए आगे आकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मौके पर धनवार पंचायत मुखिया राजेंद्र प्रसाद, महिला समाज सेविका ममता देवी पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी वार्ड सदस्य बालेश्वर कुमार, मोहम्मद मंसूर अंसारी, मोहम्मद हसमत अंसारी, बसंती देवी, आंगनबाड़ी सेविका किरण कुमारी, गीता देवी, मरियम खातून, बेबी देवी, रंजना कुमारी, कंचन देवी, कौशल्या देवी, संगीता देवी, सकून देवी, जिरवा देवी, सरोज देवी, ललिता देवी, सरोज देवी, बिलकिस, प्रवीण, संगीता देवी, संतोषी देवी, राखी देवी, रेखा देवी, रंजना कुमारी, रेणु देवी, नजमा प्रवीण, बिमला देवी, संगीता देवी, शांति कुमारी, रिहाना खातून, पिंकी कुमारी सहित भारी संख्या में महिला उपस्थित थी।

## 5 को बरही में राहुल की यात्रा कांग्रेसियों ने की तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता


भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए बैठक करते कांग्रेस कार्यकर्तागण।

**बरही।** प्रखण्ड भवन के विधायक कक्ष में कांग्रेस पार्टी की एक आपातकालीन बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। बैठक में पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, 20 सूत्री अध्यक्ष, सदस्य समेत सभी विधायक प्रतिनिधि शामिल हुए। जहां सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिला के गोला चितरपुर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का आगमन 05 फरवरी को होना तय है। जिसमें शामिल होने के लिए बरही विधानसभा से हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। जिसके लिए 05 फरवरी को सुबह छह बजे इटखोरी मोड़ में सभी बूथ अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, बीस सूत्री अध्यक्ष, सदस्य समेत सभी विधायक प्रतिनिधियों को समय पर उपस्थित होना है। इसके लिए प्रत्येक पंचायत से एक गाड़ी लेकर चलना है। कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अधिकांश लोग शामिल होकर इसे सफल बनाएंगे और कांग्रेस पार्टी के विचारों को जनजन तक पहुंचाने का काम करेंगे। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मंडल अध्यक्ष सिकेन्द्र राणा, रघुवीर यादव, राजू राणा, रिजवान अली, मो गुलजार, मो तैयब अंसारी, दसरथ यादव, पंकज पासवान, मुन्नी लाल ठाकुर, राजदेव यादव, सुभाष यादव, बिनोद यादव, देवचंद यादव, रमेश चन्द्रवंसी, अर्जुन पंडित, मो सरताज, मो तौकीर रजा, मिथिलेश कुमार उपाध्याय, प्रकाश यादव, बलराम कुमार, सुरेंद्र यादव, मनोज रविदास, फिरदौश खान, खड्गधारी यादव सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

### बाबा उर्फ पांडेय ग्रुप के दो गुर्गे पुलिस के हत्थे चढ़े


गिरफ्त में अपराधी।

**चरही।** बीते दिन शुक्रवार को चरही, मांडू, कुजू और रामगढ़ पुलिस के नेतृत्व में बाबा उर्फ पांडेय ग्रुप के दो गुर्गे वरुण कुमार तिवारी पिता अजय तिवारी को विकास नगर रामगढ़ तथा गोपाल सिंह पिता कृष्णा सिंह को रामगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से हिसाब रखने वाले एक छोटा और एक बड़ा डायरी बरामद किया गया है। इस डायरी में कई लोगों के नाम मोबाइल नंबर तथा रंगदारी वसूल किये गए हिसाब किताब अंकित होना बताया जाता है।साथ ही पकड़े गए अभियुक्तों के पास से 4 मोबाइल, कई सिम और रंगदारी वसूले गए 156500 भी किये गए हैं।दोनों गुर्गे बाबा उर्फ पांडेय ग्रुप के लिए काम करते थे। दोनों का काम रंगदारी वसूली करते थे।दोनों अभियुक्तों को चरही थाना विक्रम कुमार ने भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ पीसी के लिये हजारीबाग एसपी के पास ले जाया गया।जहां पर पीसी के बाद हजारीबाग जेल भेजा गया।

## शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती : नरेंद्र प्रसाद

- 10वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई
- रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने मोहा मन

### एसभीएम पब्लिक स्कूल में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन


समारोह में अतिथियों के साथ मौजूद विद्यार्थी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एसभीएम पब्लिक स्कूल सुंदरनगर भुरकुंडा में शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 10वीं के विद्यार्थियों के उज्जवल की भविष्य की कामना के साथ विदाई दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बासल थाना के थाना प्रभारी नरेन्द्र प्रसाद ने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है, इसके बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय वर्षों से भुरकुंडा कोयलांचल में शिक्षा का अलख जगा रहा है जो काफी सराहनीय है। मुख्य अतिथि श्री प्रसाद ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं इनका सर्वांगीण विकास जरूरी है। इसके पूर्व विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर विद्यालय के निर्देशक आरके शर्मा ने 10वीं के विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सचिव इंदु शर्मा, प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार पांडेय, हेमंत वर्मा, नंदनी वर्मा, वंषिका, आरती, मंजु, मधुसागर, लीला, आलिला, संध्या, मनीषा सहित विद्यालय के तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

### डॉ एके रंजन द्वारा लिखित पुस्तक कंट्रीब्यूशन ऑफ डॉक्टर बी आर अम्बेडकर इन रिफॉर्मिंग इंडियन सोशल सिस्टम का हुआ विमोचन

- नगर भवन में पूर्व विधायक मनोज यादव समेत अन्य सामाजिक, राजनीतिक व शिक्षाविदों ने किया विमोचन

खबर मन्त्र संवाददाता


पुस्तक विमोचन करते पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व अन्य।

**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित टाऊन हॉल में बरही में संचालित रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज के समाजशास्त्र प्राध्यापक डॉक्टर अजय कुमार रंजन के द्वारा रचित पुस्तक कंट्रीब्यूशन ऑफ डॉक्टर बी आर अम्बेडकर इन रिफॉर्मिंग इंडियन सोशल सिस्टम का विमोचन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। इस पुस्तक में डॉक्टर रंजन ने बाबा साहेब अम्बेडकर के जीवन एवं उनके मूल के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पुस्तक बाबा साहेब अम्बेडकर के विचारों पर रिसर्च कर रहे लोगो के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इस विमोचन में सेकंड कमांडेंट कोबरा बटालियन गौरव कुमार, राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत सेवानिवृत्त शिक्षक इशो सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, आरएनवाईएम कॉलेज सचिव परमेश्वर यादव, प्राचार्य डॉ विमल किशोर, डॉ संजय बर्नवाल, प्रो हीरामन साव, डॉ अरुण रामनुज, प्रो जोगेश्वर यादव, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी रमेश ठाकुर, डॉ सुनील कुमार दत्ता, इंद्रदेव यादव एवं अशोक यादव उपस्थित रहे।

### कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन को लेकर की गई बैठक

**बड़कागांव।** प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय होरम बड़कागांव में 2024 -25 नामांकन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में प्रखंड स्तरीय चयन समिति का गठन कर 2024 25 में बच्चियों का नामांकन अधिक से अधिक हो जिसका प्रचार प्रसार करना है।बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज, प्रबंधन समिति अध्यक्ष होरिल महतो, वार्डन सह शिक्षिका लीलावती कुमारी, लेखपाल सोनी कुमारी सहित शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## एक नजर में

### झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह की छवि खराब करने की सजिश

**बड़कागांव।** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह सह समाजसेवी की छवि खराब करने हेतु गलत तरीके से सोशल मीडिया में फोटो और ट्रैक्टर मालिकों को भड़काने की साजिश रची गई। जिसको लेकर संजय सिंह ने थाने में आवेदन दिया। जिसमें कहा गया कि हमारे नाम का एवं पार्टी की छवि खराब करने को लेकर हेमंत महतो पिता गाली महतो के मोबाइल नंबर 9122543411 से बड़कागांव न्यूज ग्रुप और अन्य ग्रुप में 2 फरवरी को रात्रि करीब 8:30 बजे से गलत तरीके से वायरल बदनाम करने की साजिश रची गई। जिसको लेकर श्री सिंह ने थाने में आवेदन दिया जिसमें लिखा गया कि मुझे एवं हमारी पार्टी की छवि धूमिल करने की साज़िश रची जा रही। रात्रि में मीडिया ग्रुप में चेक कर रहा था तभी 9:13 बजे व्हाट्सएप के माध्यम से कॉल आया जिसका मोबाइल नंबर 9122543411 जो अपना नाम हेमंत महतो बताया। मैंने पूछा मुझे इस तरीका से बदनाम करने की साजिश क्यों की जा रही है तब उसने कहा कि मुझे कुमरडीहा नयाटांड निवासी पंकज ठाकुर ने सोशल मीडिया ग्रुप में वायरल करने को कहा। थाने में दिए गए आवेदन के माध्यम से साजिश के तहत उन लोगों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। श्री सिंह ने कहा कि कुछ दिन पहले कुछ ट्रैक्टर मालिकों ने उनके खिलाफ शिकायत लेकर हमारे पास आए थे जिसको लेकर मैंने उसे डांटा था।

### आज रामगढ़ पहुंचेगा राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा: धर्मराज राम


धर्मराज राम।

**कुजू।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 4 फरवरी को रामगढ़ पहुंच रहा है। मणिपुर से लेकर महाराष्ट्र तक की 6000 किलोमीटर की यात्रा रविवार को 1 बजे डीवीसी चौक गोला पहुंचकर सभा का आयोजन किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम ने दी। उन्होंने बताया कि सभा की समाप्ति के बाद पैदल यात्रा रजरप्पा मोड़ तक आयेगी। इसके बाद चितरपुर होते हुए रामगढ़ के एमएमटी मैदान में रात्रि विश्राम करेंगे। 5 फरवरी को सुबह 8 बजे चट्टी बाजार होते हुए थाना चौक में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुभाष चौक की ओर यात्रा बढ़ जायेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा मील का पत्थर साबित होगा। इसको लेकर रामगढ़ में जोरो की तैयारियां चल रही है।

### पूर्व छात्र-छात्रा ने डीएवी आरा को दिया सर्जिकल व्हील चेयर


सर्जिकल व्हील चेयर सौंपते।

**कुजू।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल आरा के भूत पूर्व छात्र डॉ राहुल कुमार और भूत पूर्व छात्रा डॉ राधिका सिंह ने विद्यालय को एक सर्जिकल व्हील चेयर उपहार स्वरूप भेंट किया। इसके पूर्व विद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार ने दोनों भूतपूर्व विद्यार्थियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। डॉ राहुल कुमार सिंह वर्तमान समय में कोडिनेटर क्लिनिकल इस्तेब्लिसमेंट, राष्ट्रीय स्वास्थ्य, मिशन, झारखण्ड, सरकार में कार्यरत हैं। जबकि डॉ राधिका सिंह सदर अस्पताल, रामगढ़ में मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। मौके पर डॉ राहुल कुमार सिंह ने कहा कि डीएवी आरा कुजू के विद्यार्थी होने के नाते मैं अपने को खुशनसीब समझता हूँ। देश के ही नहीं बल्कि विदेशों के मेडिकल कालेजों में भी डीएवी आरा कुजू के छात्र परचम लहरा रहे हैं। आज के विद्यार्थियों को हमेशा अनुशासन में रहकर खेलना और पढ़ना भी जरुरी है। विद्यालय प्राचार्य आलोक कुमार ने इनके प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

# लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में शामिल।

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा जिला स्तर पर स्वीप कोर कमेटी का गठन करने के उद्देश्यों की जानकारी दी गई । साथ ही उन्होंने कमेटी के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर भी आवश्यक जानकारियां दी। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर स्वीप के तहत विशेष योजना तैयार करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने आम लोगों के साथ-साथ विभिन्न कार्यालयों में चुनाव कार्यो में लगे अधिकारियों, कर्मियों, पुलिस बल के जवानों आदि का भी मतदान आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वैसे मतदान केंद्रों जहां पिछली बार के निर्वाचन के दौरान मतदान प्रतिशत कम रहा था उन्हें चिन्हित कर योजनाबद्ध तरीके से उन क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया वही मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से उपयुक्त ने मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड रांची द्वारा आयोजित की जा रही विभिन्न प्रतियोगिताओं का व्यापक प्रचार प्रचार करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता प्रतियोगिताओं में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्वीप के माध्यम से आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में प्रभावी तरीके से प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने वर्तमान समय में उपलब्ध आधुनिक तकनीकों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आदि का इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा एवं रचनात्मक तरीके से करने का निर्देश दिया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने आगामी लोकसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मतदान संबंधित स्लोगन तैयार कर उनका व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर समय व कार्यक्रम के अनुसार रुटैग लगाने एवं ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी के सदस्यों के रूप में चयनित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर असीम कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम शर्मा, डीपीएम जेएसएलपीएस रीता सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, एसएमपीओ विक्रम सोनी आदि उपस्थित थे।

# कैंसर से लड़ें इनसे बचें



## कैंसर दिवस 04 फरवरी

कैंसर एक ऐसी खतरनाक बीमारी है, जोकि हर साल लाखों लोगों की जान ले लेती है। गलत खान–पान और धूम्रपान के कारण कैंसर की समस्या तेजी से बढ.रही हैं। यह एक लाइलाज बीमारी है। हालांकि शुरूआती लक्षण पहचानकर इसका इलाज किया जा सकता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी रोजाना खाई जाने वाली चीजें ही इस बीमारी का कारण बनती है। बहुत से लोगों को लगता है कि सिर्फ शराब, सिगरेट या इसके घुएं और तम्बाकू के कारण ही कैंसर होता है। मगर एक शोध के मुताबिक, जिन चीजों का सेवन आप रोज करते हैं, उनमें से कुछ चीजों से कैंसर का खतरा बढ़ता है। आज हम आपको ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें खाने से कैंसर का खतरा बना रहता है।

### 1. माइक्रोवेव पॉपकॉर्न

आजकल लोग टीवी या फिल्म देखते समय पॉपकॉर्न को बड़े मजे से खाते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं यह भी कैंसर का कारण बनता है। दरअसल, जब माइक्रोवेव में ऐसे पैकेट को गरम किया जाता है तो ये कई तरह के कैमिक्लस छोड़ता है, माइक्रोवेव में पैकेट गर्म करने से जब यह कई तरह के केमिकल छोड़ता है तो पैकेट में मौजूद ऑयल या मक्खन पॉपकॉर्न में मिलकर फेफड़ों को सीधा नुकसान पहुंचाता है। इससे आपको फेफड़ों का कैंसर हो सकता है।

### 2. डिब्बा बंद खाना

भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच लोग आजक लोग ताजे फल और सब्जियों के बजाए डिब्बा बंद खाने का सहारा ले रहे हैं लेकिन यह सेहत के लिए हानिकारक होते है। इस तरह के फूड्स में बिसफेनोल ए नामक कैमिकल पाया जाता है, जोकि कैंसर का कारण बनता है।

### 3. रिफाइंड चीनी

कुछ लोग ब्राउन शुगर को सेहत के लिए अच्छा मानते हैं लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कैंसर का सबसे बड़ा कारण रिफांइड चीनी और हाई-फ्रुटोज कॉर्न सीरप होता है। ब्राउन शुगर में कलर और फ्लेवर मिलाए जाने के कारण यह ज्यादा खतरनाक हो जाती है। रिफाइंड चीनी से शरीर के अंदर कैंसर सेल्स बढ़ते हैं और आप इस बीमारी का शिकार हो जाते हैं।

### 4. कार्बोनेटिड ड्रिंक

आजकल लोग ज्यादातर कार्बोनेटिड ड्रिक्स पीते हैं, खासकर गिर्मियों में लेकिन आपको बता दें कि यह भी सेहत के लिए हानिकारक है। दरअसल, बोतल में भरी ऐसी ड्रिक्स में कार्बोहाइड्रेट होता है। साथ ही इसमें मौजूद हाई-फ्रुटोज कॉर्न सीरप, तरह-तरह के कैमिकल्स और कलर्स भी होते हैं, जोकि कैंसर सेल्स को बढ़ावा देते हैं।

### 5. वेजिटेबल ऑयल

वेजिटेबल ऑयल में भी कई तरह के कैमिकल्स होते हैं, जोकि सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। वेजिटेबल ऑयल को लंबे समय तक चलाने के लिए हाइड्रोजन और अन्य रासायनिक प्रतिक्रिया द्वारा बनाया जाता है। इसे ट्रांस वसा भी कहते हैं, जो हृदय रोग, इम्यून सिस्टम और कैंसर को बढ़ावा देते हैं।

### 6. डाइट फूड्स

वजन कंट्रोल करने या कम करने के चक्कर में आजकल ज्यादातर लोग डाइट फूड्स का सेवन करते हैं। मगर जरूरत से ज्यादा इनका सेवन भी कैंसल सेल्स को बढ़ाता है, जिससे आप कैंसर जैसी बीमारी का शिकार हो जाते हैं।

### 7. फ्राइड फूड

खाने से ज्यादा आजकल लोग फ्राइड फूड खाते हैं। छोटी-छोटी भूख लगने पर भी आजकल ज्यादातर लोग फ्राइड फूड खाना ही पसंद करते हैं। मगर इनमें मौजूद कई कैमिकल्स कैंसर का कारण बनते हैं।

### 8. आलू चिप्स

आलू चिप्स खाना तो हर किसी को पसंद होता है लेकिन इनमें सबसे ज्यादा फैट और कैलोरी पाई जाती है। आलू के चिप्स और फ्रेंच फ्राई में अधिक मात्रा में एक्रिलामाइड नामक तत्व पाया जाता है जोकि सिगरेट में मौजूद होता है। ऐसे में इनका कम से कम सेवन करें।

# युवा अब गठिया जैसे बुढ़ापे के रोग से परेशान



**बढ़ती** उम्र का असर चेहरे के साथ-साथ सेहत पर भी दिखने लगता है। बढ़ती उम्र के साथ लोगों को कई बीमारियां घेर लेती हैं लेकिन आजकल खराब लाइफस्टाइल और खान-पान के कारण लोग जवानी में ही बुढापे की इन बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। आपकी दिनचर्या, खान-पान, रहन-सहन और कुछ चीजों का इस्तेमाल आपको जवानी में ही बुढापे की बीमारियों का शिकार बना देता है। आज हम आपको शरीर में दिखने वाले कुछ ऐसे छोटे-छोटे संकेतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जोकि ये बताते हैं कि जवानी में ही आप बूढ. हो रहे हैं।

### 1. गठिया की समस्या

गठिया रोज बुढापे में होने वाली समस्या है लेकिन आजकल सेहत का ध्यान न रखने से लोगों को यह समस्या जवानी में ही हो रही है। 30-35 साल की उम्र में गठिया दर्द होना जवानी में बुढापे आने का संकेत हैं। इस बात को नजरअंदाज करने की बजाए अपनी सेहत का ठीक से ख्याल रखें।

### 2. नींद न आना

आजकल बिजी शेड्यूल के कारण लोगों को ठीक से नींद नहीं आती लेकिन दिनभर की थकान के बावजूद भी नींद न आने को इग्नोर न करें। इसका असर न सिर्फ आपकी सेहत पर दिखता है बल्कि इससे चेहरे पर भी कई प्रॉब्लम होने लग जाती है। बूढ. लोगों को तो ये बीमारी हो जाती है लेकिन जवानी में ये होना सही नहीं है।

### 3. आंखें कमजोर होना

आंखें कमजोर होना आजकल आम समस्या बनती जा रही है लेकिन आपको बता दें कि ज्यादातर लोगों को यह समस्या बुढापे में ही होती है। अगर जवानी में भी ऐसा रहा है तो सतर्क हो जाइए। दिनभर टीवी, मोबाइल, कम्पयूटर और लैपटॉप के सामने बैठे रहने के कारण यह समस्या होती है। अब आप काम तो नहीं रोक सकते है लेकिन हैल्दी डाइट और एक्सरसाइज तो कर सकते हैं।

### 4. थकावट महसूस होना

दिनभर भागदौड़ करने के बाद थकावट होना तो आम है लेकिन जवानी में इतनी ज्यादा थकावट सेहत के लिए अच्छी नहीं। आजकल लोग जरा-सा काम करने के बाद ही थक जाते हैं, जोकि इस बात की ओर इशारा करता है कि आप अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दे रहे।

### 5. चेहरे पर झुर्रियां पड़ना

खान-पान और एक्सरसाइज न करने के कारण आजकल लड़कियों को यह समस्या जवानी में हो जाती हैं। इसे छुपाने के लिए आप मेकअप करते हैं लेकिन इसकी बजाए आपको हैल्दी चीजों, योग और एक्सरसाइज का सहारा लेना चाहिए।

### 6. बाल सफेद होना

अगर कम उम्र में ही आपके बाल सफेद हो रहे हैं तो संभल जाएं। बुढापे में ऐसा होना आम है। मगर जवानी में ऐसा होने का मतलब है कि आप अपने बालों केयर नहीं करते। इसलिए अपने बालों की ठीक से केयर करें और अच्छे शैंपू का इस्तेमाल करें।

### 7. त्वचा में ढीलापन

बुढापे की तरफ बढ़ते हुए त्वचा भी ढीली होने लगती है। हाथ, चेहरे, गले की त्वचा लटकने लगती है। अगर कम उम्र में ही ये सब हो रहा है तो आप जल्दी बूढे. दिखने लगेंगे। इससे बचने के लिए सूरज की किरणों से खुद को बचाएं, सेहतमंद खाना खाएं और अच्छे प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करें।



योग भारतीय संस्कृति का भाग है। योग अभ्यास भारत की एक ऐसी प्राचीन पद्धति है, जोकि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ा देती है। नियमित रूप और सही तरीके से योग करने पर स्वस्थ तन और सुंदर मन मिलता है। फिट और स्वस्थ रहने के लिए आजकल हेल्थ–क्लब्स, स्कूल्स और हॉस्पिटल्स में भी योग करवाया जाने लगा है लेकिन योग करने से पहले आपको उसके नियमों का पता होना भी बहुत जरूरी है। योग करते समय सावधानियां इस्तेमाल न करने से आपको इसका फायदा होने की बजाए नुकसान भी हो सकता है। कुछ ऐसे नियमों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप योग का पूरा फायदा ले सकते हैं।

**योग गुरु स्वामी मुक्तरथ, सत्यानंद योग मिशन**

# योग मन और शरीर का संतुलन



## योग से जुड़े जरूरी नियम

**1. योगासन से पहले शरीर को करें तैयार**

जिस तरह एक्सरसाइज से पहले वार्मअप करना जरूरी होता है, उसी तरह योग करने से पहले भी वार्मअप करना बहुत जरूरी होता है। इसलिए योगासन करने पहले शरीर को वार्मअप करने के लिए हल्का-फुल्का व्यायाम जरुर कर लें। इससे आपका शरीर खुलेगा तथा लचीला हो जाएगा। आप चाहें तो इसके लिए सूक्ष्म आसन भी कर सकते हैं।

**2. भोजन करने के तुरंत बाद न करें योग**

सुबह हो या शाम, कभी भी भोजन के तुरंत बाद योग नहीं करना चाहिए। योग हमेशा खाने के करीब 3 घंटे बाद करें। इसके अलावा सुबह आप खाली पेट भी योग कर सकते हैं। केवल वज्रासन ही ऐसा योग है, जिसे भोजन के बाद किया जा सकता है।

**3. कठिन आसन से न करें शुरुआत**

योगासन की शुरूआत करते समय हल्के आसन का चयन करें। चाहे आपको कितनी भी प्रैक्टिस क्यों न हो लेकिन योग की शुरूआत किसी कठिन आसन से नहीं करनी चाहिए। बिना शरीर को तैयार किए आप कठिन योग करने लगेंगे तो चोट लगने का डर रहता है।

**4. योग करने का सही समय**

योग सूरज उगने से पहले और सूर्य डूबने के बाद किसी भी समय किया जा सकता है लेकिन दिन के समय योग न करें। योगासन सुबह के समय करने से अधिक लाभ मिलता है। मगर फिर भी अगर आप किसी कारण से सुबह योग नहीं कर पाएं तो शाम या रात को खाना खाने से आधा घंटा पहले भी कर सकते हैं। यह ध्यान रखें कि आपका पेट भरा न हो। इसलिए भोजन करने के 3-4 घंटे बाद और हल्का नाश्ता लेने के 1 घंटे बाद आप योगासन करें।

**5. योग के दौरान ठंडा पानी न पीएं**

योग करते समय बीच में ठंडा पानी पीना आपके लिए खतरनाक हो सकता है। योग के दौरान शारीरिक गतिविधि के बाद शरीर गर्म हो जाता है। ऐसे में ठंडा पानी पीने से सर्दी जुकाम, कफ और एलर्जी की शिकायत हो सकती है। इसलिए योग के समय और बाद में नार्मल पानी ही पीएं।

**6. बीमारी में न करे योग**

अगर आपको कोई भी गंभीर समस्या, जोड़ों, कमर, घुटनों में अधिक दर्द है तो योग करने के लिए डॉक्टर से सलाह लें। इसके अलावा योग करने के दौरान बाथरूम नहीं जाना चाहिए बल्कि अपने शरीर का पानी पसीने के जरिए बाहर निकलना चाहिए।

**7. गलत पोज न करें**

इन्स्ट्रक्टर द्वारा बताए अनुसार ही योग करें। गलत आसन करने से कमर दर्द, घुटनों में तकलीफ या मसल्स में खिंचाव हो सकता है। इसके अलावा पीठ, घुटने या मसल्स की प्रॉब्लम हो तो योग करने से पहले ट्रेनर से सलाह जरूर ले।

**8. योग के तुरंत बाद न नहाएं**

योगासन करने के तुरंत बाद न नहाएं बल्कि कुछ समय बाद स्नान करें। क्योंकि किसी भी व्यायाम या अन्य शारीरिक गतिविधि के बाद शरीर गर्म हो जाता है और आप एकदम से नहाएंगे तो सर्दी-जुकाम, बदन दर्द जैसी तकलीफ हो सकती है। इसलिए योग करने के एक घंटे बाद ही नहाएं।

**9. ध्यान केंद्रित करना**

योगासन करते समय अपने मोबाइल फोन ऑफ कर दें। क्योंकि इसे करते समय आपका ध्यान इधर-उधर नहीं होना चाहिए। इसके अलावा हंसी मजाक का माहौल न बनाए इससे आपसे योग में कोई गलत स्टेप हो सकता है।

**10. एक्सपर्ट से लें सलाह**

अक्सर लोग योग करने के लिए टीवी या कोई किताब पढ़ने लगते हैं लेकिन योग हमेशा किसी एक्सपर्ट की सलाह से ही करना चाहिए। इसके अलावा अगर आप किसी बीमारी से छुटकारा पाने के लिए योग कर रहें तो भी एक्सपर्ट से सलाह लेना न भूलें।

**इन बातों का भी रखें ख्याल**

1. योगासन खुली और ताजी हवा में करना सबसे अच्छा माना गया है। फिर भी अगर ऐसा करना संभव न हो तो, किसी भी खाली जगह पर आसन करें।
2. योग करते समय संवेदनशील अंग जैसे कमजोर घुटनें, कमर, रीढ.की हड्डी और गर्दन का खास ख्याल रखें। अगर आपको किसी भी तरह की प्रॉब्लम या दर्द हो तो धीरे-धीरे आसन की उस अवस्था से अपने आप को बाहर निकालें।
3. योग करते समय हमेशा ढीले और आरामदायक कपड़े ही पहनें। आप टी-शर्ट या ट्रैक पैंट पहनकर भी योगासन कर सकते है।
4. याद रखे कि किसी भी योगासन को झटके से न करें और न ही योग की मुद्रा से झटके से निकले। इसके अलावा योग उतना ही करे, जितना आप आसानी से कर पाएं। धीरे-धीरे अभ्यास बढाने की कोशिश करने करें न एकदम से अधिक योग करें।

# पसीना हो या जुएं इनसे बचाए फिटकरी



ज्यादातर घरों में फटकरी का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें पाए जाने वाले एंटी–बैक्टीरियल गुण स्किन प्रॉब्लम्स को दूर करने में सहायक है। फिटकरी के 2 रंग होते है, लाल और सफेद। आमतौर पर सफेद फटकरी का ही उपयोग होता है। यह पानी को साफ करने और खून को रोकने में मददगार है। इसके अलावा भी फटकरी के कई फायदे होते हैं, जिनके बारे में अधिकतर लोग नहीं जानते हैं। आज हम आपको बताएगे फिटकरी के कुछ ऐसे लाभ, जिन्हें जानकर आप हैरान रह जाएगे।

### 1. पसीने से छुटकारा

गर्मियों के मौसम में कुछ लोगों को जरूरत से ज्यादा पसीना आता है। पसीना आने से कपड़ों से बदबू भी आने लगती हैं। पसीने और बदबू को कम करने के लिए रोजाना नहाने के पानी में फटकरी मिलाकर नहाएं। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में पसीने से आने वाली बदबू दूर हो जाएगी।

### 2. चोट का खून रोकने में सहायक

चोट लगने पर शरीर पर लगी चोट से खून बह रहा हो तो फिटकरी का पाउडर चोट पर छिड़कने से ब्लींडिग बन्द हो जाता है।

### 3. जुएं से राहत

जुओं से राहत पाने के लिए लोग मार्किट से कैमिक्ल युक्त प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। कई बार इनसे रिएकशन भी हो जाता है। ऐसे में जुओं से छुटकारा पाने और सिर की गंदगी को दूर भगाने के लिए फटकरी का इस्तेमाल करें। इसके एंटी-बैक्टीरियल गुण के चलते जुंए मर जाते हैं और सिर की दूसरी गंदगी भी धुल जाती है.

### 4. डेड सेल्स खत्म

डैड सैल्स स्किन को काली करती हैं। इसके साथ ही चेहरे पर ब्लैकहैड्स होने लगती हैं। चेहरी की खूबसूरती को वापिस पाने के 1 चम्मच फिटकरी पाउडर में 1 चम्मच ऑलिव ऑयल मिलाकर अपने चेहरे और बॉडी पर लगाकर रगड़े। कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लेगा।

### 5. लंबे और मजबूत बाल

बालों को लंबा और मजबूत बनाने के लिए फिटकरी फाऊड को कंडीशनर में मिलाकर बालों में लगाएं। इसके बाद इसे पानी से धो लें। हफ्ते में 1 बार ऐसा करने से बाल लंबे और मजबूत होने लगेगें।

### 6. यूरीन इंफैक्शन

यूरीन इंफैक्शन हो जाने पर भी फिटकरी का इस्तेमाल किया जा सकता है। रोजाना फिटकरी के पानी से प्राईवेट पार्ट की सफाई करें, इससे इंफैक्शन दूर होगी।

# सर दर्द को गंभीरता से लें



बढ़ती गर्मी में अक्सर लोगों को सिर दर्द की परेशानी होने लगती है। अगर आपको लगातार सिरदर्द हो रहा है तो एक बार डॉक्टरी जांच जरूर करवाएं। यह माइग्रेन भी हो सकता है। माइग्रेन का दर्द साइलेंट किलर की तरह अचानक से अटैक करता है, जिससे सिर के आधे हिस्से में असहनीय दर्द होने लगता है। वहीं, गर्मियों में यह दर्द और भी बढ़ जाता है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं माइग्रेन स पीड़ित है। ऐसे में इसके लक्षण को पहचानकर जल्द इलाज करवाना बहुत जरूरी है।

माइग्रेन के लक्षण

- नींद की कमी
- धुंधला दिखाई देना
- बार–बार यूरिन आना
- चॉकलेट खाने का मन
- शरीर का एक हिस्सा सुन्न महसूस होना
- भूख कम लगना

माइग्रेन के कारण

- हाई ब्लड प्रैशर
- तनाव
- भरपूर मात्रा में पानी न पीना
- मौसम में बदलाव
- गर्मी में घूमना
- एलर्जी

माइग्रेन में क्या न खाएं

डिब्बाबंद पदार्थों, रेड वाइन और जंक फूड का सेवन न करें

माइग्रेन में क्या खाएं

दूध, दही, पनीर, दालें, मांस और मछली को डाइट में शामिल करें

माइग्रेन के घरेलू उपाय

- दिन में दो बार गाय के घी की कुछ बूंदे नाक में डालें।
- गुनगुने तेल से सिर की मालिश करें। इससे दर्द से राहत मिलेगी।
- नींबू के छिलकों का पेस्ट तैयार कर लें। बाद में इसे माथे पर लगाएं।
- दर्द होने पर तुरंत बर्फ या ठंडे पानी की पट्टी सिर पर रखें। इससे दर्द से आराम मिलेगा।
- तनाव मुक्त रहें।

स्पीड न्यूज

## डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर व डीएसपी हेड क्वार्टर ने पदभार ग्रहण किया



**धनबाद।** शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था श्री दीपक कुमार एवं पुलिस उपाध्यक्ष मुख्यालय 1 श्री शंकर कामती ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। मौके पर निवर्तमान पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा ने पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था दीपक कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 1 अमर कुमार पांडेय ने पुलिस उपाध्यक्ष मुख्यालय 1 शंकर कामती का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## बाघमारा डीएसपी पदभार ग्रहण किया



**कतरास।** शनिवार को बाघमारा के नए डीएसपी महेश प्रजापति ने पदभार ग्रहण किया। मौके पर उन्होंने बताया कि किसी भी कीमत पर अवैध कारोबार बाघमारा अनुमंडल में नहीं चलने दिया जाएगा, विधि व्यवस्था को कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन हमेशा मुस्तैद रहेगी। पुलिस पब्लिक के साथ सीधा संवाद करेंगी। भय मुक्त और अपराध मुक्त बाघमारा बनाना ही मेरा उद्देश्य है।

## दामोद घाटी निगम अध्यक्ष ने किया मैथन परियोजना का दौरा

**कुमारधुबी।** दामोदर घाटी निगम के नए अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहली बार मैथन परियोजना का दौरा किया। डीवीसी अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ महाप्रबंधक यांत्रिक सुभाष सिंह भी थे। वही अध्यक्ष कैंप में उनका स्वागत मैथन परियोजना के कार्यपालक निदेशक वह परियोजना प्रधान अंजनी कुमार दुबे ने पुष्पगुच्छ देकर किया। उन्हें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उसके बाद उन्होंने पौधा रोपण किया तथा फ्लावर गार्डन का निरीक्षण किया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

**काठीकुंड।** दुमका जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिपुर गांव के पास मोटरसाइकिल और टैंकर में आमने सामने टक्कर से एक युवक की मौत हो गई और दूसरा युवक घायल हो गया। मृत युवक की पहचान चंद्रपुरा गांव निवासी साउल हांसदा के पुत्र नेल्सन हांसदा के रूप में हुईए और घायल युवक चंदरपुर गांव के ही समसेर अंसारी के बेटे टिंकू अंसारी के रूप में हुई।मामले की सूचना मिलते ही काठीकुंड थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज हेतु पुलिस वाहन से ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काठीकुंड ले जाया गया। प्रशासन द्वारा मृत युवक को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज टैंकर को जब्त कर थाना ले जाया गया।

## युवती ने दुपट्टे से फांसी लगा दी जान

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत मेनकाडीह गाँव की रहनेवाली 22 वर्षीय हुस्नआरा खातुन शव फांसी के फंदे से झूलता शनिवार को बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार हुस्नआरा खातुन अहले सुबह घर से बाहर निकल गई और दिगलपहाड़ी गाँव के सीमा में जाकर पलाश के पेड़ से अपनी दुपट्टे से फांसी लगा ली।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा : हंसडीहा में राहुल के एक झलक पाने को बेताब दिखे लोग

## राहुल गांधी जिंदाबाद के लगाये गये नारे

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का काफिला शनिवार को गोड्डा से पोड़ैयाहाट के रास्ते दुमका की सीमा घटवारी चौक में प्रवेश किया। यहां पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता व समर्थकों द्वारा राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान राहुल गांधी की एक नजर पाने के लिए लोग घंटो पहले हंसडीहा देवघर एनएच 133 पर खड़े होकर उन्हें निहार रहे थे। जैसे ही राहुल गांधी का काफिला हंसडीहा पहुँचाए राहुल गांधी जिंदाबाद कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। इस दौरान राहुल गांधी ने भी हाथ हिलाकर अपने समर्थकों का अभिवादन किया। वहीं पार्टी कार्यकताओं व समर्थकों द्वारा दुमका की सीमा घटवारी चौक गंगवारा बारीडीह हंसडीहाए पगवारा बनहेतिए झारखंड मोड़ बाबुडीह और सरैयाहाट में राहुल गांधी का पुष्प वर्षा कर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।राहुल गांधी इस यात्रा के दौरान कड़े सुरक्षा घेरे वाले वाहन में थे।



### केंद्र सरकार पर साधा निशाना

सरैयाहाट में न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र में आइएनडीआइए की सरकार बनी तो पूरे देश में जातीय जनगणना कराया जाएगा। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में पीएम मोदी ने किसान और युवाओं को ठगने का काम है। रोजगार नहीं दिया है। उन्होंने कहा हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए धर्म और नफरत की राजनीति करने वालों को बेनकाब करने की बात कही। सबके बीच मोहब्बत का पैगाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत कांग्रेस की सरकार आएगी। भाजपा के लोग देश में हिंसा फैला रहे हैं। अडाणी .अंबानी पर हमला करते हुए कहा कि इन लोगों ने बेरोजगार को रोजगार नहीं दिया है।

### पीएम मोदी से किसान-युवा नाराज

राहुल गांधी ने कहा कि देश के किसान मजदूर नरेंद्र मोदी से नाराज हैं। एकजुट होकर विरोध जताया तो तीनों काला कानूनों को केंद्र सरकार ने वापस लिया। राहुल ने भीड़ को नारा देते हुए कहा कि अब यही नारा लगाना है

### सुबह से ही अलर्ट पर रहा जिला प्रशासन

गोड्डा से हंसडीहा के रास्ते गुजरने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर जिला प्रशासन शनिवार सुबह से ही अलर्ट दिखी। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमारएडीएसपी मुख्यालय विजय कुमारए साईबर डीएसपी शिवेन्द्र कुमार प्रशिक्षु डीएसपी अमित रविदासए बीडीओ सरैयाहाट महेश्वरी प्रसाद यादव ने प्रस्तावित रूट का निरीक्षण किया।पदाधिकारियों ने दुमका जिला की सीमा घटवारी चौक से सभा स्थल कोठिया तक बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### समर्थकों ने राहुल संग खिंचवाई फोटो

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान अपने काफिले के साथ चल रहे राहुल गांधी ने उत्साहित समर्थकों को देख झारखंड मोड़ के समीप अपनी गाड़ी को रुकवाया और वहां खड़े समर्थकों से हाथ मिलायाए उत्साहित समर्थकों ने राहुल गांधी के साथ अपनी फोटो खिंचाई। वहीं सड़क किनारे खड़े स्कूली बच्चों ने भी हाथ हिलाकर राहुल गांधी का अभिवादन किया।

एक नजर में

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट का निरीक्षण



**धनबाद।** वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राहुल गांधी की धनबाद में आयोजित होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट का निरीक्षण किया। पदाधिकारियों ने धनबाद जिले की बॉर्डर, राहुल गांधी के रात्रि विश्राम स्थल, गोविंदपुर, सरायढेला, रणधीर वर्मा चौक, श्रमिक चौक से लेकर बैंक मोड़ तक यात्रा के निर्धारित रूट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा, वरीय पुलिस उपाधीक्षक यातायात श्री राजेश कुमार सहित संबंधित थाना क्षेत्र के इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी मौजूद थे।

## प्रशासन ने की शांति समिति की बैठक

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बगड़ो में बीती रात यज्ञ स्थल से कुछ ही दूरी पर बने स्वागत त्वरण द्वार पर रखे बजरंगबली की प्रतिमा गिरा पड़ा था। प्रतिमा गिरने की खबर पूरे पंचायत में आग की तरह फैल गई। जिसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों ने डोमचांच पुलिस प्रशासन को दिया। वहीं प्रशासन मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। वहीं घटना की सूचना पाकर एएसपी प्रवीण पुष्कर, बीडीओ भोला पांडेय, सीओ रविंद्र पांडेय, थाना प्रभारी पंचम तिग्गा आदि घटना स्थल पर पहुंच कर पुलिस पदाकिारियों की मौजूद्गी में एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में यज्ञ को शांतिपूर्ण तरीके से सफल बनाने की अपील की गई। साथ ही प्रशासन ने कहा कि घटना से संबंति जांच पड़ताल की जा रही है। बैठक में पूर्व मुखिया राजेन्द्र यादव, संजय पंडित, सनोज प्रसाद, विजय प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद यादव, लक्ष्मण प्रसाद आदि मौजूद थे।

## वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना काण्ड सं 841/2019 के अभियुक्त 35 वर्षीय पंकज कुमार पिता कपिलदेव प्रसाद यादव ग्राम सरबहना पंचायत मााेपुर थाना सतगावां निवासी को शनिवार को सतगावां थाना में पदस्थापित नंदकिशोर प्रसाद एवं सशस्त्र बल के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## टांगी का भय दिखाकर महिला के साथ दुष्कर्म

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जियोरायडीह के बिरहोर टोला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह बकरी चराने गई 40 वर्षीय महिला के साथ जंगल में संजय बिरहोर पिता मंगर विरहोर ने टांगी का भय दिखाकर दुष्कर्म को अंजाम दिया है। वहीं उक्त मामले को लेकर डोमचांच पुलिस आगे की कर्रवाई करने में जुट गई है।

## ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत, एक युवक की मौत, दो गंभीर

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के परहाटोली गांव के समीप शुक्रवार की रात लगभग 8 :30 बजे ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिल की सीधी भिडंत में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक की पहचान फुलवारटोली गांव निवासी 21 वर्षीय प्रवीण खलखो के रूप में की गई। जबकि घायलों में भेलवातला निवासी प्रेम सागर कुजूर एवं फुलवारटोली निवासी ओस्कर लकड़ा के नाम शामिल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार युवक डुमरी की ओर से अपने गांव परहाटोली जा रहे थे।

# मासूम खान और जितेंद्र सिंह ने थामा कांग्रेस का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** शनिवार को वार्ड संख्या 2 के पार्षद प्रतिनिधि एवं भाजपा विधायक के करीबी मासूम खान ने अपने अवासीय कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अधिवक्ता जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है ,तानाशाही हावी है, सरकार के द्वारा डिक्टेटरशिप चलाया जा रहा है। व्यापारियों का 12000 करोड़ का ऋण माफ कर दिया जा रहा है। किसानों का ऋण माफ करने के लिए सरकार के पास पैसा नहीं है। यह दोहरीनीति दशार्ता है कि भारत सरकार देश में पूंजीपतियों का समर्थन कर रही है। गरीब लोग और मध्यम वर्ग के लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। वहीं स्थानीय स्तर पर ले ले तो पिछले 15 वर्षों से बाघमारा क्षेत्र की भी स्थिति अच्छा नहीं है। बाघमारा की जनता त्राहिमाम कर रही है बाघमारा में कुछ पूंजी पत्तियों का ही विकास हुआ है। इसलिए वार्ड संख्या 2 के युवकों ने यह निर्णय लिया है कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जो देश को सही दिशा में ले जा सकती है। राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाला गया है। रविवार को मासूम खान के नेतृत्व में राहुल गांधी और कांग्रेस पर आस्था रखते हुए हजारों की संख्या में युवक बाइक लेकर राहुल गांधी का स्वागत करेंगे एवं कांग्रेस पार्टी का दामन थामेंगे। वही प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए वार्ड संख्या 2 के पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान ने बताया कि आज देश की एकता ,अखंडता, संप्रभुता होता खतरे में है। भाजपा के द्वारा देश को जिस दिशा में ले है जा रही है वह काफी खतरनाक है। देश में अमन पसंद लोग आज भयभीत है। इसलिए हम लोगों ने यह मिलकर निर्णय लिया है कि देश को बचाने के लिए राहुल गांधी जी का खुलकर समर्थन करेंगे एवं बाघमारा में पिछले 15 वर्षों से चल रही स्वार्थ की राजनीति को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।

### प्रेस वार्ता में थे शामिल

प्रेस वार्ता में पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान बार एसोसिएशन के महासचिव जीतेंद्र कुमार, पूर्व सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी शकील अहमद, जियाउल हक, रामबचन पासवान, नईम अंसारी, मो जावेद ( मुखिया ), मो सोयब, शमीम अख्तर, मो शाहिद, मो जिम्मी, मो सेराज, मो नदीम, मो इस्तेखार, मो लडन, मो इम्तियाज आदि मौजूद थे।

## शार्ट सर्किट से हेडवेयर दुकान में लगी आग

**गुमला।** पालकोट रोड में संचालित बाबा बर्फानी हार्डवेयर दुकान में शार्ट सर्किट से आग लगने से दुकान में रखा सारा समान जलकर राख हो गया। इस घटना में दुकान संचालक को लगभग सात लाख रूपये का नुकसान हुआ है। इस संबंध में दुकान संचालक विकास कुमार गुप्ता ने गुमला थाना में लिखित शिकायत भी दर्ज करायी है। विकास गुप्ता ने कहा कि घटना के दिन सात बजे उसने दुकान बंद की थी। रात्रि करीब दस बजे वह सोने चले गये। दुकान उनके आवास के बाहर ही संचालित है। उठकर देखा तो दुकान में आग लगी हुई है। इस दौरान पुलिस के द्वारा बुलाये गये अग्निशमन वाहन आकर आग को बुझाया।

## लोयला स्कूल में ग्रेजुएशन डे का आयोजन

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के तालडांगा स्थित लोयला स्कूल में शनिवार को ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कैंडल मार्च के साथ हुआ।स्कूल के छात्र छात्राओं ने हाथों में कैंडल लेकर सभागार में प्रवेश कर मंच के सामने सभी कैंडल को स्थापित किया। मुख्य अतिथि जमशेदपुर से आये फादर एल्विन सीवी वेकर का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर एवं साल ओढ़ाकर किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मुख्य अतिथि सहित लोयला स्कूल के सचिव अमातुष कुजूर,प्राचार्य फादर जानी पी देवासिया, उपप्राचार्या सिस्टर विवियाना ने की।

## डालसा ने विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन पर जिला मुख्यालय के रामकृष्ण आश्रम उच्च विद्यालयए दुमका में छात्र.छात्राओं को जागरूक करने के लिए विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने की। प्राधिकार सचिव ने स्कूली बच्चों को बाल श्रम बाल विवाह संविधान के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य व घरेलू हिंसा के विषय पर कानूनी जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह से संबंधित मामलों की शिकायत जिला न्यायालय में की जा सकती है। बाल श्रम के संबंध में उन्होंने बताया कि 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बालक से यदि किसी दुकान फैक्ट्री या किसी सार्वजनिक स्थलों पर कार्य करवाया जाता है तो इसमें कड़े दंड का प्रावधान है। उन्होंने जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के बारे में बताया कि इसके तहत बालक व बालिकाओं के मुकदमे देखे जाते हैं और मुकदमा होने पर उन्हें जेल नहीं बल्कि बाल सुधार गृह भेजा जाता है। कार्यक्रम में आगे उन्होंने साइबर अपराध एवं मानव तस्करी के बारे में भी विस्तारपूर्वक समझाया। मौके पर लीगल ऐड डिफेंस काउंसिलए अंकित कुमार सिंह ने लैंगिक अपराध एवं लीगल ऐड डिफेंस प्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया।

## छिपादोहर पुलिस ने तनवाई गांव में डेढ़ एकड़ जमीन में लगे पोस्ता को किया नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरवाडीह।** छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत लात पंचायत के तनवाई गांव में वृहद पैमाने में हो रहे पोस्ता की खेती की सूचना पर शनिवार को छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने दल बल के साथ पहुंचकर पोस्ता को नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि तनवाईं गांव में लगभग डेढ़ एकड़ में पोस्ता को खेती हो रही थी। इसकी सूचना जिला पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिलने पर सूचना पर कारवाई करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, सीआई रमेश कुमार के साथ-साथ सीआरपीएफ और आईआरबी के जवानों के साथ मौके पर पहुंच कर पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया गया हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्ता की खेती स्थानीय निवासी रघुनंदन सिंह की जमीन में की जा रही थी। इस मामले में जमीन के मालिक और पोस्ता की खेती में संलिप्त लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कारवाई की जायेगी।

वहीं बीडीओ राकेश सहाय ने गांव के लोगों को पोस्ता की खेती नहीं करने को लेकर कड़ी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्य कानूनन अपराध है। उन्होंने कहा कि पोस्ता की खेती कहां-कहां हो रही है। इसमें किनकी सहभागिता है, कौन-कौन लोग इसके सप्लायर है, इसकी पड़ताल शुरू हो गयी है, और इस धंधे से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। ज्ञात हो कि लातेहार जिले के कई इलाकों में पिछले कई वर्षो में पुलिस द्वारा पोस्ता की खेती के नष्ट किया गया है। इधर अचानक हुई पुलिसिया कारवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## राजस्व ग्राम की सूची में नहीं है खैरबनी गांव



**काठीकुंड।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरबनी गांव मौजा संख्या 14 अभी तक राजस्व ग्राम की सूची में शामिल नहीं है। राजस्व ग्राम की सूची में नही रहने के कारण लोग अपने खजाना रसीद को ऑनलाइन होने के बाद अभी तक जमा नही कर पाए हैं।जिससे स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को अपने जाति एनिवासीए एवं आय प्रमाण पत्र बनाने में काफी परेशानी होती है।ग्राम प्रधान चूरामन सिंह ने बताया कि ऑनलाइन होने के बाद वो सरकार को जमीन का राजस्व नही दे पा रहे है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने सांसद सुनील सोरेन से लेकर अंचल कार्यालय तक आवेदन देकर समस्याओं से अवगत करा चुके हैंएकिंतु अभी तक कोई पहल नही हुई। ग्रामीणों ने बताया की अगर हमारी समस्या का निदान नहीं होता है तो इस बार चुनाव में सभी ग्रामीणों द्वारा वोट बहिस्कार किया जाएगा।

## सिंदरी के पूर्व एसडीपीओ को चेम्बर ने दी विदाई

**सिंदरी ।** विगत 30 जनवरी को झारखंड सरकार के अवर सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार सिंदरी एसडीपीओ के पद पर भूपेन्द्र राउत का तबादला कर दिया गया है। इस आदेश के आलोक में पूर्व एसडीपीओ सिंदरी अभिषेक कुमार को शनिवार को सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स ने उन्हें विदाई दी। मौके पर पूर्व एसडीपीओ को शॉल ओढ़ाकर व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

## मुंबई में जमशेदपुर एफसी व मुंबई सिटी एफसी का मुकाबला आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/मुम्बई।** मुम्बई सिटी एफसी और जमशेदपुर एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में 4 फरवरी, रविवार को शाम 7:30 बजे (भारतीय समयानुसार) मुम्बई फुटबल एरेना (एमएफए) में आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला मुम्बई में जेएफसी के हेड कोच के रूप में खालिद जमील की पहली वापसी होगा, जहां उन्होंने आई-लीग में मुम्बई एफसी का कोच रहते हुए सफलता हासिल की थी। स्कट कूपर की विदाई के बाद जमील ने रेड माइनर्स पर बहुत अच्छा प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने रेड माइनर्स को कलिंगा सुपर कप के सेमीफाइनल तक पहुंचाया, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है क्योंकि वे अब तक अपने 13 आईएसएल मुकाबलों में केवल दो बार जीते हैं और सात बार हारे हैं।

दूसरी ओर, विंटर ट्रांसफर विंडो में आइलैंडर्स को बड़े झटके लगे हैं, क्योंकि ग्रेग स्टीवर्ट, अब्देनासर एल खयाति और रोस्टिन ग्रिफिथ्स जैसे प्रमुख खिलाड़ियों ने मुम्बई सिटी एफसी का साथ छोड़ दिया। मुख्य कोच पीटर क्रैटकी को अपने आगमन के बाद एक के बाद एक चुनौतियों का सामना करना पड़ा रहा है। वह इनसे किसी तरह से समस्याओं से निपटते हैं, यह देखना होगा और इससे सिटी फुटबल ग्रुप (सीएफजी) के स्वामित्व वाले क्लब में उनकी साख तय होगी।

**क्या है दांव पर? मुम्बई सिटी एफसी :** इस सीजन में कई प्रमुख खिलाड़ियों के जाने के बावजूद, आइलैंडर्स को घरेलू मोर्चे पर शीर्ष स्थान के लिए अपनी चुनौती बनाए रखने की कोशिश जारी रखते हुए अंत तक संघर्ष करना होगा। हालांकि, मुम्बई सिटी एफसी अपनी विनर्स शील्ड का बचाव कर रही है और वो उन उपायों से अच्छी तरह से वाकिफ हैं जो उन्हें अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मदद करेंगे।

## 11 फरवरी को रांची में भाजपा एसटी मोर्चा का जनजाति सम्मेलन

**जमशेदपुर।** राजधानी रांची में 11 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से विशाल जनजाति सम्मेलन प्रस्तावित है। इस सम्मलेन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। जनजाति सम्मेलन की सफलता एवं इसमें व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर अनुसूचित जनजाति मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को सम्पन्न हुई। मोर्चा के जिलाध्यक्ष बीनानंद सिरका की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू जिला, जिला के प्रभारी राम सिंह मुंडा, प्रदेश प्रवक्ता काजू सांडिल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य उपेंद्र सरदार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा मुख्यरूप से शामिल हुए। इस दौरान रांची के प्रभात तारा मैदान में होने वाले जनजाति सम्मेलन में जमशेदपुर महानगर के जनजातीय समाज की सक्रिय एवं अधिक से अधिक भागीदारी को लेकर व्यापक चर्चा कर रूपरेखा बनाई गई।

## जीएम ने किया पारसनाथ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा शनिवार को धनबाद मंडल के पारसनाथ स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जारी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की । इस अवसर पर धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा भी उपस्थित थे। इसके पहले कल मध्य रात्रि में महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा मानपुर-गया रेलखंड का औचक निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने मानपुर के निकट समपार संख्या 67स्पेशल का निरीक्षण किया एवं संरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं का जायजा लिया ।

साथ ही उन्होंने रेलवे ट्रैक की पेट्रोलिंग कर रहे गैंगमैन से संरक्षा के संबंध में पूछताछ की और प्रतिकूल परिस्थिति में भी अपनी जिम्मेवारियों के प्रति सजग रहने पर महाप्रबंधक ने उनकी प्रशंसा भी की। महाप्रबंधक महोदय द्वारा कल ही देर रात्रि गया जंक्शन स्थित ट्रैक मेंटेनेंस मशीन का अवलोकन भी किया गया । साथ ही उन्होंने गया जंक्शन पर क्रू-लॉबी एवं संयुक्त रनिंग रूम का निरीक्षण किया एवं रेलकर्मियों से संरक्षित रेल परिचालन के संबंध में पूछताछ की ।

# यशस्वी 'जैसबॉल' की डबल स्ट्राइक के बाद बुमराह ने छुड़ाये 'छक्के'

## दूसरे दिन का खेल खत्म, दूसरी पारी में भारत का स्कोर 28/0, टीम इंडिया को 171 रन की बढ़त

एजेंसी



**विशाखापत्तनम।** भरतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम के मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन छह विकेट लेकर मेहमानों को मात्र 253 रन पर ही रोक दिया। भारतीय टीम के पास अब 143 रन की लीड है। इससे पहले भारतीय टीम यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक की बदौलत 396 रन बनाए थे। जवाब में भले ही इंगलैंड ने तेजतर्रार शुरूआत की लेकिन जसप्रीत बुमराह ने 6 विकेट लेकर समीकरण पलट दिए। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम ने दूसरी पारी में पांच ओवर खेलकर 28 रन बना लिए हैं। रोहित 13 तो जायसवाल 15 रन बनाकर नाबाद खड़े हैं। भारत की लीड अब 171 हो गई है। इससे पहले जैक क्राउली की मौजूदगी के दौरान इंग्लैंड की टीम तेजी से रन बना रही थी लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट झटक कर मैच में भारत की वापसी कराई। लंच के तुरंत बाद कुलदीप यादव ने बेन डकेट (17 गेंद में 21 रन) को सिली पॉइंट पर कैच कराया। लेकिन क्राउली ने दूसरे छोर से आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए 11 चौके और 2 छक्के जड़े। इंग्लैंड की टीम 5 रन प्रतिओवर की अधिक गति से रन बना रही थी लेकिन बुमराह ने जो रूट (10 गेंद में 5 रन) और शानदार लय में चल रहे ओली पोप (55 गेंद में 23 रन) को पवेलियन की राह दिखाकर इस पर अंकुश लगाया। बुमराह ने अपनी अंदर आती और बाहर जाती स्विंग तथा रिवर्स गेंदों से रूट के मन में दुविधा उत्पन्न की। रूट इनस्विंगर की उम्मीद में बल्ले को अपने पैड के आगे ले आए लेकिन बुमराह की गेंद रिवर्स स्विंग होकर बाहर की ओर निकली और उनके बल्ले का बाहरी किनारा लग गया। इसके बाद उनके शानदार यॉर्कर का पोप के पास कोई जवाब नहीं था।

### 10वीं पारी में जड़ा दोहरा शतक

यशस्वी जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर की 10वीं पारी में ही दोहरा शतक लगा दिया। इसके साथ ही वह करुण नायर और विनोद कांबली के खास क्लब में शामिल हो गए। करुण नायर ने अपने करियर की तीसरी पारी में ही दोहरा शतक लगा दिया था। वहीं, विनोद कांबली ने पहले दोहरे शतक के लिए चार पारियां ली थीं। सुनील गावस्कर और मयंक अग्रवाल ने आठ पारियों में ऐसा किया था, जबकि पुजारा ने नौवीं पारी में पहला दोहरा शतक लगाया था। यशस्वी इस सूची में पांचवें स्थान पर आ गए हैं।

दूसरे सत्र के शुरूआती भाग में क्राउली ने आक्रामक पारी से भारत पर दबाव बनाया। उन्होंने बिना किसी लापरवाही के कुलदीप पर छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर रविचंद्रन अश्विन की गेंद को भी दर्शकदीर्घा में भेजा। अपना 26वां जन्मदिन मना रहे क्राउली ने अक्षर पटेल का स्वागत चौके से किया लेकिन एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में श्रेयस अय्यर द्वारा लपके गए। इससे पहले दिन की शुरूआती सत्र में यशस्वी जायसवाल ने शानदार दोहरे शतक के साथ भारतीय बल्लेबाजी का भार अपने युवा कंधों पर उठाया जिससे इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन टीम की पहली पारी में 396 रन पर समाप्त हुई। क्राउली और डकेट की सलामी जोड़ी ने लंच के समय इंग्लैंड को 6 ओवर में बिना किसी नुकसान के 32 रन पर पहुंचा दिया था। डकेट ने तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को निशाना बनाया, जिन्होंने अपने शुरूआती दो ओवरों में 22 रन लुटाए। भारतीय टीम ने 6 विकेट पर 336 रन से आगे खेलते हुए बीते दिन के अपने स्कोर में 60 रन जोड़े और लंच से लगभग आधे घंटे पहले 112 ओवर में ऑल आउट हो गई। जायसवाल ने 290 गेंद में 209 रन की पारी के दौरान 19 चौके और सात छक्के जड़े। मैच के शुरूआती दिन की तरह दूसरे दिन भी भारत को रन बनाने के लिए जायसवाल पर निर्भर रहना पड़ा, जिन्होंने दिन की शुरूआत 179 रन से की थी।

### कांबली और गावस्कर के क्लब में शामिल हुए जायसवाल

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में यशस्वी जायसवाल ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला दोहरा शतक लगाया और कई खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। वह टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने। इसके साथ ही सुनील गावस्कर और विनोद कांबली के क्लब में शामिल हो गए। वह बाएं हाथ के पांचवें सलामी बल्लेबाज भी बन गए, जिन्होंने भारत के लिए टेस्ट में दोहरा शतक लगाया है। यशस्वी ने अपने टेस्ट करियर की 10वीं पारी में ही दोहरा शतक जड़ा और करुण नायर-विनोदा कांबली के क्लब में शामिल हुए। इस मुकाबले की पहली पारी में जायसवाल ने 209 रन बनाए। घरेलू सरजमीं पर यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय दोहरा शतक है। इसी के साथ युवा बल्लेबाज विनोद कांबली और सुनील गावस्कर के क्लब में शामिल हो गए।

### टेस्ट में दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे कम उम्र के खिलाड़ी बने जायसवाल

विराट कोहली, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा जैसे धाकड़ खिलाड़ियों के बगैर उतरी भारतीय टीम ने इंग्लिश गेंदबाजों की जमकर खबर ली है। इसमें युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का अहम योगदान रहा। उन्होंने विरोधी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यही वजह है कि अब वह 200 रनों का स्कोर बनाने वाले तीसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ये कारनामा 22 वर्ष और 37 दिन की उम्र में कर दिखाया है। इस लिस्ट में विनोद कांबली शीर्ष दो स्थानों पर हैं। वहीं, सुनील गावस्कर 283 रनों के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर काबिज हैं।

### 200 रन बनाने वाले पांचवें बाएं हाथ के बल्लेबाज बने यशस्वी

भारत के लिए पांचवां टेस्ट मैच खेल रहे जायसवाल ने विशाखापत्तनम में जारी दूसरे टेस्ट मैच में अपने बल्ले की गड़गड़ाहट से कीर्तिमानों की झड़ी लगा दी। उन्होंने भारत का स्कोर 396 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इस शानदार प्रदर्शन के दम पर जायसवाल 200 रन बनाने वाले पांचवें बाएं हाथ के भारतीय बल्लेबाज बन गए। सौरव गांगुली ने सबसे पहले ये कारनामा किया था। उन्होंने 2007 में पाकिस्तान के खिलाफ 239 रनों का स्कोर बनाया था। इसके बाद विनोद कांबली और गौतम गंभीर ने ऐसा किया था।

### 150 विकेट: जसप्रीत बुमराह के नाम अद्भुत रिकॉर्ड

जसप्रीत बुमराह इसके साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम से सबसे तेज 150 टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 64वीं पारी में यह कामयाबी हासिल की, जबकि उन्होंने पूर्व कप्तान कपिल देव को पीछे छोड़ा। कपिल ने 67 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। उनके बाद जवागल श्रीनाथ का नंबर आता है। श्रीनाथ ने 72 पारियों में यह कारनामा किया था।

**बुमराह ने 10वीं बार लिया पंजा :** इससे पहले बेन स्टोक्स वनडे अंदाज में खेल रहे थे, लेकिन रोहित शर्मा ने उन्हें आउट करने के लिए जसप्रीत बुमराह को मोर्चे पर लगाया। इसके बाद बुमराह ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए कप्तान को निराश नहीं किया। बुमराह ने पहले मैच में हीरो ओली पोप को भी आउट स्विंगर पर बोल्ड किया था। वह गेंद पर भी गजब की थी। बुमराह ने इसके बाद टॉम हार्टल को आउट करते हुए पंजा खोला तो जेम्स एंडरसन को आउट करते हुए इंग्लैंड की पारी 55.5 ओवरों में 153 रनों पर समेट दी। यह 10वां मौका है, जब बुमराह ने टेस्ट पारी में 5 विकेट झटके हैं। यही नहीं, बुमराह सबसे कम गेंदों में 150 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। उन्होंने विदर्भ के तेज गेंदबाज उमेश यादव को पीछे छोड़ा। इस लिस्ट में मोहम्मद शमी, कपिल देव और अश्विन शामिल हैं।




# मैनचेस्टर सिटी की लगातार आठवीं जीत, बर्नले को 3-1 से हराया

एजेंसी

**मैनचेस्टर।** स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज (16 और 22वां मिनट) के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के मुकाबले में बर्नले को 3-1 से हराया। सिटी के अहम स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड लगभग दो महीने के बाद खेलने उतरे। वह चोट के चलते मैदान से दूर थे और 71वें मिनट में केविन डि ब्रून की जगह खेलने आए। ब्रून ने अल्वारेज के दूसरे गोल करने में मदद की। सिटी ने सभी टूर्नामेंट में खेलते हुए लगातार आठवीं जीत दर्ज की और साथ ही यह उसकी बर्नले के खिलाफ लगातार 13वीं जीत है। इस बार खिताब को लेकर सिटी और लिवरपूल के बीच टक्कर है। लिवरपूल 51 अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष पर कायम है। वहीं, सिटी और आर्सेनल के 46 अंक हैं। सिटी गोल अंतर में आगे होने के चलते दूसरे नंबर पर है। सिटी के लिए मैच में तीसरा गोल रोड्री ने फिल फोडेन के पास पर 46वें मिनट में किया। वहीं, बर्नले के लिए एकमात्र गोल अमीन अल दाखिल ने मैच के इंजुरी समय 90+3वें मिनट में किया, लेकिन यह सिर्फ हार का अंतर ही कम कर पाया। अल्वारेज अपने जन्मदिन पर ईपीएल में दो या इससे ज्यादा गोल करने वाले 10वें खिलाड़ी बन गए।



### लिवरपूल ने चेल्सी को दी शिकस्त

ईपीएल के एक अन्य मैच में लिवरपूल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चेल्सी को 4-1 से शिकस्त दी। लिवरपूल के लिए डियागो जोटा (23वें मिनट), कोनोर ब्रेडली (39वें मिनट), डोमोनिक जोबोस्लाई (65वें मिनट) और लुइस डियाज (79वें मिनट) ने एक-एक गोल दागे। वहीं, चेल्सी के लिए क्रिस्टोफर नकुंकु (71वें मिनट) ने एक गोल किया।

# दूर तक नहीं सोचती पीसीबी, इसलिए विदेश-देशी कोच काम नहीं करना चाहते : मिस्बाह

एजेंसी



**कराची :** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक का मानना है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में अनिश्चितता और उसकी अदूरदर्शिता के कारण विदेशी और यहां तक कि स्थानीय कोच भी देश के क्रिकेट बोर्ड के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। मिस्बाह ने 2019 और 2021 के बीच पाकिस्तान टीम के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी काम किया है। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि पाकिस्तान क्रिकेट में खिलाड़ियों और कोचों को एक या 2 श्रृंखलाओं के आधार पर या बोर्ड के शीर्ष प्रबंधन में बदलाव के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। सिंध प्रांत में एक स्थानीय टूनामेंट में हैदराबाद फ्रेंचाइजी को कोचिंग दे रहे मिस्बाह ने कहा कि अगर आप बोर्ड की नीतियों को देखें तो विदेशी कोच ही नहीं बल्कि हमारे स्थानीय कोच भी पीसीबी के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट को इतने अव्यवस्थित तरीके से नहीं चलाया जाना चाहिए। हमें टीम प्रबंधन, चयनकताओं और खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए दीर्घकालिक योजनाएं बनाने की जरूरत है। दुर्भाग्य से पाकिस्तान में बोर्ड नेतृत्व में बदलाव से सब कुछ बदल जाता है।

### मसीर्डीज छोड़कर फेरारी से जुड़ेंगे लुईस हैमिल्टन

**लंदन।** लुईस हैमिल्टन ने इस सत्र के आखिर में मसीर्डीज छोड़कर फेरारी में जाने का फैसला लेकर मोटरस्पोटर्स जगत को हैरान कर दिया है। हैमिल्टन ने अगस्त के आखिर में मसीर्डीज के साथ करार दो साल के लिए बढाया था लेकिन नए करार में उन्होंने रिलीज का प्रावधान रखा था जिससे वह 2025 में फेरारी से जुड़ सकेंगे। उन्होंने टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा, इस टीम के साथ 11 साल बेहतरीन रहे हैं। मुझे इस पर गर्व है। मैं जब 13 साल का था, तभी से मसीर्डीज मेरे जीवन का हिस्सा है। मैं यहीं बड़ा हुआ और इसे छोड़ने का फैसला काफी कठिन था। लेकिन मेरे लिए यह जरूरी था। मैं नई चुनौती को लेकर काफी रोमांचित हूं। हैमिल्टन ने सात में से छह फामूर्ला वन खिताब मसीर्डीज के साथ जीते हैं।

### यूपी ने खड़ा किया रनो का पहाड़

**कानपुर।** आर्यन जुयाल (201) और करण शर्मा (208) के दोहरे शतकों की मदद से मेजबान उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में असम के खिलाफ शनिवार को अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 548 रन बनाकर समाप्त घोषित कर दी। ग्रीनपार्क मैदान पर दिन का खेल खत्म होने तक असम ने बगैर किसी नुकसान के अपनी पहली पारी में 116 रन बना लिये थे। परवेज मुशर्रफ 53 रन और राहुल हजारिका 51 रन बना कर क्रीज पर डटे थे। असम अभी भी मेजबान टीम की पहली पारी से 432 रन पीछे है।

### विराट, अनुष्का दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं: डिविलियर्स

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने शनिवार को खुलासा किया कि भारत के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर इस बात का खुलासा किया। उन्होने कहा मुझे बस इतना पता है कि वह ठीक है।

### श्रीलंका मार्च में करेगी बांग्लादेश का दौरा

**कोलंबो।** श्रीलंका की टीम मार्च में दो टेस्ट मैचों के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगी। दौरे में पहला टेस्ट 22 मार्च को दूसरा टेस्ट 30 मार्च से खेला जाएगा। बांग्लादेश के टेस्ट इतिहास का यह पहला मौका होगा, जब टेस्ट सीरीज का एक भी मैच राजधानी ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में नहीं खेला जाएगा। उस समय यह मैदान बांग्लादेश महिला बनाम ऑस्ट्रेलिया महिला सीरीज के आयोजन में व्यस्त होगा।

### डेविस कप 2024: पाकिस्तान के खिलाफ भारत को मिली 2-0 से बढ़त

**इस्लामाबाद।** भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप 2024 विश्व ग्रुप वन प्लेऑफ मैच में 2-0 से अहम बढ़त हासिल की। डेविस कप विश्व ग्रुप कप्लेऑफ मुकाबले के शुरूआती दिन शनिवार को रामकुमार रामनाथन ने अनुभवी ऐसाम-उल-हक कुरैशी को हराया, जबकि श्रीराम बालाजी ने अकील खान के खिलाफ सीधे सेटों में एक बेहतरीन जीत हासिल की।

### सलीमा टेटे ने खेला 100वां अंतर्राष्ट्रीय मैच, हॉकी इंडिया ने दी बधाई



**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए शनिवार को यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम पर अपना 100वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल रही सलीमा टेटे को हॉकी इंडिया ने बधाई दी है। एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में चीन के खिलाफ सलीमा भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। अपनी तेज गति के लिए मशहूर सलीमा ने 2016 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में भारत के लिए पदार्पण किया था।

### बेंगलुरु को हरा कर पंजाब एफसी नौवें स्थान पर

**नयी दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग 2023-24 सीजन के राउंड 13 में यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए मैच में बेंगलुरु एफसी को तीन अंकों से हराकर पंजाब एफसी तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गई। घरेलू टीम के लिए विल्मर जॉर्डन गिल, लुका माजसेन और मडीह तलाल ने गोल किए जबकि बेंगलुरु के लिए सुनील छेत्री ने सांत्वना गोल किया। यह घरेलू टीम की सीजन की दूसरी जीत है।

# ओलंपिक कोटे की आस में विनेश भी पहुंचीं जयपुर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने दिसंबर महीने में रेसलिंग फेडरेशन को निलंबित कर दिया लेकिन संजय सिंह की अध्यक्षता वाली फेडरेशन खुद को निलंबित नहीं मानती है। आइओए ने निलंबन के बाद फेडरेशन का काम काज देखने के लिए तदर्थ समिति बनाई है। निलंबित रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और तदर्थ समिति ने पिछले महीने अलग-अलग नेशनल्स का ऐलान किया। खेल मंत्रालय द्वारा निलंबित रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों के बीच खाई कितनी गहरी हो चुकी है यह जयपुर में तदर्थ समिति द्वारा आयोजित नेशनल्स में दिखाई दिया। खेल मंत्रालय और आइओए ने पुणे में हुई रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने नेशनल्स को मान्यता नहीं दी थी। निलंबित रेसलिंग फेडरेशन के महासचिव प्रेम लोचब जयपुर में हो रहे तदर्थ समिति के नेशनल्स के आयोजक हैं। वह यह आयोजन महासचिव के तौर पर नहीं बल्कि रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सचिव के तौर पर कर रहे हैं।

### तदर्थ समिति के पक्षधर हैं लोचब

आइओए और खेल मंत्रालय ने जयपुर नेशनल्स में दिए जाने वाले सर्टिफिकेट्स को मान्यता दी है जो कि खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी के समय काम आएंगे। वहीं संजय सिंह ने इन नेशनल्स को गैरजरूरी करार दिया था। उनका कहना था कि फेडरेशन की नजर में इन नेशनल्स की कोई अहमियत नहीं है। उनकी फेडरेशन में शामिल लोचब जयपुर में खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं देने की कोशिश में लगे हैं। लोचब को बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना करने वाले पहलवानों के करीब माना जाता है। यही कारण है कि वह आइओए की तदर्थ समिति के भी पक्षधर हैं।



लोचब ने दावा किया है कि तदर्श समिति के जयपुर में हो रहे नेशनल्स में पहलवानों को हर तरह की सुख सुविधा दी जा रही है।

### लोचब ने बताया कैसी हैं जयपुर नेशनल्स की तैयारियां

लोचब ने तैयारियों के बारे में बताया, यहां की तैयारियां देखकर ऐसा लग रहा है कि घर में किसी की शादी है। रेलवे के अधिकारी, अर्जुन अवॉर्डी भी यहां पहुंचे हैं। यह चैंपियनशिप काफी अहम है और हम इसे अच्छी तरह आयोजित करना चाहते हैं। नेशनल्स में आने वाले खिलाड़ियों के लिए हम सबकुछ करना चाहते हैं। सभी पहलवानों को खाना दिया जा रहा है, उन्हें होटल में रहने की जगह दी गई है। खिलाड़ियों को अपनी जेब से एक भी पैसा नहीं देना है। रेसलिंग फेडरेशन के चुनाव जीतने के बाद जब संजय सिंह ने एज ग्रुप चैंपियनशिप का ऐलान किया था। लोचब को इस प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया था। खेल मंत्रालय ने इस फैसले को अनुशासन और नियमों के खिलाफ माना था और फेडरेशन को निलंबित कर दिया था।

### विनेश लेंगी नेशनल्स में हिस्सा

जयपुर नेशनल्स में हिस्सा लेने वाले बड़े नामों में वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट विनेश फोगाट का नाम भी शामिल है। विनेश ने एशियन गेम्स में भी सर्जरी के कारण हिस्सा नहीं लिया था। वह एक साल से भी लंबे बाद इस चैंपियनशिप के साथ वापसी कर रही हैं वह शनिवार को जयपुर पहुंची और तदर्थ समिति से मुलाकात भी की। उनके साथ साक्षी मलिक भी मौजूद थीं। पेरिस ओलंपिक से पहले इन नेशनल्स की अहमियत बहुत ज्यादा है। यहीं से खिलाड़ी ओलंपिक ट्रायल्स के लिए दावेदारी पेश करेंगे। कौन से रेसलर्स पेरिस जाएंगे इसपर आखिरी फैसला आइओए का ही है।

### निखत, लवलीना करेंगी भारतीय चुनौती का नेतृत्व

**नयी दिल्ली।** बुल्गारिया के सोफिया में शनिवार से शुरू होकर 11 फरवरी तक खेले जाने वाले 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट के लिए बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मौजूदा विश्व चैंपियन निखत जरीन और लवलीना बोरगोहेन के नेतृत्व में 19 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट यूरोप की सबसे पुरानी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में से एक है जिसमें 30 देशों के लगभग 300 मुक्केबाजों के बीच रोमांचक जंग देखने को मिलेगी। यह टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक के लिए एक बेहतरीन तैयारी होगी।

### पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के लिए आरती ने किया क्वालीफाई

**पुणे।** उभरती भारतीय शटलर आरती पाटिल ने 20 से 25 फरवरी तक थाईलैंड में होने वाली आगामी बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2024 में अपनी जगह पक्की कर ली है। 23 वर्षीय कोल्हापुर निवासी वर्तमान में महिला एकल (खड़ी/ऊपरी अंग हानि) एसयू5 विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर है। खेलो इंडिया की स्वर्ण पदक विजेता आरती ने 2017 एशियाई युवा पैरा खेलों में मिश्रित युगल में रजत पदक जीता था। उन्होने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय पैरा-बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में महिला एकल और युगल स्पधाओं में सात कांस्य पदक अर्जित किए हैं।

## स्पीड न्यूज

### तेनुघाट के पूर्व मुखिया ने नये सीएम को बताया साफ सुथरे छवि का धनी

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट पंचायत की पूर्व मुखिया रेखा सिन्हा ने कहा कि हमारे झारखंड की बागडोर हमारे नए मुख्यमंत्री माननीय चंपई सोरेन के हाथ में दिया गया। चंपई सोरेन जो साफ एवं स्वच्छ छवि के व्यक्ति हैं। झारखंड बनने के समय उन्होंने भी गुरु जी के साथ अपनी भागीदारी निभाई थी और झारखंड बनने में माननीय चंपई सोरेन का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। इसके लिए सभी ने माननीय चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी । इस अवसर पर रमेंद्र कुमार सिन्हा, वेंकट हरि विश्वनाथन, मिकी विश्वनाथन, गोपाल जी विश्वनाथन, रतन कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, विनय कुमार, योगेश नंदन प्रसाद, शंकु कुमार, डुग्गू कुमार, शिवम कटरियार, श्रुति कुमारी, आर्या अरुण, बिन्नी अंनत, लाल बाबू, टुकटुक कुमार सहित और भी कई लोग मौजूद थे। सभी ने चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री बनने पर एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाई दी।

### विद्यार्थियों का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**बोकारो/तालगड़िया।** बोकारो जिला अंतर्गत चास प्रखंड के बिजुलिया स्थित बिनोद बिहारी महतो मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कक्षा दस के बच्चों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक दरबारी महतो ने कहा कि शिक्षा ही मानव जीवन की उन्नति का आधार है। शिक्षा से ही सभ्य समाज का निर्माण संभव है। विद्यालय प्रबंधन सीमित साधनों में भी अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रयासरत है। कहा कि परीक्षा एक मूल्यांकन का प्रकिया मात्र है इसलिए तनाव मुक्त होकर परीक्षा दें। मौके पर प्राचार्य परशुराम महतो अरुण महतो अजय कुमार राजेश कुमार सुमन कुमारी लक्ष्मी कुमारी सहित अन्य शिक्षक व कर्मी मौजूद रहे।

### लंबे समय बाद कथारा ओपी पुलिस को मिली बड़ी सफलता



**बेरमो/कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के बंद पड़े कैप्टिव पॉवर प्लांट (सीपीपी) से लौह सामग्री चोरी करते दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।यह कामयाबी कथारा ओपी को लंबे समय बाद मिली है। चूंकि आज तक सिर्फ चोरी का लोहा ही पकड़ा जाता था लोहा चोर नही। उक्त जानकारी देते हुए कथारा ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि गोमियां थाना (कथारा ओपी) कांड क्रमांक-6/24 के आरोपी पेटरवार थाना के खेतको निवासी मोहम्मद मुमताज अंसारी के 24 वर्षीय पुत्र मोहम्मद शाहिद रजा तथा अनवर हुसैन के 35 वर्षीय पुत्र नूर हसन को सीपीपी से लोहा चोरी करते लगभग एक टन लोहा सहित रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है।ओपी प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध भादवि की धारा-379,411,461/34 के तहत विधिवत गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया गया है।

### बीएंडके मे कोयलांचल के मजदूर नेता हरिशंकर सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



**बेरमो।** बोकारो एवं करगली क्षेत्र के जीएम ऑफिस परिसर मे जनता मजदूर संघ के तत्वाधान में दिवंगत कोयलांचल के मजदूर नेता हरिशंकर सिंह का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा कार्यक्रम की अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष राहुल कुमार ने किया। सर्वप्रथम स्व हरिशंकर सिंह के छायाचित्र पर सभी उपस्थित लोगों ने बारी बारी से पुष्प अर्पित कर श्रदांजली दी और उनके जीवनी पर सभी लोगो ने बारी बारी से प्रकाश डाला एवं उनके जीवन काल में मजदूर हित के किये गए कार्यो की चर्चा की गई और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा शांति हेतु भगवान से प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि सभा मे बीएंडके क्षेत्रीय अध्यक्ष राहुल कुमार, जोनल सचिव ओम प्रकाश सिंह, शंकर नायक, विकास सिंह, खुर्शीद आलम, विनोद शर्मा, मनोज सिन्हा, निमेष तिवारी, बिकेश कुमार, संजीव कुमार, सचिन सिंह, आशीष दा, संतोष सिंह आदि दर्जनो लोग से मुख्य रूप शामिल हुए।

### जिला बनाने को लेकर धरना के 60 वें दिन तेनुघाट में सर्वदलीय बैठक सम्पन्न



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति का साठवां दिन धरना स्थल पर समिति के सभी समर्थन करता एवं जिला बनाओ संघर्ष समिति के सभी सदस्य तथा विभिन्न राजनीतिक दलों से समर्थन करता सदस्यों के द्वारा आज बैठक की गई। बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी के अध्यक्षता में संपन्न की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की सरकार या सरकार के प्रतिनिधियों के द्वारा जिला बनाओ को लेकर यदि सार्थक पहल नहीं हो पता है तो आंदोलन को धारदार करने का निर्णय लिया गया। मौके पर अधिवक्ता संघ के महासचिव सह जिला बनाओ संघर्ष समिति के पदेन सचिव वकील प्रसाद महतो, सोशलिस्ट पार्टी लोहिया के मृणाल कांति देव, भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष चितरंजन साव, तेनुघाट मुखिया नीलम श्रीवास्तव, हजारी पंचायत मुखिया तारा मणि भोगता, स्वांग उतरी के मुखिया विनोद विश्वकर्मा, पंसस अजीत पांडेय, सी पी आई के गणेश महतो, सुरेश शर्मा, सुरेश प्रसाद यादव, मिथुन चंद्रवंशी, कुलदीप प्रजापति, मुन्ना श्रीवास्तव, शालीग्राम प्रसाद, राम बल्लभ महतो, अभिषेक मिश्रा, डी एन तिवारी, सुभाष कटरियार, अरूण कुमार प्रसाद, मुकेश कुमार, प्रताप कुमार, महेश ठाकुर, पंकज पाठक, कनक कुमार सिन्हा, रिया कुमारी, हसीना खातून, विकाश कुमार, मो साबिर, नारायण प्रजापति, संजय शर्मा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। साथी आज साथ में दिन भी धरना स्थल पर जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक धरना स्थल पर संतोष नायक बैठे रहे।

# लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर डीसी ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते डीसी।

**गढ़वा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभागार में बैठक की गई। बैठक में मतदान केन्द्र पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा की उपलब्धता, भलनरेबल मतदान केन्द्र, क्रिटिकल, नॉन क्रिटिकल मतदान केन्द्र, भलनरेबिलिटि मैपिंग, रूट चार्ट, बूथ अवेयरनेस, व्हील चेयर की आवश्यकता एवं उपलब्धता समेत अन्य विषयों को लेकर संबंधित पदाधिकारी से जानकारी ली गई। बैठक में डीसी ने उत्पाद अधीक्षक को आवश्यकतानुसार विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकनाका की जानकारी लेते हुए चेकनाका पर तैनात पुलिस के जवानों को सक्रिय रहकर हर गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया। इस दौरान डीसी ने भलनरेबल मतदान केन्द्र, क्रिटिकल, नॉन क्रिटिकल मतदान केन्द्र, भलनरेबिलिटि मैपिंग को लेकर एक सप्ताह के अंदर संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही मतदान केन्द्रों पर एएमएफ (सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा) फैसिलिटी के तहत पेयजल, शौचालय, विद्युतीकरण, रैंप की व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए सभी बीडीओ एवं सीओ को निर्देशित किया। जिससे मतदान के दिन पोलिंग पार्टी एवं मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। डीसी ने मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने को लेकर समय-समय पर स्वीप कोषांग के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से एसपी दीपक कुमार पांडेय, एसी मतियश विजय टोप्पो, श्री बंशीधर नगर एसडीओ रतन कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय सहित उत्पाद अधीक्षक, सभी थाना प्रभारी, सभी बीडीओ एवं सीओ उपस्थित थे।

## भुवनेश्वर बने नवोदय विद्यालय के प्राचार्य



प्राचार्य भुवनेश्वर साह।

**गढ़वा।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य के पद पर भुवनेश्वर साह ने योगदान दिया। उन्होंने निवर्तमान प्राचार्य रामानंद प्रसाद से प्रभार लिया। प्रभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराते हुए दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट को पहले से और बेहतर करना प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय की छोटी-छोटी समस्या को जिला प्रशासन और अभिभावक के साथ मिलकर दूर करते हुए विद्यालय को नई ऊंचाई पर ले जाना है।

## झारखंड की जनता साजिशकताओं को समय पर देगी जवाब : योगेन्द्र महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव व प्रवक्ता सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो ने राज्य में उपजे सियासी गतिविधियों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार देश को तानाशाही तौर पर चलाने को आतुर है। बिहार के बाद झारखंड में भी विपरीत परिस्थिति को जानबूझकर पैदा किया गया है। एक युवा आदिवासी मुख्यमंत्री जो दिन रात झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने और राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए काम कर रहा था उन्हें अपनी महत्वाकांक्षा के लिए केंद्र सरकार के इशारे पर अपदस्थ करने का घिनौना कार्य किया जाता है। यह लोकतंत्र और संविधान के लिए घातक कदम हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों असहायों मजदूरों किसानों युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत बाबू कृतसंकल्पित थे। झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता इस पूरे खेल को समझ रही है और इसका करारा जवाब साजिशकताओं को समय पर मिलेगा।

## कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराएं मैट्रिक व इंटर परीक्षा : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** न्याय सदन सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने आगामी 06 फरवरी से शुरू होने वाले जैक की मैट्रिक इंटर परीक्षा की तैयारियों को लेकर शिक्षा पदाधिकारी सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षकों बीडीओ/सीओ सह पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट/स्टैटिक मजिस्ट्रेट थाना प्रभारियों आदि के साथ बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक डीडीसी कीर्ति श्री जी.अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता एसडीओ बेरमो शैलेश कुमार जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान आदि उपस्थित थे। जिले में मैट्रिक के 23961 परीक्षार्थी कुल 63 केंद्रों व इंटर के 21595 परीक्षार्थी 44 केंद्रों पर परीक्षा देंगे। प्रश्न पत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं को रखने हेतु संबंधित प्रखंड के राष्ट्रीयकृत बैंक एवं कोषागार को चिन्हित किया गया है। डीसी श्री चौधरी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पर्याप्त रोशनी, शौचालय, पेयजल आदि की व्यवस्था हो। परीक्षा केंद्रों में परीक्षा का संचालन सीसीटीवी की निगरानी में होगा। जैक से प्राप्त मार्गदर्शिका के अनुरूप ही परीक्षा का संचालन करना है। उन्होंने केंद्राधीक्षकों व अन्य पदाधिकारियों को कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा को संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर एसपी प्रियदर्शी आलोक ने कहा कि परीक्षा को लेकर संबंधित थाना प्रभारी अलर्ट मोड में रहेंगे। मौके पर सम्बद्ध पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## झारखंड और हिमाचल प्रकृतिक का वरदान : सुरेश चंदेल



**बेरमो।** हिमाचल प्रदेश हमीरपुर लोकसभा के तीनबार के पूर्व संसद सदस्य सह हिमाचल प्रदेश के पूर्व भाजपा अध्यक्ष सुरेश चंदेल एशिया के सबसे बडे मिट्टी के डैम झारखंड के टेनुघाट डैम घुमाने आयें इस अवसर पर श्री चंदेल ने कहा कि झारखंड ओर हिमाचल दोनों राज्य प्रकृतिक का वरदान हैं ओर दोनों राज्य के निवासी अत्यंत ही सरल एवं मेहनती होतें हैं , श्री चंदेल ने कहा कि सरकारों को यहां पर्यटन स्थल पर विशेष ध्यान देने कि जरूरत हैं डैम सहित आसपास बहुत ही रमनीक स्थल हैं पर्यटन विभाग के लिए बहुत संभावना है इससे रोजगार सृजन भी होगा आसपास गांवों के लोगों को रोजगार बढेगा मैं स्वयं संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा करुंगा यहां बीटीपीएस सीटीपीएस आइएल जैसे संस्थान हैं बोकारो स्टील प्लांट सहित सीसीएल कम्पनी का संस्था हैं जिससे हिन्दुस्तान के सभी राज्यों के लोग यहां किसी ना किसी रूप में सेवा दे रहें हैं जिससे सभी प्रदेशों के परिवार आते है ऐसा में टेनुघाट डैम को संपूर्ण विकास करने से पर्यटकों का हूजूम रहेगा,मौके पर विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर मौजूद थें।

### रक्तवीर के संस्थापक विनय के जन्मदिन पर लगा रक्तदान शिविर



**बोकारो।** रक्तदान के क्षेत्र में अग्रणी बोकारो रक्तवीर परिवार के संस्थापक सचिव विनय कुमार ने अपने जन्मदिन पर थैलेशिमिया पीड़ित बच्चों के लिए सदर अस्पताल ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में संस्था के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर इस रक्तदान शिविर को सफल बनाया। मौके पर विनय कुमार ने कहा कि अपने जन्मदिन पर रक्तदान कर अनजान लोगों की खुशियों में शामिल हो जाऊंगा। संस्था के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि बोकारो में अब लोग अपने बच्चे के जन्मदिन विवाह की वर्षगांठ जैसे खुशियों के दिन में रक्तदान करने लगे हैं। मौके पर संस्था के राजा सिंह प्रशांत कुमार चंदन हामिद भोला सहित अन्य सदस्य एवं सदर अस्पताल की डॉ मैथली ठाकुर धनंजय संजय खुशी अखिलेश सहित अन्य का योगदान सराहनीय रहा।

## कोयला चोरों से अधिकारी त्रस्त : नायक



**बेरमो/जारंगडीह।** इन दिनों सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह परियोजना में कोयला चोरों की गिरफ्त में है अधिकारियों के लाख कोशिश के बाद भी यहां कोयला चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है और तो और कोयला चोरों को यहां के अधिकारियों का कोई खौफ तक नहीं है उल्टे चोर अधिकारियों को धमकाने से भी बाज नहीं आते हैं। मिली जानकारी के अनुसार जारंगडीह कांटा, रेलवे साइडिंग आदि क्षेत्रों में रात की बात तो दूर दिनदहाड़े सैकड़ों की तादाद में कोयला चोर बड़े पैमाने पर कोयला चोरी कर साइकिल तथा मोटरसाइकिल में बोड़ो के माध्यम से यानी बोरो मे भरकर बेखौफ ले जाते देखे जा सकते हैं और तो और साइडिंग में तथा कांटा घरों के समीप खड़ी टिपिन ट्रकों , डंपरों से सुरक्षा गार्ड के मौजूदगी में कोयला चोर कोयला उतार लेते हैं। इस शनिवार को जारंगडीह के कोलियरी के बालगोविंद नायक ने बताया कि वे कोयला चोरों के द्वारा किए जा रहे कारस्तानीयों से परेशान है। उन्होंने कहा स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले में कई बार आग्रह के बाद भी किसी तरह का सहयोग नहीं किए जाने के कारण कोयला चोरों का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा कोयला चोर उन्हें कई बार धमका चुके हैं। यही नहीं बीते शुक्रवार को उनके द्वारा कोयला चोरों को भगायें जाने के क्रम में चोरो द्वारा उन पर पत्थर बाजी की गई, जिससे वे बाल बाल बच गए। उन्होंने कहा कि कोयला चोर का आतंक इस कदर हावी है कि यहां कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी काम करने से कतराने लगे हैं। ऐसे में यह कोलियरी बंदी के कगार पर खड़ी है। नायक ने बोकारो के पुलिस कप्तान प्रियदर्शी आलोक से अपील की है कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए यथाशीघ्र कारगर कदम उठाएं और कोयला चोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।

# पत्रकारों ने नए प्राचार्य को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/कथारा/जारंगडीह।** बेरमो स्थित कृष्ण वल्लभ महाविद्यालय परिसर में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।समारोह में उपस्थित कॉलेज कर्मियों तथा क्षेत्र के दर्जनों पत्रकारों ने प्राचार्य को सम्मानित किया । यहां केक भी कांटे गए व उपस्थित जनों के बीच मिष्टान्न का वितरण भी किया गया। प्राचार्य कक्ष में आयोजित समारोह के अवसर पर नये प्राचार्य लक्ष्मी नारायण राय ने कहा कि इस कॉलेज की मान, सम्मान, प्रतिष्ठा बनाए रखना आवश्यक है। कहा कि उसमें आप तमाम मिडिया कर्मियों से सहयोग की अपेक्षा रखते हैं ।जबकि प्रोफेसर गोपाल प्रजापति ने कहा कि बेहतर सेवा देना और बच्चों के भविष्य को उच्च कोटि का बनाए रखना आवश्यक है इसके लिए कॉलेज परिवार शतत प्रयत्नशील है।मौके पर उपस्थित पत्रकार एकता मंच के साबिर अंसारी ने कहा कि मीडिया का उद्देश्य किसी को बदनाम करना नहीं बल्कि सत्य उजागर करना है। कहा कि उनकी अपेक्षा होगी कि पूर्व प्राचार्य के कार्यकाल में विकास कार्यो को जो मिली थी वह वर्तमान में भी बनी रहे। कॉलेज विकास गति कि ओर हमेशा अग्रसर रहे। यहां पत्रकारों तथा कॉलेज कर्मियों ने प्राचार्य श्री राय को बुके तथा केक खिलाकर सम्मानित करते हुए साधुवाद दिया। सम्मान समारोह में शामिल मीडिया कमीर्यों मे एस पी सक्सेना, साजेश गुप्ता, जगदीश भारती, अनिल वर्णवाल, अविनाश कुमार उर्फ राजा, मुकेश कुमार, मो इश्तियाक आदि दर्जनों मीडिया कर्मी मौजूद थे। जबकि कॉलेज की ओर से इस सम्मान समारोह में कॉलेज के प्रो गोपाल प्रजापति, नितिन चेतन तिग्गा, मथुरा केरकेट्टा, नीला पूर्णिमा तिर्की, मनोहर मांझी, आर पी पी सिंह, कर्मी रविंद्र कुमार दास, शिवचंद्र झा, सदन राम, रवि प्रकाश, मोहम्मद साजिद, भजन कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : सांसद पीएन सिंह



**बोकारो।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद पशुपति सिंह ने स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे विकासोन्मुख एवं विकसित भारत की एक कड़ी बताया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के कार्यकाल खंड में लगभग डेढ़ करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया गया, 300 नए आईटीआई खुले, 390 नए विश्वविद्यालय स्थापित हुए, धनबाद में स्थित आइएसएम को आईआईटी का दर्जा दिया गया और लगभग हर राज्य में समुचित चिकित्सा सुविधा हेतु एम्स की स्थापना हुई। नरेंद्र मोदी जी की सरकार 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय विकास एवं समाज के चार प्रमुख स्तंभों युवा, नारी, गरीब एवं किसानों के समुचित प्रगति हेतु कृत संकल्पित है। विभिन्न आंकड़ों के माध्यम से उन्होंने बताया कि युवाओं के रोजगार हेतु पीएम मुद्रा योजना अंतर्गत 43 करोड़ रुपए का ऋण मंजूर किया गया। नारी को नारायणी मानकर महिलाओं के सशक्तिकरण का कार्य जारी है तो गरीब को गणेश मानकर उनको प्राथमिकता देने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण, नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जयदेव रॉय पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह भैया आरएन ओझा वीरभद्र सिंह विद्यासागर सिंह एके वर्मा अनिल सिंह इंद्र कुमार झा दिलीप श्रीवास्तव विशाल सिंह आदि उपस्थित थे।

### भाजपा ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय गढ़वा में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम् गीत के साथ की गई। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, जिला प्रभारी बिपीन बिहारी सिंह एवं ओमप्रकाश केशरी को सम्मानित किया गया। इस दौरान निवर्तमान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो को अपना कार्यभार सौंपा। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है। छोटा से छोटा कार्यकर्ता भी संघर्ष के दम पर भाजपा में ऊंचे लक्ष्य को प्राप्त करता है। भाजपा कार्यकर्ता संघर्ष के उपज है। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा में हर तीन वर्ष के बाद पद दायित्व बदलता है। परिवर्तन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं। पार्टी संगठन का काम करने वाले कार्यकर्ता हमेशा आगे बढ़ते हैं।

## पेज 1 का शेष

### एलके आडवाणी को...

घोषणा के बाद राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम समेत तमाम नेताओं ने श्री आडवाणी को बधाई दी। शीघ्र ही उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जायेगा। **भावुक आडवाणी बोले, जीवन मेरा नहीं देश का है :** भारत रत्न मिलने की खबर सुन कर श्री आडवाणी भावुक हो गये। वे भावुक अवस्था में मीडिया के सामने आये। पूर्व डिप्टी पीएम ने इस क्षण में दिवंगत दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को याद कर कहा कि उन्हें उनके साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनकी बेटी ने मिठाई खिलाकर अपने पिता को बधाई दी। आयु के कारण उनकी बेटी प्रतिभा आडवाणी ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि उनका पूरा परिवार बेहद खुश है। आज उन्हें सबसे ज्यादा अपनी मां (कमला आडवाणी) की याद आ रही है। सम्मान के बारे में सुनक वे बहुत खुश हुए। इस वयोवृद्ध नेता ने वक्तव्य जारी कर कहा कि 14 वर्ष की आयु में संघ का कार्यकर्ता बनने के बाद से उन्होंने देश सेवा और उन्हें दिये कार्य को समर्पण को पारितोषिक माना है। वे इदं न मम से प्रेरित होकर यह मानते रहे हैं कि यह जीवन अपना नहीं बल्कि देश का है। आडवाणी ने उन सभी को याद किया है जिनके साथ उन्हें कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। साथ ही कामना की है कि देश तरक्की की नित नयी ऊंचाइयां छूए। **उनसे बहुत कुछ सीखा, यह मेरा सौभाग्य : मोदी-** पीएम मोदी ने एक्स पर इस सूचना को साझा करते हुए भाजपा नेता आडवाणी के साथ अपने दो पुराने फोटो अपलोड किये हैं। साथ ही कहा, आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है। मैं इसे हमेशा अपना सौभाग्य मानूंगा कि मुझे उनके साथ बातचीत करने और उनसे सीखने के अनगिनत अवसर मिले। भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर उप पीएम के रूप में देश की सेवा करने तक का है। उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं। सार्वजनिक जीवन में आडवाणी जी की दशकों लंबी सेवा को पारदर्शिता और अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के रूप में चिह्नित किया गया है। उनकी राजनीतिक नैतिकता ने अनुकरणीय मानक स्थापित किया है। मोदी ने कहा, आडवाणी ने राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को आगे बढ़ाने की दिशा में अद्वितीय प्रयास किये हैं। **कराची से दिल्ली तक का सफर :** 96 वर्षीय भाजपा का दिग्गज नेता आडवाणी का जन्म 1927 में पाकिस्तान के कराची में हुआ। साल 1942 में ही वो राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ में शामिल हुए और आजादी के संघर्ष में अपना योगदान दिया। 1947 में देश के आजाद होने और भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के बाद वो परिवार के साथ सिंध से दिल्ली आ गये। यहां पहले जनसंघ से जुड़े और फिर आपातकाल के बाद भाजपा के संस्थापक सदस्य बने। 1988 में वो पहली बार भारत के गृह मंत्री बने। जून 2002 से मई 2004 तक अटल बिहार वाजपेयी की सरकार के दौरान वो देश के उप प्रधानमंत्री रहे।

### सरकार बनी तो...

राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि आज देश में युवाओं, किसानों, आदिवासियों, दलितों के साथ अन्याय हो रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने किसानों के विरुद्ध काला कानून लाया, पर भारी विरोध के कारण उन्हें पीछे हटना पड़ा। मोदी सरकार ने अडानी का लाखों करोड़ों का ऋण माफ कर दिया पर किसानों का नहीं किया। आज पूरे देश में भाजपा आरएसएस सभी नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। वहीं हम और हमारे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को वहां पर मोहब्बत की दुकान खोलनी है। इसी इस यात्रा का संकल्प है। उनकी यात्रा में कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी सहित कई नेता और काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। **बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना :** पाकुड़ और दुमका होते हुए शनिवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने देवघर पहुंचे। यहां बाबा बैद्यनाथ मंदिर में करीब 30 मिनट तक पूजा-अर्चना की। राहुल गांधी गुलाबी रंग की धोती और गमछे में नजर आये। मंदिर में प्रवेश करते ही लोगों की भीड़ ने मोदी-मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिये। मंदिर के पुरोहितों ने उनसे पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना करायी। बाबा मंदिर प्रभारी सह एसडीएम दीपांकर चौधरी ने बताया कि इस दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा गया था। पूजा के दौरान उनके ललाट पर चंदन का लेप लगा हुआ था। गर्भ गृह में उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की और शिवलिंग पर जलार्पण किया। राहुल के दौरे को ले कर एक बजे से बाबा मंदिर में आम भक्तों की इंट्री पर रोक लगा दी गयी थी। मंदिर में पंडा पुरोहितों ने अपने-अपने तय मंदिर में बैठकर राहुल गांधी का अभिवादन किया। उनके मंदिर से लौटने के बाद फिर आम भक्तों की इंट्री प्रारंभ कर दी गयी। बाबा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद राहुल गांधी टावर चौक देवघर से वीर कुंवर सिंह चौक तक रोड शो करते हुए पहुंचे। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि पूरे हिंदुस्तान का एक्स-रे होना चाहिए। जातिगत जनगणना हो ताकि पता चले किसकी कितनी भागीदारी है।

स्पीड न्यूज

## सीबीआइ ने कोलकाता और 24 उत्तरी परगना में 8 स्थानों पर तलाशी ली

**नयी दिल्ली।** जाली अधिवास प्रमाणपत्र रैकेट मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने शनिवार को कोलकाता और 24 उत्तरी परगना जिले में आठ स्थानों पर तलाशी ली। सीबीआइ की यह कार्रवाई जाली अधिवास प्रमाण पत्र जारी करने वाले सक्रिय गिरोह के खिलाफ है। जाली अधिवास प्रमाण पत्रों का उपयोग सेना व अर्द्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए किया जा रहा था।

## 21 लाख श्रमिकों के बकाये का भुगतान करेगी सरकार : ममता

**कोलकाता।** कोलकाता के रेड रोड पर बंगाल के प्रति केंद्र सरकार के कथित उपेक्षापूर्ण रवैये के खिलाफ दो दिनों से धरने पर बैठीं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को बड़ा ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बंगाल के मजदूरों को 100 दिनों के काम के बकाये का भुगतान करेगी। 21 फरवरी को 21 लाख वंचित लोगों के खाते में पैसे आयेंगे। ममता बनर्जी ने कहा कि जिन 21 लाख श्रमिकों का पैसा केंद्र सरकार ने नहीं दिया है, उनका पैसा 21 फरवरी को उनके बैंक खाते में चला जायेगा। राज्य सरकार यह धनराशि भेजेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन साल से केंद्र ने मजदूरों को 100 दिनों का पैसा नहीं दिया है। बंगाल सरकार उस बकाये का भुगतान करेगी।

## छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में मुठभेड़ दो नक्सली ढेर

**नारायणपुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को ढेर कर दिया। घटनास्थल से दो नक्सलियों के शव और 12 बोर का बंदूक बरामद किया गया है। हालांकि, अभी तक मारे गये नक्सलियों की पहचान नहीं हुई है। यह जानकारी नारायणपुर एसपी ने दी है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को नारायणपुर दौरे पर थे। बस्तर आइजी सुंदरराज ने बताया कि यह मुठभेड़ शुक्रवार देर शाम हुई है।

## दो माओवादियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**पटना।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन सीपीआइ (माओवादी) द्वारा बिहार के मगध क्षेत्र में हिंसक नक्सलवाद को पुनर्जीवित करने से संबंधित मामले में दो आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। यह आरोप पत्र शुक्रवार को बिहार में पटना स्थित एनआइए की विशेष अदालत के समक्ष दायर किया गया। इस आरोप पत्र में बिहार के कैमूर जिले के रोहित राय उर्फ प्रकाश उर्फ मनोज उर्फ पत्रकार उर्फ नेताजी और राज्य के औरंगाबाद जिले के प्रमोद यादव उर्फ प्रमोद कुमार का नाम शामिल है।

# मोदी ने किया बोकारो-धामरा पाइपलाइन के 'धामरा-अंगुल खंड' का उद्घाटन

## प्रधानमंत्री ने ओडिशा को दी 70 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी

**संबलपुर/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के संबलपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान करीब 70,000 करोड़ रुपये की कई बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्यों का विकास जरूरी है और उनकी सरकार इस दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस अवसर पर राज्यपाल रघुवर दास और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर प्रधानमंत्री के साथ मंच पर उपस्थित थे।

उन्होंने इस अवसर पर लगभग 28,980 करोड़ रुपये लागत की कई विद्युत परियोजनाओं का लोकार्पण और आधारशिला रखीं। इनमें सुंदरगढ़ जिले में एनटीपीसी दरलीपाली सुपर थर्मल पावर स्टेशन की 800-800 मेगावाट क्षमता की दो यूनिट और



एनएसपीसीएल राउरकेला पीपी-दो विस्तार परियोजना की 250 मेगावाट की एक यूनिट शामिल हैं। वह अंगुल जिले में एनटीपीसी तालचेर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, स्टेज-तीन की 660-600 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों की आधारशिला भी रखी।

इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने 'जगदीशपुर-हल्दिया और बोकारो-धामरा पाइपलाइन परियोजना (जेएचबीडीपीएल)' के 'धामरा - अंगुल पाइपलाइन खंड' (412 किलोमीटर लंबी) का उद्घाटन किया। 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' के अंतर्गत 2450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित यह परियोजना ओडिशा को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ने वाली है। इसके अलावा, 27000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन (एनएलसी) तालाबीरा थर्मल पावर परियोजना की आधारशिला भी रखी।

प्रधानमंत्री ने मुंबई-नागपुर-झारसुगुड़ा पाइपलाइन के 'नागपुर झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन खंड' (692 किमी)' की आधारशिला भी रखी। यह परियोजना 2660 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित की जा रही है, जिससे ओडिशा, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में प्राकृतिक गैस की उपलब्धता में काफी सुधार होगा।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र हर क्षेत्र में ओडिशा का समर्थन कर रहा है। आज जिन विकास कार्यों का उद्घाटन और आधारशिला रखी गयी है, वे ओडिशा की प्रगति को महत्वपूर्ण बढ़ावा देंगे। ये परियोजनाएं ओडिशा में सुविधाओं के साथ-साथ यहां के नौजवानों के लिए हजारों नये रोजगार के अवसर लाने वाली हैं। श्री मोदी ने कहा, विकसित भारत के लक्ष्य को हम तभी हासिल कर सकते हैं, जब भारत का हर राज्य विकसित बने। उन्होंने कहा कि इसीलिए बीते वर्षों में उनकी सरकार ने ओडिशा की हर क्षेत्र में अधिक से अधिक मदद की है। हमने ओडिशा को शिक्षा का, कौशल विकास का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाने के लिए निरंतर प्रयास किये हैं।

### 21वीं सदी की चुनौतियों से 20वीं सदी के दृष्टिकोण से नहीं लड़ा जा सकता, पुनर्विचार की जरूरत : मोदी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया है कि 21वीं सदी की चुनौतियों से 20वीं सदी के दृष्टिकोण से नहीं लड़ा जा सकता। इस पर पुनर्विचार, पुनर्कल्पना और सुधार की जरूरत है। उन्होंने अपना नजरिया शनिवार को यहां राष्ट्रमंडल कानूनी शिक्षा संघ (सीएलइए) – राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस (सीएएसजीसी)– 2024 का उद्घाटन करते व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिशा में भारत के किये गये प्रयासों का उल्लेख भी किया। उन्होंने देशों के बीच न्यायिक विकास में सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि कभी–कभी एक देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के साथ काम करने की आवश्यकता होती है। जब हम सहयोग करते हैं, तो हम एक–दूसरे के सिस्टम को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। अधिक समझ अधिक तालमेल लाती है। उन्होंने अफ्रीकी संघ के साथ भारत के विशेष संबंध का भी जिक्र किया।

# पीयूष गोयल ने कहा, पीएलआइ योजना एक शुरुआती समर्थन



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि उद्योग को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रतिस्पर्धा का सामना करना होगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने नयी दिल्ली के भारत मंडपम में उत्पाद-लिंक्ड प्रोत्साहन लाभार्थियों के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही।

गोयल ने बातचीत के दौरान देश में बेहतर सुविधा और विनिर्माण विकास के लिए विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों की रचनात्मक आलोचना का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पीएलआइ लाभार्थी कंपनियों को प्रोत्साहन देने वाली कंपनियों से योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए रचनात्मक आलोचना और प्रतिक्रिया साझा करने को कहा।

वाणिज्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि पीएलआइ योजना लाभार्थियों को सरकारी सेवाओं पर निर्भर बनाने के लिए नहीं है, बल्कि इसका उपयोग विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने, आगे की लंबी यात्रा के लिए प्रारंभिक समर्थन के रूप में किया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आखिरकार प्रतिस्पर्धा कायम रहेगी। गोयल ने उनसे आग्रह किया कि वे अपने कारोबार को बढ़ाने के मामले में और अधिक बाहर की ओर देखें, न कि केवल घरेलू बाजार की जरूरतों को पूरा करें। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिए भारत में व्यवसायों को मान्यता मिलना महत्वपूर्ण है। इसके लिए उनके पास अपनी मात्रा का पैमाना है, जो उन्हें लागत प्रभावी बनाने में भी मदद करेगा। गोयल ने अपनी बातचीत के दौरान कहा कि उनका मानना है कि बैठक में उपस्थित प्रत्येक पीएलआई लाभार्थियों में सफलता की कहानी बनने की क्षमता है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा छलावा है मोदी की गारंटी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी छलावा है। उनके लिए गांव, गरीब, नौजवान और किसान प्राथमिकता नहीं हैं। खड़गे ने शनिवार को दिल्ली में 'न्याय संकल्प सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि 20 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा करके लोगों को बेरोजगार करना ही मोदी की गारंटी बन चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे न्याय के लिए लड़ाई में राहुल गांधी का साथ दें। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि जैसे कुत्ता खरीदते वक्त देखा जाता है कि सही से भौंकता है या नहीं, वैसे ही भौंकने



वाले कार्यकर्ताओं को बूथ का काम सौंपना चाहिए। वहीं, इस मामले में भाजपा आइटी सेल के प्रभारी अमित मालवीय ने मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान को शर्मनाक बताया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का वीडियो साझा करते हुए लिखा, जिस पार्टी का अध्यक्ष अपने संगठन की सबसे मजबूत और महत्वपूर्ण कड़ी बूथ एजेंट को 'कुत्ता' बनाकर उसका टेस्ट लेना चाहता है, तो उस पार्टी की दुर्गति होनी तय है।

## कराची में चुनाव प्रचार में हिंसा, किशोर की मौत

**कराची।** पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची के न्यू कराची सेक्टर 11-जे में शुक्रवार की रात चुनाव प्रचार के दौरान पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) कार्यकर्ताओ के बीच हुई झड़प में एक 12 वर्षीय लड़के की मौत हो गयी। इस झड़प में दो अन्य व्यक्ति घायल हो गये। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एक सप्ताह के भीतर कराची की दो प्रमुख पार्टियों के बीच यह दूसरी घातक झड़प है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान अब्दुल रहमान के रूप में हुई है। गोलियों और डंडों से घायल लोगों में 40 वर्षीय अशरफ और 16 वर्षीय शुमैल शामिल हैं।

# पहला सर्वेक्षण पोत 'संध्याक' नौसेना के बेड़े में शामिल

## बढ़ेगी भारत की समुद्री ताकत

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की मौजूदगी में शनिवार को सर्वेक्षण पोत 'संध्याक' औपचारिक तौर पर नौसेना के बेड़े में शामिल कर लिया गया। नौसेना के बेड़े में इसे शामिल किया जाना हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री ताकत बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसका उपयोग हाइड्रोग्राफी सर्वेक्षण में किया जायेगा, जैसे चीनी नौसेना भारत और अन्य के निकट महासागर में करती है।

रक्षा मंत्रालय ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसइ) के साथ 30 अक्टूबर, 2018 को 2435 करोड़ रुपये की कुल लागत से चार सर्वेक्षण पोतों (लार्ज) का निर्माण करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर



किये थे। इन पोतों को इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग क्लासिफिकेशन सोसायटी के नियमों के अनुसार डिजाइन और निर्मित किया गया है। इस पोत की प्राथमिक भूमिका बंदरगाह तक पहुंचने वाले मार्गों का सम्पूर्ण तटीय और डीप-वॉटर हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करना और नौवहन मार्गों का निर्धारण करना होगी। इसके परिचालन क्षेत्र में इइजेड, एक्सटेंडेड कॉन्टिनेंटल शेल्फ तक की समुद्री सीमाएं शामिल हैं। ये पोत रक्षा और नागरिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्र विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा भी एकत्र करेंगे।

इन पोतों की दूसरी भूमिका युद्ध या आपातकालीन स्थिति के दौरान अस्पताल के रूप में कार्य करने की होगी। लगभग 3400 टन के विस्थापन के साथ 110 मीटर लंबा और 16 मीटर चौड़ा 'संध्याक' अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरणों जैसे डेटा अधिग्रहण और प्रसंस्करण प्रणाली, स्वायत्त अंडरवाटर वाहन, रिमोट चालित वाहन, डीजीपीएस लॉन्ग रेंज पोजिशनिंग सिस्टम, डिजिटल साइड स्कैन सोनार से लैस है। दो डीजल इंजनों से संचालित यह पोत 18 समुद्री मील से अधिक की गति से चलने में सक्षम है। ये जहाज मौजूदा संध्याक श्रेणी के सर्वेक्षण जहाजों की जगह लेंगे, जो समुद्र विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा एकत्र करने के लिए नई पीढ़ी के हाइड्रोग्राफिक उपकरणों से लैस हैं।

## अमेजन के 50 मिलियन शेयर अगले साल बेचेंगे जेफ बेजोस

**नयी दिल्ली।** दुनिया की प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस अगले 12 महीनों में कंपनी के 50 मिलियन (5 करोड़) शेयरों को बेचने की योजना बना रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 171.8 डॉलर प्रति शेयर की मौजूदा कीमत पर अमेजन के इन शेयरों की कुल वैल्यू 8.6 अरब डॉलर है। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसइसी) के एक फाइलिंग में दी जानकारी के अनुसार अमेजन के अरबपति संस्थापक के पास अधिकतम 50 मिलियन शेयर बेचने की योजना थी। एसइसी फाइलिंग के मुताबिक जेफ बेजोस अमेजन स्टॉक के करीब एक अरब शेयरों के मालिक हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुवाहाटी आगमन का स्वागत और जश्न मनाते हुए हजारों लोग शनिवार की शाम खानापाड़ा के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के खेल मैदान में 1,00,000 दीये जलाने के लिए इकट्ठा हुए। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए गुवाहाटी आगमन पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। उन्होंने कहा है कि यह आनंदमय उत्सव शानदार दृश्यों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के असम आगामन की भावना को दर्शाता है।

## पूनम पांडे ने दुनिया को बताया, 'जिंदा हूं मैं'

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे का सर्वाइकल कैंसर के कारण निधन की जानकारी उनकी 2 फरवरी को उनकी टीम ने दी। उनके प्रबंधक ने इस संबंध में एक विस्तृत इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर किया। परिवार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी, तो पूनम की मौत का रहस्य बढ़ गया। 24 घंटे की नाटकीय परिस्थिति में यह बात सामने आयी है कि पूनम पांडे जीवित हैं। इस बात की जानकारी खुद पूनम पांडे ने इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करके दी है। उन्होंने वीडियो के जरिये बताया, 'मैं जिंदा हूं, मेरी मौत कैंसर से नहीं हुई है।' उन्होंने सभी से माफी भी मांगी है। 'मैं जीवित हूं... सौभाग्य से मैं सर्वाइकल कैंसर से नहीं मरी। लेकिन, आज देश में हजारों महिलाएं इस समस्या से जूझ रही हैं।'

# सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स फिर बढ़ाया, नयी दरें लागू

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को 1,700 रुपये प्रति टन से बढ़ा कर 3,200 रुपये प्रति टन कर दिया है। वहीं, डीजल, पेट्रोल और विमानन टरबाइन फ़्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएइडी) को शून्य पर रखा है। नयी दरें शनिवार (3 फरवरी) से लागू हो गयी हैं।

आधिकारिक अधिसूचना के मुताबिक देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को 1,700 रुपये प्रति टन से बढ़ा कर 3,200 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। इससे पहले 16 जनवरी को कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स की दर 2,300 रुपये टन से घटा कर 1,700 रुपये टन की गयी थी। वहीं, डीजल, पेट्रोल और एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा गया है।

### क्या है विंडफॉल टैक्स

**अंतरराष्ट्रीय** बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार–चढ़ाव के बीच घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल के निर्यात पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ कर को विंडफॉल टैक्स कहा जाता है। विंडफॉल टैक्स का पाक्षिक संशोधन होता है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। उल्लेखनीय है कि पहली बार जुलाई 2022 में उत्पादित घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स लगाया था।

# लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने पर अमित शाह ने जतायी खुशी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर खुशी जतायी है। शाह ने शनिवार को एक्स पर लिखा, 'हमारे वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से अत्यंत प्रसन्नता है। आडवाणी आजीवन निःस्वार्थ भाव से देश और देशवासियों की सेवा में समर्पित रहे हैं।' शाह ने कहा कि देश के उप-प्रधानमंत्री जैसे विभिन्न संवैधानिक दायित्वों पर रहते हुए उन्होंने अपने दृढ़ नेतृत्व से देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। आडवाणी को भारतीय राजनीति में प्रामाणिकता के मानक तय करने वाले राजनेता के रूप में जाना जाता है। अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने देश, संस्कृति और जनता से जुड़े मुद्दों के लिए अथक संघर्ष किया।



### भारत रत्न देने का निर्णय एक सुखद अनुभव : जेपी नड्डा

**नयी दिल्ली।** लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने के केंद्र सरकार के निर्णय पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने स्वागत करते हुए इसे सुखद अनुभव बताया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लालकृष्ण आडवाणी को बधाई देते हुए इस निर्णय को एक सुखद अनुभव और सुख की अनुभूति प्रदान करने वाला बताया।

### आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने के फैसले का खड़गे ने किया स्वागत

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने के फैसले का कांग्रेस ने स्वागत किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि वह सरकार के इस फैसले का वह स्वागत करते हैं, लेकिन उन्हें यह सम्मान बहुत देरी से दिया गया है। इसके पहले, कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने भी एक बयान में कहा कि भाजपा को लालकृष्ण आडवाणी की याद बहुत देर में आयी है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित करना स्वागत योग्य है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि आजकल भारत रत्न अपने वोट को बांधने के लिए दिये जाते हैं।

# बिहार में मंत्रियों के विभागों का हुआ बंटवारा सीएम के पास गृह और सामान्य प्रशासन

**पटना (हि.स.)।** बिहार में भाजपा-जदयू की सरकार बनने के छह दिन बाद शनिवार को मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर गृह और सामान्य प्रशासन जैसे महत्वपूर्ण विभाग अपने पास रखे हैं। दोनों उप मुख्यमंत्रियों को नौ-नौ विभागों का जिम्मा दिया गया है।

नीतीश कुमार के पास सामान्य प्रशासन, गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन तथा ऐसे सभी विभाग जो किसी को भी आवंटित नहीं किये गये हैं, वह उनके पास रहेंगे। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास कुल नौ विभागों का जिम्मा है। इसमें वित्त, वाणिज्य कर, नगर विकास एवं आवास, स्वास्थ्य, खेल, पंचायती राज, उद्योग, पशु एवं मत्स्य संसाधन तथा विधि विभाग हैं। दूसरे उप मुख्यमंत्री



विजय कुमार सिन्हा के पास भी नौ विभाग हैं। इनमें कृषि, पथ निर्माण, राजस्व एवं भूमि सुधार, गन्ना उद्योग, खान एवं भूतत्व, श्रम संसाधन, कला संस्कृति एवं युवा, लघु जल संसाधन मंत्रालय तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण हैं। जदयू के विजय कुमार चौधरी के पास कुल छह विभाग हैं। इनमें जल संसाधन, संसदीय कार्य, भवन निर्माण, परिवहन, शिक्षा, सूचना एवं जनसंपर्क हैं। विजेंद्र प्रसाद यादव के पास पांच विभाग हैं, जिसमें ऊर्जा योजना एवं विकास, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन तथा ग्रामीण कार्य और अल्पसंख्यक कल्याण शामिल हैं।

भाजपा के डॉ प्रेम कुमार के पास सहकारिता, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन तथा पर्यटन यानी कुल पांच विभाग हैं। जदयू के श्रवण कुमार के पास ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग हैं।

हम के संतोष कुमार सुमन को सूचना प्रावैधिकी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। निर्दलीय सुमित कुमार सिंह को एक बार फिर से विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का जिम्मा दिया गया है।


VERMA PRESS® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !